ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 19 जून 2024
वर्ष 2, अंक 299, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

हम तैयार, कुछ खास करने की उत्सुकता 15

जूनियर एनटीआर-जाह्नवी थाईलैंड में शूटिंग करेंगे 16

चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स निफ्टी का नया रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

- सेंसेक्स ने 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छुआ

वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच घरेलू स्तर पर बैंक और आईटी सेक्टर के शेयरों में लिवाली से मंगलवार को दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए।

कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेश प्रवाह बढ़ने से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला। यह बाजार में तेजी का लगातार चौथा सत्र रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 308.37 अंक यानी 0.40 प्रतिशत चढ़कर 77,301.14 अंक के नए शिखर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स ने 374 अंक उछलकर 77,366.77 अंक के नए उच्चतम स्तर को छू लिया था। निफ्टी भी 92.30 अंक यानी 0.39 प्रतिशत बढ़कर 23,557.90 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 23,579.05 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

मिल्क प्लांट में गैस रिसाव, दम घुटने से एक की मौत

आगरा। आगरा में मंगलवार को बड़ा हादसा हो गया। यहां दूध प्लांट में अमोनिया गैस का रिसाव हो जाने से इलाके में भगदड़ मच गई। हादसे में एक कर्मचारी की मौत हो गई। बताया गया कि घटना के समय प्लांट में पांच कर्मचारी अंदर मौजूद थे। वहां से चार कर्मचारी भागने में सफल रहे। वहीं, एक कर्मचारी बेहोश होकर जमीन पर गिर गया और उसकी मौत हो गई। अमोनिया गैस रिसाव की खबर फैलते ही आसपास के इलाके में भी भगदड़ मच गई। सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इलाके को खाली कराया गया।

एकेटीयू के बैंक खाते से उड़ाए 120 करोड़, सात गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : जालसाजों ने अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एकेटीयू) के बैंक खाते में सेंध लगाते हुए 120 करोड़ रुपये उड़ा लिए। साइबर क्राइम थाने की पुलिस ने इसका खुलासा करते हुए यूपी और गुजरात के सात जालसाजों को गिरफ्तार किया और विवि के खाते में 99 करोड़ रुपये वापस कराए। गिरोह के मास्टरमाइंड समेत पांच अन्य की तलाश की जा रही है। गिरोह का तार अहमदाबाद और सूरत से जुड़े हैं।

डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक, एक जालसाज फर्जी बैंक अधिकारी बनकर एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज दिलाने का झांसा दिया। फिर बैंक में एकेटीयू का अफसर बनकर पहुंचा और एक साथ 300 करोड़ रुपये की एफडी कराने की बात कही। दोनों तरफ से रजामंदी होने के बाद यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की बापू भवन शाखा में एकेटीयू का खाता खोलकर 120 करोड़ जमा करा दिए। रकम खाते में आने के बाद से 100 करोड़ रुपये गुजरात के अहमदाबाद के एक ट्रस्ट में ट्रांसफर कर दिए। इस रकम में 1.20 करोड़ जालसाजों ने निकाल भी लिये।

ये हुए गिरफ्तार : उन्नाव हसनगंज के पानापुर खुर्द मलकादीन का राजेश बाबू, मानसरोवर योजना कानपुर रोड निवासी गिरीश चंद्र, अमेठी के मुसाफिरखाना सहित अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

बैंक अधिकारी बन एकेटीयू के अधिकारियों को 7.72 प्रतिशत ब्याज का दिया ऑफर

- एकेटीयू के अकाउंट अफिसर बन बैंक को एफडी का दिया लालच
- फर्जी मेल आईडी बनाकर दोनों जगह भेजा ऑफर लेटर

असली कागज पर खेला फर्जीवाड़े का खेल

जालसाजों ने बैंक और एकेटीयू के असली कागजों का सहारा था। एकेटीयू से 120 करोड़ की एफडी कराने के लिए असली पत्र हासिल किया। वहीं, एकेटीयू में बैंक अधिकारी बनकर अधिक ब्याज देने का असली पत्र हासिल किया। इतना ही नहीं, खाते के संचालन के लिए एक व्यक्ति को नामित भी कराया।

बनाए दो फर्जी ई-मेल

फर्जीवाड़े के लिए जालसाजों ने दो ई-मेल बनाए। एकेटीयू को मेल करने के लिए बैंक का फर्जी मेल आईडी ubin0803448@unionbanks.co.in बनाया और एकेटीयू के मेल आईडी fo@aktu.ac.in पर ऑफर लेटर भेजा। वहीं, एकेटीयू की फर्जी मेल आईडी fo@aktufinance.in बनाकर बैंक की आईडी ubin0803448@unionbankofindia.bank पर मेल किया।

एक नजर

गुवाहाटी उच्च न्यायालय को दो और स्थायी न्यायाधीश मिले

गुवाहाटी। न्यायमूर्ति सुष्मिता फूकन खौंड और न्यायमूर्ति मिताली ठाकुरिया ने मंगलवार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय के स्थायी न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश विजय बिश्नोई ने दोनों न्यायाधीशों को शपथ दिलाई। ये दोनों पहले अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में कार्यरत थे, तथा पिछले सप्ताह ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया था। उच्च न्यायालय में अब 24 स्थायी न्यायाधीश हैं।

अयोध्या एयरपोर्ट को मिला साढ़े चार साल का लाइसेंस

अयोध्या। डीजीसीए ने अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को साढ़े चार साल का लाइसेंस दिया है। डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि अभी तक एयरपोर्ट के पास छह महीने का ही लाइसेंस था, जिसकी समयावधि 13 जून तक ही थी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 30 दिसंबर को एयरपोर्ट का लोकार्पण किया था। उन्होंने बताया कि स्पाइसजेट ने कई शहरों के लिए उड़ान बंद की थी, लेकिन उसकी जगह अकासा ने उड़ानें शुरू कर दी हैं। अयोध्या-हैदराबाद बंद हुई स्पाइस जेट फ्लाइट की जगह अब अकासा ने उड़ान शुरू कर दी है।

डोडा में आतंकी हमले के संबंध में तीन हिरासत में

जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में हुए हमलों में शामिल आतंकियों की गतिविधियों के सिलसिले में सुरक्षाबलों ने एक युगल समेत तीन लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। अधिकारियों का मानना है कि ऊंचाई वाले इलाकों में तीन से चार आतंकियों का समूह मौजूद है। भद्रवाह-पठानकोट मार्ग पर चत्तरगला के ऊपरी इलाकों में संयुक्त जांच चौकी पर 11 जून की रात को आतंकियों के हमले में राष्ट्रीय राइफल्स के पांच जवान और एक विशेष पुलिस अधिकारी घायल हो गए थे।

60 साल में पहली बार हैट्रिक

वाराणसी में किसान सम्मेलन में बोले मोदी- मां गंगा ने मुझे गोद लिया

किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त की जारी

- लोकसभा चुनाव जीतने के बाद पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र पहुंचे मोदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

बनारस में किसान सम्मान सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री।

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के बाद मंगलवार को पहली बार अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। इस दौरान आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में बटन दबाकर सम्मान निधि की 17वीं किस्त के रूप में 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में हस्तांतरित की। देश भर से आईं कृषि दीदियों को प्रमाणपत्र भी सौंपा। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए वाराणसी के लोगों का अभार जताते हुए कहा, अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं।

मोदी ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए भोजपुरी भाषा में अपने भाषण की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि, चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम। उन्होंने कहा कि इस चुनाव ने एक नया इतिहास रचा है। दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। ऐसा भारत में 60 साल पहले हुआ था और अब आपने ये सौभाग्य अपने सेवक मोदी को दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में देश के 64 करोड़ से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। पूरी दुनिया में इससे बड़ा चुनाव कहीं और नहीं होता है। इस चुनाव में 31 करोड़ से ज्यादा महिलाओं ने हिस्सा लिया है। ये संख्या अमेरिका की पूरी आबादी के आसपास है। उन्होंने बताया कि अभी तक देश के करोड़ों किसान परिवारों के बैंक खाते में सवा तीन लाख करोड़ रुपए जमा हो चुके हैं। यहां वाराणसी जिले के किसानों के खाते में 700 करोड़ रुपए जमा हुए हैं। वाराणसी के मेहंदीगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी, केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान व अन्य मंत्री और जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

दुनिया भर में स्वदेशी फूड प्रोडक्ट पहुंचाने का सपना

प्रधानमंत्री के मुताबिक, 21वीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। हमें ग्लोबल मार्केट को ध्यान में रखना होगा। दलहन और तिलहन में हमें आत्मनिर्भर बनना है और कृषि निर्यात में अग्रणी बनना है। मेरा तो सपना है कि दुनिया की हर डाइनिंग टेबल पर भारत का कोई न कोई खाद्यान्न या फूड प्रोडक्ट होना ही चाहिए।

मोदी ने भारत को दुनिया में दिलाई नई पहचानः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 62 वर्ष के बाद पहली बार यह अवसर आया है, जब देश के किसी राजनेता ने अपने कार्यों के बल पर प्रत्येक तबके के जीवन में व्यापक परिवर्तन किया और लोकप्रियता के आधार पर लगातार तीसरी बार विजय प्राप्त कर प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों से भारत को दुनिया के अंदर नई पहचान दिलाई है। उनके नेतृत्व में एक तरफ हम नए भारत का दर्शन कर रहे हैं तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ते हुए कार्य कर रहा है।

धोखाधड़ी करने वाला डॉक्टर बन जाए तो समाज के लिए अधिक हानिकारक

नई दिल्ली, एजेंसी

- नीट यूजी 2024 मामले में याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने की सुनवाई, कहा- 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो तो कार्रवाई करे सरकार

सुप्रीम कोर्ट ने नीट यूजी 2024 को रद्द कर इसे दोबारा कराने की मांग वाली याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों की तकलीफ समझती है। इसलिए केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से कहा कि भले ही किसी की ओर से 0.001 फीसदी भी लापरवाही हुई हो, उसे स्वीकार करें और विद्यार्थियों में आत्मविश्वास जगाने के लिए उचित समय पर उचित कार्रवाई कर इस मामले को पूरी तरह निपटाया जाए। कोर्ट ने मामले में केंद्र और एनटीए को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने को कहा।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने ये टिप्पणियां करते हुए केंद्र और एनटीए के अधिवक्ता से कहा ऐसी स्थिति की कल्पना करें, अगर धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति डॉक्टर बन जाए तो वह समाज के लिए और अधिक हानिकारक होगा। हम जानते हैं कि ऐसी परीक्षाओं की तैयारी में कितनी मेहनत लगती है। हम समय पर कार्रवाई चाहते हैं। शीर्ष अदालत ने 5 मई 2024 को परीक्षा आयोजित कर 4 जून 2024 को परिणाम घोषित करने वाली एनटीए को नसीहत देते हुए कहा एक एजेंसी के रूप में आपको निष्पक्षता से काम करना चाहिए। यदि कोई गलती हुई है तो हां कहें, यह एक गलती है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम यह आपके काम में विश्वास जगाता है।

24 लाख ने दी थी परीक्षा

नीट में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। सफल घोषित कई विद्यार्थियों के अंकों में बढ़ोतरी के आरोप लगाते हुए कई याचिकाओं में कहा गया था कि अनियमितता की वजह से रिकॉर्ड 67 उम्मीदवारों ने शीर्ष रैंक हासिल की है। इनमें एक ही परीक्षा केंद्र के छह उम्मीदवार शामिल हैं।

41 हवाई अड्डों में बम की सूचना से मचा हड़कंप

नई दिल्ली, एजेंसी

- ईमेल से मिली धमकी, चलाया गया सघन तलाशी अभियान

देश के 41 हवाई अड्डों पर बम होने धमकी भरा ईमेल मिला। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कई घंटों तक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। बाद में इसे अफवाह घोषित कर दिया गया। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ये ई-मेल अपराह्न करीब 12.40 बजे हवाई अड्डों पर एक्सहुम्डयू888 नामक ई-मेल आईडी से प्राप्त हुए। हवाई अड्डों ने बम की धमकी मिलने के बाद आकस्मिक उपाय कर जांच शुरू कर दी गई। संबंधित बम खतरा आकलन समिति की सिफारिशों के बाद टर्मिनलों की तलाशी ली गई। इन फर्जी धमकी भरे ई-मेल के पीछे केएनआर नामक एक ऑनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। समूह ने कथित तौर पर एक मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ई-मेल भेजे थे। हवाई अड्डों को प्राप्त ई-मेल में लगभग एक जैसा संदेश था, हैलो....हवाई अड्डे में विस्फोटक छिपाए गए हैं। बम जल्द ही फट जाएंगे। तुम सब मर जाओगे। सूत्रों ने बताया कि सभी हवाई अड्डों ने इस धमकी को फर्जी बताया और यात्रियों की आवाजाही को यथासंभव निर्बाध रखा गया।

राहुल गांधी ने वायनाड सीट से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने केरल की वायनाड लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट अपने पास रखी है। लोकसभा सचिवालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया गया है, जो 18 जून से प्रभावी माना जाएगा। राहुल द्वारा जीती गई दो सीटों में से एक से इस्तीफा देने के बाद, निचले सदन में कांग्रेस की सीट संख्या अब 98 हो गई है।

प्रदेश में लू का कहर, दरोगा समेत 62 की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर/अयोध्या

- कन्नौज और कानपुर में सैकड़ों चमगादड़ भी मरे
- अयोध्या में भीषण गर्मी से सिपाही समेत छह की मौत

अमृत विचार : लू की चपेट में आने से मंगलवार को प्रदेश में 62 और लोगों की मौत हो गई। इनमें बांदा के 12, महोबा के 6, कानपुर देहात के 4, हमीरपुर के 3, उरई, फतेहपुर, कन्नौज में 1-1 और कानपुर में 16, अयोध्या में 6, प्रयागराज में 8, नैनी में 2, प्रतापगढ़ और कौशाम्बी में 1-1 लोगों की मौत हो गई।

मरने वालों में एक दरोगा और एक हेड कांस्टेबल भी है। कानपुर में झांसी के समथर थाना निवासी और पुलिस लाइन में तैनात हेड कांस्टेबल बृज किशोर सिंह और झांसी के पुंछ थाने में तैनात कानपुर देहात के ग्राम सिंगरसीपुर निवासी दरोगा मानेंद्र सिंह की लू लगने से जान चली गई। कन्नौज के गुरसहायगंज और कानपुर के नानाराव पार्क में सैकड़ों चमगादड़ों की मौत हो गई। वहीं, अयोध्या में दो महिला समेत पांच लोगों का अलग-अलग स्थानों पर शव मिले हैं, जबकि पुलिस लाइन में तैनात सिपाही कुलदीप सिंह (40) की बैरक में मौत हो गई। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हार्टअटैक से मौत की बात कही जा रही है। इसके अलावा नयाघाट पुलिस चौकी सहित अलग-अलग जगहों पर दो महिला समेत पांच लोगों के शव मिले हैं।

इन शहरों में दिन का अधिक रहा तापमान

उरई	46.4	आगरा	45.2
कानपुर देहात	46.3	फतेहगढ़	45.1
अलीगढ़	45.4	बस्ती	44.5
लखनऊ	45.3	प्रयागराज	42.5

तीन दिन तक राहत के आसार नहीं

- 46.4 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे गर्म रहा उरई, कानपुर देहात दूसरे नंबर पर

लखनऊ। 30-35 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही लू की चपेट में पूरा प्रदेश मंगलवार को भी झुलसता रहा। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो अगले तीन दिन तक राहत के आसार नहीं हैं। मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक गर्म उरई रहा जहां अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं पिछले दो दिन से 47 डिग्री से अधिक तामपान से झुलस रहे प्रयागराज में बीते दिन के मुकाबले 5 डिग्री कम 42.5 डिग्री अधिकतम तापमान रिकार्ड किया गया। अलबत्ता प्रदेश में सबसे गर्म रात प्रयागराज की ही रही। दूसरा सबसे गर्म जनपद कानपुर देहात रहा, जहां तापमान 46.3 डिग्री सेल्सियस रहा। लखनऊ का अधिकतम तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के तीन दिन बाद तापमान में कमी आने के आसार हैं।

यूपी बोर्ड : बदलेगा 9वीं व 10वीं का परीक्षा प्रारूप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- प्रस्तावित नया प्रारूप तैयार, माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने मांगे ईमेल पर सुझाव
- वेबसाइट पर अपलोड की गई कॉपी, 29 जून तक सुझाव देने का मौका

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से 9वीं व 10वीं के परीक्षा प्रारूप में बदलाव किया जायेगा। ये बदलाव नई शिक्षा नीति 2020 के क्रम में होगा। मंगलवार को इसके लिए नया प्रारूप जारी कर दिया गया है। इसकी कॉपी भी माध्यमिक शिक्षा परिषद की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

नये प्रारूप को लेकर सचिव परिषद दिव्यकांत शुक्ला ने बताया कि 9वीं और 10वीं के परीक्षा में नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे बदलाव के लिए ईमेल पर सुझाव मांगे गये हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा का वर्तमान प्रारूप और बदले हुए प्रारूप का संभावित प्रारूप जारी किया गया है। इसकी एक कॉपी परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in पर अपलोड कर दी गई है। सचिव ने बताया कि परिषद की ईमेल upmspncf2023@gmail.com पर सभी लोग अपने-अपने सुझाव दे सकते हैं। इसके लिए 29 जून तक मौका दिया गया है।

56 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदेगा रक्षा मंत्रालय

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सरकारी एयरोस्पेस कंपनी एचएएल से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया निविदा जारी कर दी है। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि खरीद परियोजना के तहत मंत्रालय की ओर से रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) या प्रारंभिक निविदा जारी कर दी गई है। एचएएल ने बीएसई लिमिटेड को सूचित किया है कि मंत्रालय की ओर से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद के लिए आरएफपी जारी की गई है। पिछले साल नवंबर में रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने 156 प्रचंड नामक लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खरीद के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

योजना | विधायक डिजिटल करेंगे विकास कार्यों की अनुशंसा, लापरवाही पर देंगे जवाब

अब एमएलए पोर्टल से होंगे विधायक निधि के कार्य

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : जल्द विधायक अपनी निधि के कार्य पत्राचार की बजाय डिजिटल करेंगे। ग्राम्य विकास विभाग ने एमएलए एलएडीएस (मेंबर ऑफ लेजिस्लेटिव असेंबली लोकल एरिया डेवलपमेंट स्कीम) पोर्टल बनाया है।

इस पर विधायक विकास कार्यों के प्रस्ताव की अनुशंसा करेंगे, जो अब तक पत्राचार द्वारा किया जाता है। पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी। साथ ही विधायक, कार्यदायी संस्था व जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की जवाबदेही होगी। क्योंकि अनुंशसा से लेकर कार्य पूर्ण होने तक की पूरी प्रक्रिया पोर्टल से होगी।

इसमें अधिकारी, कार्यदायी संस्था के साथ माननीय अनदेखा या प्रक्रिया लंबित रखते हैं तो जवाब देना होगा। इस पोर्टल से जनता भी कार्यों की स्थिति जान सकेगी। इतना ही नहीं, यह भी पता नहीं चल पाता कि कौन-सी एजेंसी या ठेकेदार काम करवा रहा है, लेकिन नई वेबसाइट पर इसकी भी जानकारी होगी पोर्टल से समय की बचत के साथ पारदर्शिता आएगी। पोर्टल से प्रक्रिया होने पर एक-दूसरे विभाग से सूचना नहीं लेनी पड़ेगी। न ही विकास भवन के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

विशेष

- पोर्टल का प्रशिक्षण और परीक्षण शुरू, दो माह बाद होगा लागू

मिलेगी लॉगिन आईडी, पीडी करेंगे फारवर्ड

पोर्टल पर काम करने के लिए विधायक, परियोजना निदेशक (पीडी) जिला ग्राम्य विकास अभिकरण व कार्यदायी संस्था को एक-एक लॉगिन आईडी मिलेगी। इससे विधायक अनुशंसा कर प्रस्ताव पीडी की लॉगिन पर भेजेंगे जो मुख्य विकास अधिकारी को स्वीकृति के लिए फारवर्ड करेंगे और स्वीकृति मिलने पर पीडी कार्यदायी संस्था को भेजेंगे। स्वीकृति, इस्टीमेट, भुगतान संबंधित सभी काम इसी तरह होंगे।

> विधायक निधि के जो भी कार्य हैं वह पोर्टल से हेंगे। अनुशंसा, स्वीकृति, इस्टीमेट, खरीद, भुगतान संबंधित अन्य कार्यों की प्रगति पोर्टल पर दिखेगी। इससे समय बचेगा और पारदर्शिता आएगी। करीब दो माह में पोर्टल लागू हो जाएगा।
>
> – राजेश त्रिपाठी, उपायुक्त, ग्राम्य विकास मुख्यालय

पहला राज्य होगा यूपी

पत्राचार की बजाय ऑनलाइन विधायक निधि के कार्यों वाला उत्तर प्रदेश पहला राज्य होगा। दो माह में पोर्टल लांच कर कामकाज होने लगेंगे। मंगलवार को ग्राम्य विकास मुख्यालय में परियोजना निदेशक को पोर्टल का प्रशिक्षण दिया गया। जो कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। इसी तरह विधायकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

शव लावारिस में भेजने पर जाम लगाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

रायपुरवा में जाम लगाए लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

● परिजनों ने लापरवाही व हत्या का लगाया आरोप

अमृत विचार। रायपुरवा थानाक्षेत्र में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर शव को लावारिस में मार्चुरी में रखवाने का आरोप लगाया और शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि इलाके की महिला ने पुलिस को युवक के बारे में जानकारी दी थी, लेकिन पुलिस ने उसकी नहीं सुनी और लावारिस में दाखिला करा दिया।

रायपुरवा के डिप्टी पड़ाव निवासी महेंद्र सिंह के अनुसार उसका छोटा भाई 36 वर्षीय पंकज सिंह उनके साथ होजरी के काम में हाथ बंटाता था। रविवार रात पंकज घर के पास नहाने के लिए गया था। जहां नहाने के कुछ देर बाद कुछ दूर चलकर उसकी मौत हो गई। पुलिस शव को मार्चुरी भेजने के लिए तैयारी करने लगी।

परिजनों का आरोप है कि इस दौरान वहां पर मौजूद एक महिला ने युवक को कृष्णा मिल कंपाउंड का बताया। लेकिन पुलिस ने मौके पर जाकर पता करने की जहमत नहीं उठाई और शव को मार्चुरी भेज दिया। परिजनों को पता ही नहीं चला। पंकज के न मिलने पर सोमवार शाम परिजनों ने थाने में सूचना दी तो पुलिस ने मार्चुरी जाने की सलाह दे दी। इस पर वह लोग मार्चुरी पहुंचे और शिनाख्त की। परिजन का आरोप था कि पुलिस ने इस मामले में लापरवाही बरती। महिला के कहने के वाबजूद भी पुलिस ने शव का लावारिस में दाखिला करा दिया। तीसरे दिन पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव लेकर रायपुरवा लक्ष्मीपुरवा पहुंचे और सड़क पर जाम लगा दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि युवक की हत्या की गई। रायपुरवा थाना प्रभारी संतोष गौड़ ने बताया कि परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया गया।

अब एमआरआई से पता चलेगा दिल का हाल

तकनीक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। प्रदेश में पहली बार दिल की बीमारी का पता लगाने के लिए कार्डियक मैग्नेटिक रेजोनेंस इमेजिंग (एमआरआई) का इस्तेमाल किया जाएगा। यह सुविधा एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान में शुरू की जाएगी। एमआरआई से दिल की जटिल से जटिल बीमारी का आसानी से पता चल सकेगा, इसके बाद हृदय रोग विशेषज्ञ समस्या की गहराई समझकर तुरंत सटीक इलाज शुरू कर देंगे।

रावतपुर स्थित कार्डियोलॉजी संस्थान की ओपीडी में औसतन प्रतिदिन पांच से छह सौ मरीज इलाज कराने पहुंचते हैं। अक्सर यह संख्या अधिक हो जाती है। इसी तरह इमरजेंसी में औसतन रोज 35 मरीज पहुंचते हैं, जबकि 50 से अधिक मरीजों को प्रतिदिन भर्ती किया जाता है।

संस्थान में मरीजों की ब्लड जांच, ईको, ईसीजी, एक्सरे, एंजियोग्राफी व सीटी स्कैन जैसी जांचें कराई जाती हैं। लेकिन अभी यहां पर एमआरआई जांच की सुविधा नहीं है। प्रदेश में पहली बार कार्डियक एमआरआई की सुविधा जल्द ही कार्डियोलॉजी संस्थान में उपलब्ध होगी। संस्थान में कानपुर नगर के साथ ही कन्नौज, इटावा, औरैया, उन्नाव, फतेहपुर, झांसी, बांदा, हमीरपुर, झांसी के अलावा बिहार व मध्य प्रदेश तक से दिल के रोगी इलाज के लिए आते हैं।

इन बीमारियों की पहचान और इलाज होगा आसान

- हृदय वाल्व, प्रमुख वाहिकाओं के आकार और उनमें रक्त प्रवाह व आसपास की संरचना (हृदय को घेरने वाली थैली) की शारीरिक रचना और उनके कार्य का मूल्यांकन करना आसान होगा। विभिन्न प्रकार के हृदय संबंधी (हृदय या रक्त वाहिका) विकारों जैसे ट्यूमर, संक्रमण और सूजन संबंधी स्थितियों के निदान में मदद मिलेगी। इसमें कोरोनरी धमनी रोग के प्रभावों का मूल्यांकन भी होगा, जैसे कि हृदय की मांसपेशियों में सीमित रक्त प्रवाह और दिल के दौरे के बाद हृदय की मांसपेशियों के भीतर जख्म बनता है तो उसकी पहचान होगी। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित बच्चों व वयस्कों में हृदय और रक्त वाहिकाओं की शारीरिक रचना और कार्य का मूल्यांकन करना भी एमआरआई मशीन की मदद से काफी आसान हो जाएगा।

स्कैन व एंजियोग्राफी से आगे की तकनीक

- निदेशक प्रो. राकेश वर्मा ने बताया कि संस्थान में 3 टेस्ला कार्डियक एमआरआई स्कैनर लगाने की तैयारी की जा रही है। यह मशीन सीएसआर फंड से लगाई जानी है। इसकी कीमत करीब 35 करोड़ रुपये है। ऐसी मशीन अभी तक यूपी में किसी निजी या सरकारी अस्पताल में नहीं है। इसका लाभ यह होगा कि सिटी स्कैन व एंजियोग्राफी से भी जो बीमारी पकड़ में नहीं आती है, वह इससे आसानी से पकड़ में आ जाएगी। दिल से संबंधित सभी बीमारियों की पहचान करना बेहद आसान होगा।

○ रेलबाजार से मकसूदाबाद के लिए बुक की थी कार, दो गिरफ्तार ○ पनकी में फेंका था शव, शिवराजपुर में धोयी गाड़ी

कैब बुक कराने के बाद चालक का गला रेता, कार लूटी व शव फेंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● तीन आरोपियों ने कार लूट कर मुंबई जाकर बसने की बनाई थी योजना

पुष्पेंद्र सिंह।

अमृत विचार। जल्द अमीर बनने के लालच में किशोर और युवक ने रेलबाजार से मकसूदाबाद (शिवली रोड) के लिए कैब बुक कर बांदा निवासी कैब चालक की गला रेत कर हत्या कर दी। हत्यारोपी कपली अंडरपास पर शव फेंक कर कार लेकर फरार हो गए। मृतक के बहनोई ने हनुमंत विहार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस ने फोटो व कपड़ों के आधार पर शव की शिनाख्त करा जांच शुरू की, तो मृतक की कॉल डिटेल रिकार्ड से घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने बाल अपचारी और एक युवक को गिरफ्तार किया, वहीं एक आरोपी फरार हो गया। हत्यारोपियों ने बताया कि कार लूट कर उन्होंने मुंबई जाने की योजना तैयार की थी।

मूलरूप से बांदा, तिंदवारी थानाक्षेत्र के बैंदा गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह (35) हनुमंत विहार, अर्रा नई बस्ती निवासी बहनोई नारायण सिंह के घर पर रहकर ओला कैब चलाने का काम करते थे। परिवार में पत्नी श्रद्धा व चार साल का बेटा अंश है। नारायण के मुताबिक 12 जून को पुष्पेंद्र रोजाना की तरह घर से निकला था, देर रात वापस न लौटने पर फोन मिलाया, जो स्विच ऑफ बताता रहा। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर नारायण ने 13 जून को हनुमंत विहार थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। एडीसीपी साउथ अंकिता शर्मा के मुताबिक 13 जून को पनकी थानाक्षेत्र में स्थित कपली अंडरपास के पास एक अज्ञात शव मिला था। शिनाख्त न होने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया था। हनुमंत विहार पुलिस ने फोटो व कपड़ों के आधार पर 17 जून को शव की शिनाख्त कराई, जिस पर नारायण ने मृतक की पहचान पुष्पेंद्र के रूप में की। एडीसीपी ने बताया कि पुष्पेंद्र के मोबाइल की सीडीआर जांच के दौरान पता चला कि आखिरी कॉल कल्याणपुर निवासी विशाल पाल (20) ने की थी। पुलिस विशाल के घर पहुंची, लेकिन वह मौके पर नहीं मिला। पूछताछ के दौरान परिजनों ने उसके दोस्त निखिल (20) व एक 16 वर्षीय किशोर के बारे में जानकारी दी। पुलिस ने किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो बताया कि तीनों ने कैब चालक पुष्पेंद्र की गला रेत कर हत्या की और शव अंडरपास के पास फेंका था। पुलिस ने किशोर के घर से गाड़ी की नंबर प्लेट व कागजात बरामद कर शिवली रोड लवकुशपुरम निवासी हत्यारोपी साथी निखिल भदौरिया के घर दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया। निखिल की निशानदेही पर पुलिस ने जवाहरपुरम, पनकी के पास बने फ्लैटों से कार बरामद की। हत्यारोपियों ने बताया कि वह कार बेच कर मुंबई भागने की फिराक में थे। मुंबई जाकर पैसे कमाने के लालच में हत्यारोपियों ने घटना को अंजाम दिया था।

आरोपी निखिल भदौरिया।

खून धोने के बाद जवाहरपुर में छिपाई थी गाड़ी

एडीसीपी साउथ ने बताया कि मकसूदाबाद में पुष्पेंद्र की हत्या के बाद हत्यारों ने घटनास्थल से 1.5 किलोमीटर दूर शव फेंका। गाड़ी में जगह-जगह पर खून होने की वजह से तीनों शव फेंकने के बाद करीब 30 किलोमीटर दूर शिवराजपुर खेरेश्वर मंदिर गाड़ी ले गए, जहां तीनों ने कार धोकर उसे जवाहरपुर स्थित सुनसान इलाके में छिपा दिया और अपने-अपने घर चले गए। पुलिस के मुताबिक विशाल घुमंतु किस्म का युवक है, वह कई-कई दिनों तक घर नहीं जाता था। जबकि निखिल रसूलाबाद स्थित कॉलेज से बीकॉम की पढ़ाई कर रहा है।

नौकरी नहीं मिलने पर 6 माह पहले खरीदी थी कार

- नारायण ने बताया कि पुष्पेंद्र काफी समय से बेरोजगार था, जिसके बाद वह शहर नौकरी की तलाश में आया था। नौकरी न मिलने पर उसने 6 माह पहले कार खरीदी थी, जिसे ओला कंपनी में लगाया था। क्या पता था कि 6 माह पहले खरीदी गई कार ही उसकी मौत का कारण बनेगी।

चोरी के आरोप में निकाले गए थे आरोपी

- तीनों हत्यारोपी सूरत स्थित एक फैक्ट्री में काम करते थे, जहां उनकी मुलाकात हुई थी। फैक्ट्री में एक युवक का मोबाइल चोरी करने के आरोप में तीनों को वहां से निकाल दिया गया था। डेढ़ माह पूर्व वे लौट कर शहर आ गए थे, जिसके बाद से वह बेरोजगार थे।

पहले भी कर चुके थे प्रयास

एडीसीपी ने बताया कि विशाल व निखिल काफी समय से कार लूटने की योजना बना रहे थे। दोनों हत्यारोपी पहले भी दो बार कैब बुक कर घटना को अंजाम देने का प्रयास कर चुके थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद उन्होंने बाल अपचारी को योजना में शामिल किया। जिसके बाद 12 जून की रात विशाल ने रेलबाजार से मकसूदाबाद जाने के लिए कैब बुक की। कैब चालक पुष्पेंद्र के फोन करने पर विशाल ने राइड कैंसिल कराकर अधिक पैसे देने की बात कह कर ले गया। मकसूदाबाद पहुंचने पर कार में पीछे बैठे बाल अपचारी ने थर्माकोल कटर से पुष्पेंद्र का गला रेत दिया था। एडीसीपी के मुताबिक किशोर मकसूदाबाद का रहने वाला था, जिस कारण वहां की राइड बुक की गई थी।

सील तोड़कर निर्माण कराने में दो पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। केडीए अधिकारी व कर्मचारी अवैध निर्माण को सील करके आते हैं तो पीछे से विकासकर्ता चोरी-छिपे निर्माण फिर से शुरू कर दे रहे हैं। अब ऐसे लोगों पर केडीए ने एफआईआर दर्ज कराना शुरू कर दिया है। केडीए ने पीरोड और ग्वालटोली में दो जगह सील तोड़कर निर्माण करने के मामले में दो लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। केडीए वीसी ने सख्त चेतावनी जारी की है कि यदि सील तोड़ी गई तो गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

केडीए ने पीरोड पर परिसर संख्या 108/154 और 155 को 7 जून को सील किया था। क्षेत्रीय अभियंता के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि निर्माणकर्ता द्वारा सील तोड़कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जोन 1 के केडीए विशेष कार्याधिकारी के निर्देश पर अवैध विकासकर्ता शोभित कपूर पर बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। परिसर 11/185 ग्वालटोली में हो रहे अवैध निर्माण को केडीए ने पिछले वर्ष सील किया था। क्षेत्रीय अवर अभियंता नारायण दास ने निरीक्षण में देखा कि सील तोड़कर चोरी छिपे निर्माण कार्य किया जा रहा है तो मो. शफीक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

जांच के बाद ही होगी एफआईआर दर्ज

- गंगा कटरी क्षेत्र, हिंदूपुर, सिंहपुर कछार में 39 अवैध प्लाटिंग बसाने वाले 71 विकासकर्ताओं (बिल्डर) पर केडीए ने एफआईआर दर्ज कराने के लिये तहरीर दी थी। 5 दिन बीतने के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है क्योंकि इसमें कई बड़े नाम भी शामिल हैं। ऐसे में पुलिस फूंक-फूंककर कदम बढ़ा रही है। बिठूर पुलिस का कहना है कि वह जांच के बाद ही एफआईआर दर्ज करेंगे। वहीं, इस मामले में केडीए का कहना है कि उसने जांच करके ही कार्रवाई की है। एफआईआर क्यों दर्ज नहीं हुई, इसपर पुलिस के बड़े अधिकारियों से बात होगी।

अवैध निर्माणों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की जा रही है। जो लोग नियम के विरुद्ध सील तोड़कर कार्य करा रहे हैं उनपर हमारी नजर है। सीधे एफआईआर दर्ज कराकर कार्रवाई होगी।

-मदन सिंह गर्ब्याल, उपाध्यक्ष, केडीए

छेड़खानी के विरोध पर दंपति पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● बेटी से छेड़छाड़ का विरोध किया था माता-पिता ने, चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार। चकेरी थानाक्षेत्र में बेटी से छेड़खानी का विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दंपति की पिटाई कर दी। आरोप है कि कुल्हाड़ी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित महिला ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

कृष्णापुरम में जीटी रोड किनारे झुग्गी झोपड़ी में रहने वाली महिला के अनुसार उनकी 19 वर्षीय बेटी से नेताजी नगर निवासी कैप्टन नाम का युवक छेड़खानी करता है। उन्होंने आरोपी के घर जाकर शिकायत की। इसी को लेकर आरोपी सोमवार को अपने भाई दीपक समेत दो अन्य साथियों के साथ उनकी झोपड़ी में आया और पूरे परिवार को मारापीटा। इसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर पीड़िता समेत उनके पति को लहूलुहान कर दिया। उन्होंने चकेरी थाने में शिकायत की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

छेड़खानी का विरोध करने पर मारपीट, पथराव

कानपुर। रेलबाजार थानाक्षेत्र में छेड़खानी करने का विरोध करने पर आरोपियों ने चचेरे भाइयों को मारापीटा, साथ ही ईंट पत्थर चला दिए। घायल के पिता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेलबाजार के मीरपुर निवासी अतुल कुमार के अनुसार मीनाकारी मस्जिद चिड़ीमार गली के विवेक, तनिष्क, छोटू, पंकज और सुमित अक्सर उनके मोहल्ले में आकर महिलाओं से छेड़खानी करते हैं। उनके बेटे आदर्श कुमार और उनके भतीजे साहिल कुमार ने विरोध किया तो सोमवार को आरोपी अपने साथियों के साथ आये और साहिल और आदर्श से मारपीट की।

पुलिस पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास

दुस्साहस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● कोयलानगर में वांछित को पकड़ने गई थी पुलिस

● पुलिस वालों को रौंदने के लिए दो बार दौड़ाई स्कार्पियो

अमृत विचार। गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित आरोपी को पकड़ने के लिए कोयलानगर स्थित पेट्रोल पंप पर पहुंची महाराजपुर पुलिस पर आरोपी ने गाड़ी चढ़ाकर हत्या करने का प्रयास किया। पुलिस कर्मियों ने इधर-उधर कूदकर अपनी जान बचाई।

इस दौरान आरोपी अपने साथियों के साथ भागने में सफल रहा। सरसौल चौकी प्रभारी ने चकेरी थाने में आरोपी और उसके साथियों के खिलाफ हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज कराई है।

कोयला नगर चकेरी निवासी अमर सिंह यादव उर्फ कमल के खिलाफ महाराजपुर थाने में गैर इरादतन हत्या, तोड़फोड़ व अन्य धाराओं में मामले दर्ज हैं। अमर सिंह फरार चल रहा था। सोमवार को महाराजपुर थाना प्रभारी को आरोपी की लोकेशन उसके घर के पास मिली। इस पर उन्होंने सरसौल पुलिस चौकी प्रभारी पवन कुमार मिश्रा को फोर्स के साथ भेजा। पुलिस बल आरोपी कमल की लोकेशन ट्रेस करते हुए पेट्रोल पंप पर पहुंचा। वहां आरोपी कमल अपने भांजे गौरव व साथी के साथ एक स्कार्पियों में बैठा था। गाड़ी के शीशे पर काली फिल्म चढ़ी हुई थी।

पुलिस कर्मियों को देखकर ड्राइविंग सीट पर बैठे गौरव ने पुलिस वालों की तरफ गाड़ी दौड़ा दी। पुलिस कर्मियों ने इधर-उधर कूदकर अपनी जान बचाई। गौरव ने गाड़ी मोड़कर दोबारा रौंदने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मी सुरक्षित जगह खड़े हो गए थे, इसके बाद आरोपी अपने भांजे और साथी के साथ मौके से भाग निकला। सरसौल चौकी प्रभारी पवन कुमार मिश्रा ने चकेरी थाने में अमर सिंह उर्फ कमल, गौरव और कमल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पेट्रोल पंप में लगे सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हुई है।

चोरी के माल के साथ आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। जाजमऊ पुलिस ने एक वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक व माल बरामद किया है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि सोमवार देर रात को आरोपी को चुंगी चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम नवाबगंज के कटरी जयौरा निवासी मोहम्मद नदीम बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की बाइक के दो रिम और टायर ट्यूब बरामद किया है। आरोपी ने बताया कि वह अपने साथी गंगागंज उन्नाव निवासी सुल्तान दागी के साथ मिलकर बाइक चुराता है। फिर उनके पार्ट्स खोलकर उन्हें बेचता है।

बदलेगी हालत | नगर निगम के साथ कमेटी का गठन, टूटी सड़कें, सीवर समस्या और कूड़े से बजबजती गलियां बनीं पहचान

काशीराम कॉलोनियों को सुधारेगी पांच सदस्यीय कमेटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

खंडहर नजर आती है सजारी की काशीराम कालोनी अमृत विचार

अमृत विचार। शहर में काशीराम शहरी आवासीय योजनाओं में बने आवासों की हालत बदतर है। टूटी सड़कें, सीवर समस्या, टूटे भवन और कूड़े से बजबजाते मोहल्ले पहचान बन गये हैं। स्थानीय लोग और क्षेत्रीय पार्षदों की शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पाता है। जिससे यहां रहने वाले हजारों लोगों की जिंदगी नारकीय है। जिला प्रशासन ने नगर निगम के साथ मिलकर पांच सदस्सीय कमेटी का गठन कर दिया है।

यह कमेटी काशीराम कॉलोनियों को संजीवनी देने का काम करेगी। डीएम की अध्यक्षता में नगर निगम, जलकल और केस्को को भी कमेटी में शामिल किया गया है जो मूलभूत सुविधाओं को लेकर कार्य करेंगे।

कानपुर में सजारी एवं पनकी क्षेत्र में काशीराम शहरी गरीब आवास योजना के आवास निर्मित हैं। जहां रहने वाले नागरिक सुविधाओं के अभाव को लेकर निरंतर शिकायतें कर रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या जर्जर भवनों की है। इन समस्याओं को लेकर डीएम राकेश कुमार सिंह ने अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इसमें अपर नगर आयुक्त, संबंधित अधिशाषी अभियंता नगर निगम, अधिशाषी अभियंता जलकल, और अधिशाषी अभियंता केस्को को सदस्य बनाया गया है।

यह समिति आवासीय योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करते हुये अपनी रिपोर्ट देंगी। वर्तमान में उपलब्ध नागरिक सुविधाएं, कमियां, निराकरण करने को लेकर की जाने वाली कार्यवाही और आवश्यकताओं के आधार पर रिपोर्ट तैयार की जानी है।

नगर निगम ने 4.8 करोड़ का इस्टीमेट किया तैयार

सजारी में बनी शहरी गरीब आवास योजना (द्वितीय) के तहत काशीराम कालोनियों की खस्ताहाल सूरत को बदलने के लिये केडीए ने यहां की सुविधाओं को नगर निगम को हस्तांतरण के लिये कहा था। जिसके बाद नगर निगम ने सड़क, नाली, फुटपाथ को दुरुस्त करने के लिए 4.8 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार किया है। इसके साथ ही विभाग ने केडीए से कहा है कि यदि हस्तांतरण करना चाहते हैं तो पहले नगर निगम को बजट उपलब्ध करा दें। इस बीच अब प्रशासन ने समिति बनाई है।

हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

पनकी और सजारी में हजारों की संख्या में लोग रह रहे हैं। अगर समिति की रिपोर्ट के बाद काम शुरू किया तो काफी संख्या में लोगों की हालत सुधरेगी। नगर निगम जोन – 2 के अधिशाषी अभियंता आरके तिवारी ने बताया कि सजारी में बनी कॉलोनी परिसर में इंटरलाकिंग और सीसी सड़क 50 फीसदी क्षतिग्रस्त हो गई है। इसके साथ ही साइड पटरी कच्ची है और नालियां भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। जिससे जगह-जगह जलभराव हो रहा है। सड़क भी जगह-जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

जाजमऊ में मिला युवक का शव

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र के जेके कॉलोनी चौराहे के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने मृतक की पहचान ओमपुरवा निवासी दयाल के बेटे 37 वर्षीय जोसफ दयाल के रूप में की। परिजनों ने बताया कि जोसफ नशे का लती था और नशे में घर में मारपीट करता था। जिस कारण से करीब एक वर्ष पहले उसे घर से निकाल दिया गया था। वह फ्लाईओवर के नीचे रहकर भीख मांगता था। जोसफ का भाई डेनियल उसे रोज खाना देने आता था। मंगलवार दोपहर को खाना देने के बाद डेनियल चला गया था। देर शाम उसका शव वहां पड़ा मिला। उसके मुंह से खून निकल रहा था। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

मैने अपना नाम PASI AJAY KUMAR SARJU PRASAD से बदल कर AJAY KUMAR PASI रख लिया है। अब से मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O - SARJU PRASAD PASI ADD&PADRI KHURD UNNAO (U.P.)

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **सै0 नसीम अख्तर काज़मी पुत्र स्व0 सै0 सादिक हुसैन काज़मी, निवासी– 328/13, सी ब्लाक राजाजीपुरम् लखनऊ** का हूँ तथा मेरा एक किता प्लाट नं0 21 मोहल्ला सरफराज हरदोई रोड परगना तहसील व जिला लखनऊ में स्थित है जिसका रकबा 30x35=1050 वर्ग फिट है का मै तनहा मालिक हूँ अगर इस विषय में कोई कय विकय किसी अन्य के द्वारा किया जाता है तो वह पूर्णतः अवैध होगा जिसका जिम्मेदार सम्बन्धित पक्षकार स्वयं होगा।

सूचना

सूचित हो कि **मैं राम प्रताप पुत्र सुन्दर, निवासी– ग्राम पूरे मजरे सरॉय दिलबर, परगना व तहसील थाना कोतवाली डलमऊ, जिला रायबरेली,** मेरा पुत्र अर्पित कुमार मेरे परिवार के व्यक्तियों को व मुझे हमेशा मारता पीटता रहता है और शराब के नशे का आदी है मेरा कुछ भी कहना नहीं मानता हैं उसका चाल चलन सही ना होने के कारण उसके कृत्यों से दुखी होकर उसे अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके कृत्यों से मेरा कोई सरोकार नहीं होगा।

सूचना

मैने अपने पुत्र अवनेंद्र मिश्रा को उसके गलत आचरणों के चलते संबंध विच्छेद कर अपनी समस्त चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा सरोकार नहीं होगा। अंजनी मिश्रा पुत्र स्व.बृज बिहारी मिश्रा, निवासी मं. नं.538 क/970 त्रिवेणीनगर–3, लखनऊ।

सूचना

सूचित हो कि मैं राजकिशोर पुत्र स्व. दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम दुर्गागंज थाना व पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ का हूं। जोकि मेरी सगी बड़ी पुत्री अनीता ने अपना विवाह अपनी मर्जी से जसवंत पुत्र दयाशंकर निवासी ग्राम अमेठिया सलेमपुर थाना व पोस्ट काकोरी जनपद लखनऊ से कर लिया है और उसके साथ रह रही है। इसके गलत आचरण के चलते मैं बहुत ही परेशान हूं। आज से मैने अपनी बड़ी पुत्री अनीता को अपनी सारी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। इनके द्वारा किए गए कृत्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

हीट स्ट्रोक से हेड कांस्टेबल समेत 16 ने दम तोड़ा

कानपुर कमिश्नरेट के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में मिले ज्ञात और अज्ञात शव

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सोमवार को जहां शहर के अलग-अलग थानाक्षेत्रों में लू और हीट स्ट्रोक से 20 लोगों की मौत हुई वहीं मंगलवार को 16 लोगों ने लू और हीट स्ट्रोक से दम तोड़ दिया। मरने वालों में एक दरोगा और एक हेड कांस्टेबल भी शामिल हैं।

जिला झांसी के समथर के रहने वाले हेड कांस्टेबल बृज किशोर सिंह कानपुर पुलिस लाइन मे तैनात थे। कलक्टरगंज सहायक पुलिस आयुक्त मो. मोहसिन ने बताया कि वह 18 जून से तीन दिन के लिए अवकाश पर रवाना होकर झांसी जा रहे थे। वह दोपहर में सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचे थे कि अचानक चक्कर खाकर गिर पड़े। आसपास के लोगों ने मुंह पर छीटें मारीं। इसके बाद उन्हें केपीएम अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बीमार हेड कांस्टेबल का वीडियो बनाता दरोगा।

दरोगा बनाता रहा वीडियो, समय से नहीं पहुंचाया अस्पताल

- गर्मी के कारण हेड कांस्टेबल की हालत बिगड़ने के तुरंत बाद समय से अस्पताल पहुंचाए जाने पर उन्हें बचाया सकता था। लेकिन हद तो तब हो गई जब स्टेशन के बाहर गेट के पास उनकी हालत बिगड़ने पर जीआरपी का एक दरोगा बाहर निकला और उन्हें अस्पताल ले जाने के बजाये जेब से मोबाइल फोन निकालकर वीडियो बनाने में लग गया। वायरल वीडियो में साफ दिख रहा है कि हेड कांस्टेबल की हालत बिगड़ती जा रही है और वह वीडियो बनाने में मस्त है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने एतराज जताते हुए पहले अस्पताल पहुंचाने की बात कही। जिसके बाद दरोगा ने फोन जेब में रखा और उन्हें अस्पताल पहुंचाने में लगा। तब तक हेड कांस्टेबल की सांसें थम चुकी थीं।

कार्ड बांटकर लौटे और दम तोड़ दिया

- रेउना थानाक्षेत्र में बिधनू के रौतारा रमईपुर निवासी 40 वर्षीय दिनकर सिंह अपनी मौसी निवासी किरगांव के यहां शादी का कार्ड बांटकर लौट रहे थे। तभी लू लगने के कारण उसकी हालत बिगड़ने लगी। भाई पप्पू ने बताया कि उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

कमरे में मिला शव, गर्मी से मौत की आशंका

- सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के स्वर्ण जयंती विहार में 40 वर्षीय पंकज शुक्ला का दो दिन पुराना शव कमरे में पड़ा मिला। कमरे से उठी बदबू के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को जानकारी दी। भाई महेश ने बताया कि वह शादी पीने का आदी था। उसने भाई की गर्मी से मौत होने की आशंका जताई है।

प्रशिक्षण में बिगड़ी हालत दरोगा की मौत

कानपुर देहात के थाना मूसानगर के सिंगरसीपुर के रहने वाले 49 वर्षीय दरोगा मानेंद्र सिंह जिला झांसी के पुंछ थाने में तैनात थे। उनके भाई भारत सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के लिए उनकी ड्यूटी उन्नाव कालीमिट्टी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में तीन दिन के लिए लगी थी। वह 10 जून को ट्रेनिंग पर गए थे। 10 जून को ही लू लगने से स्वास्थ्य खराब हो गया। उन्हें पीटीसी से सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने दवा देकर वापस पीटीसी भेज दिया। 11 जून को दोबारा स्वास्थ्य खराब हुआ तो सफीपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसके बाद परिजन उन्हें कानपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज किया गया। 12 जून को दोबारा वह पीटीसी पहुंचे। जहां फिर अधिक स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनों ने उनको काकादेव कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार भोरपहर उनका इलाज के दौरान निधन हो गया।

सचेंडी में सतना के युवक का शव मिला

- सचेंडी थानाक्षेत्र में चकरपुर बंबा के पास मंगलवार सुबह एक 36 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। युवक के पास से मिले मोबाइल के आधार पर पुलिस ने युवक की पहचान सोनेलाल गौड़ निवासी नई बस्ती डिकराहट थाना रामपुर जिला सतना मध्य प्रदेश के रूप में की। उसके भाई सोनू सिंह ने बताया वह चार भाइयों में सबसे बड़ा था। बताया कि वह बांदा में राजमिस्त्री का कार्य करता था। बहन बहनोई राजेश चकरपुर में रहते हैं। वह बहन की सास की मौत हो जाने पर 16 जून को कानपुर आया था तभी से लापता थे। परिजनों ने गर्मी से मौत की आशंका जाहिर की है।

सेंट्रल पर गर्मी से तीन लोगों की जान गई

- कानपुर सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर दो पर एक 45 और 50 वर्षीय अज्ञात शव पड़े मिले। वहीं सीमांचल एक्सप्रेस से समस्तीपुर बिहार जा रहे बेगुसराय के 62 वर्षीय मोहन पंडित की ट्रेन में हालत बिगड़ गई और मौत हो गई।

सात अज्ञात शव मिले

- फीलखाना, कलक्टरगंज, रायपुरवा, बाबूपुरवा, नवाबगंज, रेलबाजार, कोतवाली थानाक्षेत्रों में पुरुषों के अज्ञात शव सड़क व चौराहे के पास पड़े मिले। पुलिस ने शिनाख्त करने की कोशिश की लेकिन पहचान न हो पाने के कारण शवों को मार्चुरी में रखवा दिया गया।

बंद कमरे में युवक का मिला शव

- बर्रा थानाक्षेत्र के गुंजन विहार एल ब्लॉक निवासी निवासी उमेश ने मंगलवार को बर्रा पुलिस को पड़ोसी किराएदार के कमरे से दुर्गंध आने की सूचना दी। थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया कि पुलिस दरवाजा तोड़ कर कमरे में पहुंची तो देखा कि एक युवक का शव बिस्तर पर पड़ा था। मौके पर पहुंचे बर्रा छह निवासी रामचरण कुशवाहा ने अपने बेटे गणेश प्रसाद (29) के रूप में शव की शिनाख्त की। वह पिछले कई महीनों से गुंजन विहार स्थित किराये के मकान में रहता था। गर्मी से उसकी मौत की आशंका है।

आज का मौसम

अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के आसार हैं। वर्षा की संभावना अभी नहीं हैं

45.2°	31.0°
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:16	सूर्यास्त 07:04

भैरव घाट पर जलकल ने रखवाए पानी के मटके

कानपुर। जलकल ने पानी के चार मटके भैरव घाट पर रखवाए हैं। जिसमें पानी की व्यवस्था 24 घंटे रहेगी। विष्णु पुरी आजाद नगर के पार्षद महेंद्र पांडेय पप्पू के कहने के बाद जलकल महाप्रबंधक एके त्रिपाठी ने घड़े भैरव घाट पर भिजवाकर जनता को राहत दी। पार्षद ने कहा कि भीषण गर्मी में भैरवघाट पर आने वाले लोग पीने के पानी के लिये परेशान होते थे। उनकी समस्या देखकर जलकल से मांग की थी जिसे तुरंत सुना गया।

स्टेशन पर पानी के लिए परेशान यात्रियों की बोतलें पाइप से भरी गईं।

राजधानी का इंजन फेल होने से एसी कोच भभके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल स्टेशन पर बदला गया इंजन, पौन घंटे खड़ी रही ट्रेन
- यात्रियों ने किया हंगामा, रेलवे अफसरों ने शांत किया

अमृत विचार। नई दिल्ली से रांची जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस का इंजन फेल होने से सभी एसी कोच की कूलिंग ठप हो गई। यात्रियों के हो-हल्ला करने पर सेंट्रल स्टेशन पर इंजन को ठीक करने का प्रयास हुआ, लेकिन सफलता नहीं मिली। इस पर दूसरा इंजन लगाकर ट्रेन को रवाना किया गया।

नई दिल्ली से रांची जा रही राजधानी एक्सप्रेस सोमवार रात 9:45 बजे सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म पांच पर पहुंची। 20840 राजधानी एक्सप्रेस का इंजन पावर लोड न ले पाने के कारण सभी कोचों के एसी ठप थे या धीरे-धीरे काम करना बंद कर रहे थे। गर्मी से बेहाल यात्रियों ने हो-हल्ला मचाना शुरू किया तो कोच अटेंडेंट ने इसकी सूचना सेंट्रल को दी। ट्रेन जब प्लेटफार्म पर आई तो मौजूद तकनीकी स्टॉफ ने चेक किया। काफी प्रयास के बाद जब इंजन ठीक नहीं हो सकता तो उसे बदला गया।

9.27 बजे इंजन बदलकर ट्रेन रवाना की गई। टीआई अवधेश द्विवेदी ने बताया कि ट्रेन ट्रैक पर थी, इसलिए पहले इंजन बदलवाया। इसके बाद प्लेटफार्म चार व छह से पीछे से आ रही 12314 व 12424 राजधानी को बिना लेट हुए निकाला गया।

नानाराव पार्क में सैकड़ों चमगादड़ मरे, होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। भीषण गर्मी से नानाराव पार्क में मंगलवार सुबह सैकड़ों चमगादड़ जमीन पर मरे पड़े मिले। पेड़ों पर लटके चमगादड़ जमीन पर गिरकर तड़प-तड़प कर मर रहे थे। पार्क की हालत ऐसी है कि चारों तरफ दुर्गंध ही दुर्गंध है।

पार्क में पेड़ों के नीचे जगह-जगह लाइन से मृत चमगादड़ पड़े हैं। कई जगह पेड़ों पर चमगादड़ चिपके दिख रहे हैं। उनके शरीर की ऊपरी त्वचा गायब नजर आ रही है। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार राजपूत ने बताया कि मौत का कारण गर्मी भी हो सकती है, क्योंकि चमगादड़ ठंड में रहने वाला पक्षी है। इसलिए उसके लिए शहर का मौजूद तापमान किसी धधकते अंगारे से कम नहीं है। इस समय चमगादड़ों को पर्याप्त पानी भी नहीं मिल पा रहा है। चूंकि चमगादड़ से फैलने वाला संक्रमण खतरनाक होता है। इसलिए तीन चिकित्सकों का पैनल जांच के लिए लगाया है। बुधवार सुबह चिकित्सक नानाराव पार्क पहुंचकर चमगादड़ों के नमूने लेंगे। पोस्टमार्टम कराया जाएगा। नगरनिगम के सहयोग से मृत चमगादड़ों को किसी स्थान पर गड्ढे में दफन कराया जाएगा।

नानाराव पार्क में इधर-उधर मरे पड़े हैं चमगादड़।

> चमगादड़ तापमान को वास्तविक से दो डिग्री सेल्सियस अधिक फील होता है। यानी शहर का तापमान 44 से 45 डिग्री है तो चमगादड़ उसे 47 से 48 डिग्री सेल्सियस तक महसूस करेगा। वहीं गर्मी में पानी की भी उपलब्धता कम होती है। जिस कारण जीव-जंतु हों या पशु-पक्षी गर्मी के कारण मर सकते हैं।
>
> -डॉ. अनुराग सिंह, पशु चिकित्सा अधिकारी, प्राणि उद्यान

भीषण ताप में चमगादड़ क्यों मरते हैं?

विशेषज्ञ बताते हैं कि चमगादड़ के अन्य पक्षियों की तरह पंख नहीं होते हैं। पंख की जगह झिल्ली रहती है, जो ज्यादा ताप सहन नहीं कर सकती। भीषण गर्मी में झिल्ली झुलसने लगती है, नतीजतन वह नीचे गिर जाते हैं। जिसके कारण उनकी मौत हो जाती है।

हीट वेव से खत्म हो जाती गर्मी सहने की क्षमता

उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि पशु-पक्षियों को गर्मी में पानी बड़ी मुश्किल से मिलता है। इसके साथ ही हीट वेव और लू लगने के कारण गर्मी सहन करने की क्षमता नहीं रहती है। ब्रेन में मौजूद हाइपोथैलेमस की क्षमता खत्म हो जाती है। ऐसे में ब्रेन काम करना बंद कर देता है। इसी कारण चमगादड़ मर जाते हैं। गर्मी के कारण चमगादड़ों की स्किन भी गलने लगती है।

भीषण गर्मी से जू में मरीं चिड़ियां भी

- **कानपुर।** प्राणि उद्यान में घूमने आए राहुल और रमेश आदि ने बताया कि लू के प्रचंड थपेड़ों एवं हीटवेक से कुछ चिड़ियां मर गईं। प्राणि उद्यान के सूचना अधिकारी विश्वजीत सिंहने बताया कि चिड़ियों की मौत की जानकारी उनके संज्ञान में नहीं है। गर्मी से निपटने के लिए जानवरों के लिए कूलर-पंखों आदि की व्यवस्था की गई है।

बदन ढककर चलने की मजबूरी।

ट्रेन के डाग बाक्स में गर्मी से मरा कुत्ता, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मंगलवार को सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस के डाग बाक्स में कुत्ते की गर्मी से मौत हो गई। पालतू कुत्ते की मौत से छात्रा बिलख पड़ी। बाद में एसी कार बुक कराकर उसे बेगूसराय ले गई।

बेगूसराय बिहार निवासी दुर्गा झा दिल्ली में रहकर बीए की पढ़ाई करती है। दुर्गा ने बताया कि वह सिक्किम महानंदा एक्सप्रेस 15485 से घर जा रही थी। अपने पालतू कुत्ते का टिकट भी महानंदा के डाग बाक्स में कराया था। डाग बाक्स में भी एसी है, लेकिन उसकी कुलिंग बहुत कम थी। बाक्स में होने के कारण कुत्ते की गर्मी से हालत बिगड़ गई। उसने हालत खराब देखी तो रेलवे प्रशासन को सूचना दी। सेंट्रल स्टेशन पर ट्रेन के पहुंचने पर उसकी मौत हो गई। छात्रा चीख-चीखकर रोने लगी और आरोप लगाए। रेलवे अधिकारी चुपचाप दुर्गा झा की खरीखोटी सुनते रहे। दुर्गा का आरोप है कि डाग बाक्स पर सामान भी गिर गया था। जिसके नीचे कुत्ता दब गया था। उसने गार्ड से डाक्टर बुलाने को कहा, लेकिन आरपीएफ व जीआरपी ही मौके पर पहुंची। रेलवे के पास पशु चिकित्सक न होने से ट्रेन खड़ी रही। इस दौरान करीब आधा घंटा ट्रेन प्लेटफार्म पर खड़ी रही। रेलवे अधिकारियों ने कुत्ते और छात्रा को उतारकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया।

22 को प्री-मानसून, अगले हफ्ते बारिश के आसार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बदलने वाला है प्रदेश का मौसम, भीषण गर्मी से मिल सकती राहत

अमृत विचार। भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों के लिए राहत भरी खबर है। गुरुवार से मौसम का मिजाज बदल सकता है। मंगलवार को बांदा में बारिश और महोबा-जालौन में आंधी से बुंदेलखंड क्षेत्र में तपती-चुभती गर्मी से लोगों को कुछ चैन मिला। मौसम विभाग का अनुमान है कि गुरुवार से पूर्वी हवाएं प्रदेश में दस्तक दे देंगी। इसके चलते कई जिलों में बूंदाबांदी होगी। प्री मॉनसून की बारिश 22 जून को होने के बाद 23 से 25 जून के बीच मानसून के बादल पूरे प्रदेश में दस्तक दे देंगे।

सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डा. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि पूर्वी हवाएं चलने से मानसून सक्रिय होने की स्थिति बनेगी, ऐसा अनुमान है। इसी के बाद लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। कानपुर का तापमान बीते एक सप्ताह से 45 डिग्री के आसपास चल रहा है। दो दिन बाद तापमान में कुछ गिरावट होगी लेकिन उमस परेशान करेगी। गुरुवार को प्रदेश में रेड अलर्ट के साथ वॉर्म नाइट का अलर्ट जारी है। अभी दो दिन गर्मी परेशान करेगी। तापमान में भी बढ़ोतरी होने का पूर्वानुमान है। अधिकतम तापमान 40 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच जबकि न्यूनतम तापमान 30 से 32 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है।

कार ने चमड़ा व्यापारी को उड़ाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीसीसीवी में कैद हादसा, 10 से 12 फुट तक उछला, मौके पर हो गई मौत

अमृत विचार। जाजमऊ थानाक्षेत्र में हाईवे चेकपोस्ट के पास सोमवार देर रात दोस्तों के साथ चाय की दुकान के बाहर खड़े लेदर व्यापारी को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह तकरीबन 10-12 फुट उछलकर सिर के बल सड़क पर गिरे और मौत हो गई। टक्कर लगने से बगल में खड़ा दोस्त भी घायल हो गया। ये हादसा वहां लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। परिजनों ने कार चालक पर साजिशन टक्कर मारने का आरोप लगाया है।

मोहम्मद आरिफ।

अनवरगंज फूलवाली गली निवासी मोहम्मद कासिम का बेटा मोहम्मद आरिफ उर्फ शेरू चमड़े का व्यापार करता था। सोमवार रात आरिफ दोस्त सत्यम, शानू व एक अन्य के साथ व्यापार के सिलसिले में जाजमऊ गया था। देर रात 12 बजे करीब चेक पोस्ट के पास हाईवे पर किनारे खड़े होकर चारों साथी बात कर रहे थे। इसी दौरान चकेरी की तरफ से आई तेज रफ्तार कार आरिफ को टक्कर मारती हुई भाग गई। मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं उसके पास खड़ा शानू भी गंभीर रूप से घायल हो गया। साथियों ने जाजमऊ पुलिस को सूचना दी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हेड इंजरी से मौत की पुष्टि हुई। इस संबंध में जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

नाला सफाई के लिए की बैठक

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय ने मंगलवार को प्रमिला सभागार में नाला सफाई के कार्यों को लेकर सभी पार्षदों के साथ बैठक बुलाई। बैठक में उनके क्षेत्र में खुले मैनहोल, सीवर ढक्कन, नाला-नाली सफाई के सम्बन्ध में जानकारी ली। इस दौरान पार्षदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं से महापौर को अवगत कराया। जिसके बाद महापौर ने उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द निस्तारित करने का आदेश नगर निगम अधिकारियों को दिया।

दो बैंकों में मिले दो हजार के कई जाली नोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाली नोट मिलने से रिजर्व बैंक में हड़कंप
- शाखा प्रबंधकों पर रिपोर्ट दर्ज की गई

अमृत विचार। दो बैंकों में दो हजार के जाली नोट मिलने पर हड़कंप मच गया। पुलिस ने दो शाखा प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

भारतीय रिजर्व बैंक के प्रबंधक आईपीएस गहलोत ने बताया कि शहर के बैंकों में जमा होने वाली राशि को रिजर्व बैंक की कानपुर शाखा में रखा जाता है। फरवरी माह में जब नोटों की गिनती हुई तो दो हजार के 15 नोट नकली मिले। ये जाली नोट पंजाब नेशनल बैंक की आजादनगर शाखा और बैंक ऑफ बड़ौदा की गुमटी नंबर पांच की शाखा से जमा हुए थे। बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में दो हजार के सात जाली नोट और पंजाब नेशनल बैंक की आजाद नगर की शाखा से दो हजार के आठ जाली नोट थे। उन्होंने नवाबगंज और नजीराबाद थाने में शाखा प्रबंधकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। गहलोत ने बताया कि एक विशेष टीम इस बात की जानकारी कर रही है कि बैंकों में नकली नोट कैसे जमा हो गए। इसमें कौन-कौन शामिल है। कहीं बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत तो नहीं है। गहलोत ने शिकायती पत्र में जाली नोटों की जांच की मांग की है। उन्होंने जाली नोटों का डाटा एनसीआरबी की साइट पर अपडेट करने के साथ ही यूनिक आईडी नंबर भी पुलिस को दिया है।

ठंडे बस्ते में ये मामला

कोतवाली पुलिस ने पूर्व में दो हजार की करेंसी बदलने के गैंग का भंडाफोड़ किया था। इसके बाद समय के साथ मामला ठंडे बस्ते में चला गया। कानपुर, लखनऊ और दूसरे प्रदेशों का नेटवर्क इन नोट बदलने वालों के साथ जुड़ा होने के न सिर्फ संकेत मिले थे बल्कि उसके मजबूत साक्ष्य भी मिले थे। इसके बाद भी मामले में पुलिस शांत बैठी है। इस संबंध में श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि मामले में कोतवाली पुलिस अभी भी जांच कर रही है, कुछ लोगों के बयान तो कुछ को नोटिस दी गई है।

हेल्थ अलर्ट | शरीर में प्रवेश कर रही गर्म हवा नमी खत्म कर रही, हैलट, उर्सला व कांशीराम अस्पताल में मरीजों की भीड़

गर्मी से लोगों की फूल रही सांस, हो रही घुटन की समस्या

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। प्रचंड गर्मी की वजह से लोगों को सांस लेने में तकलीफ होने के साथ ही घुटन हो रही है। नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर रही गर्म हवा नमी खत्म कर रही है और नाक के अंदर जख्म जैसी समस्या महसूस हो रही है। इसके साथ ही सिर दर्द भी हो रहा है। कुछ लोगों को चक्कर आने और कमजोरी की समस्या है।

शहर में मंगलवार को तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस रहा। मुंह व नाक के माध्यम से शरीर में प्रवेश कर रही गर्म हवा नमी सुखाने के साथ ही नसों में दबाव बनाने का काम कर रही है। इस कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत, अधिक पसीना आना , कमजोरी व बेहोशी जैसी समस्या हो रही है। हैलट, उर्सला, केपीएम व कांशीराम संयुक्त अस्पताल में करीब 150 मरीज इलाज कराने पहुंचे। उल्टी, दस्त, पेट में दर्द, सिर में दर्द आदि लक्षण युक्त करीब 130 मरीज पहुंचे, जिनमौ पुरुषों की संख्या अधिक है। बीमार लोगों में वह लोग अधिक हैं जो बाहर काम पर निकलते हैं। इसके साथ ही मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल की ओपीडी में प्रतिदिन 10 से 12 नए सांस रोगी इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष प्रो.संजय वर्मा ने बताया कि तापमान बढ़ने से हवा रुक जाती है, जिसके चलते प्रदूषक तत्व हवा में फंसे रहते हैं जो अस्थमा को ट्रिगर कर सकते हैं।

हैलट अस्पताल में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

सांस नलियों में हो रही सूजन भी

प्रो.संजय वर्मा ने बताया कि गर्मी और ह्यूमिडिटी होने पर सबसे ज्यादा परेशानी अस्थमा के मरीजों को उठानी पड़ सकती है। इस मौसम में रेस्पिरेटरी इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है। शरीर का मेटाबॉलिक रेट बढ़ने लगता है, ऐसे में फेफड़ों पर लोड अधिक पड़ता है। यह समस्या बहुत ठंडी या गर्मी में होती है, जिस कारण सांस की नलियों में सूजन पैदा हो जाती है। अत्यधिक तापमान में यह नलियां ड्राई होकर सूज जाती हैं, जिससे यह बहुत सेंसिटिव हो जाती हैं। ऐसे में अगर मरीज को साथ में हीट स्ट्रोक हो जाए तो समस्या बढ़ भी सकती है। कुछ मरीजों के सांस की नलियों में सूजन जैसी समस्या देखी गई है।

ऐसे करें गर्मी से बचाव

- पर्याप्त पानी पिएं और प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहें।
- हल्के रंग के ढीले और हवादार सूती कपड़े पहनें।
- धूप में बाहर निकलते समय चश्मा, टोपी व छाता लगाएं।
- बाहर निकलते समय मुंह को रूमाल या किसी कपड़े से ढकें।
- यात्रा करते समय पर्याप्त मात्रा में पानी जरूर रखें।
- सिर, गर्दन, चेहरे और अन्य हिस्सों पर नम कपड़े का उपयोग करें।
- ओआरएस, लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि तरल पदार्थ जरूर पिएं।
- घर को ठंडा रखें। पर्दे, शटर या सनशेड का इस्तेमाल करें।
- अगर बेहोशी या बीमारी महसूस हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

हैलट में सबस्टेशन का लेंटर ढहा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। हैलट अस्पताल परिसर में मंगलवार को निर्माणाधीन सबस्टेशन का लेंटर ढहने से दो मजदूर घायल हो गए। आसपास मौजूद लोग बाल-बाल बच गए। आनन-फानन मलबे में दबे घायल मजदूरों को बाहर निकालकर इमरजेंसी में उपचार के लिए ले जाया गया। प्रमुख अधीक्षक व पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया।

हैलट अस्पताल में अनेक अत्याधुनिक मशीनों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा इमारतों की संख्या भी बढ़ गई। ऐसे में परिसर में सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 33 केवी क्षमता के सब स्टेशन का निर्माण किया जा रहा है। मंगलवार को सबस्टेशन के निर्माणाधीन एक कमरे में सूरज और सनी नामक मजदूर काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके ऊपर लेंटर भरभराकर गिर गया। दोनों मजदूर मलबे में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने मलबे से मजदूरों को बाहर निकाला और इमरजेंसी में भर्ती कराया। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह, ईएमओ डॉ.अनुराग राजौरिया व हैलट चौकी प्रभारी पंकज कुमार ने निरीक्षण करके जेई मनोज सिंह से घटना की जानकारी ली। प्रमुख अधीक्षक ने बताया कि इमरजेंसी में घायलों का इलाज किया जा रहा है। जेई मनोज सिंह का कहना है कि सबस्टेशन के निर्माणाधीन कमरे में कुछ दिनों पहले लेंटर डाला गया था, जिसे जल्दबाजी में खोलने से मजदूर घायल हो गए।

हैलट में घटनास्थल का निरीक्षण करते अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.आरके सिंह साथ में ईएमओ डॉ.अनुराग। अमृत विचार

- परिसर में बनाया जा रहा है 33केवी क्षमता का सबस्टेशन दो मजदूर हुए घायल

नालों के कब्जों पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

जूही में अवैध कब्जे हटवाते महापौर प्रमिला पांडेय व नगर आयुक्त शिवशरणप्पा।

अमृत विचार। नाले के ऊपर अतिक्रमण की वजह से सफाई कार्य प्रभावित हो रहा है। मंगलवार को महापौर और नगर आयुक्त ने बारादेवी मंदिर के पीछे ऐसे ही सात जगहों पर हुये अतिक्रमण को अपने सामने गिरवा दिया। इसके साथ ही नाले और नालियों के ऊपर कब्जा किये लोगों को चेतावनी दी। इसी तरह पनकी कल्याणपुर रोड, नई सब्जी मंडी रूमा में भी अवैध निर्माण और कब्जेदारों पर कार्रवाई की गई।

महापौर प्रमिला पाण्डेय एवं नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलवार को जोन-3 के अन्तर्गत बारादेवी मन्दिर के पीछे उत्तरी गेट के पास नाला सफाई और अतिक्रमण का निरीक्षण किया। यहां बड़े नाले के ऊपर अतिक्रमण देख महापौर गुस्सा गईं और मौके पर ही अतिक्रमण को ध्वस्त कराया। बारादेवी मन्दिर के पीछे से उत्तरी गेट तक 7 स्थानों पर नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को जेसीबी से तुड़वाया गया। जोन-2 के अन्तर्गत जोनल अधिकारी अनिरूद्ध सिंह व जोनल अभियन्ता दिवाकर भाष्कर के नेतृत्व में नई सब्जी मण्डी रूमा में जेएम पैलेस के सामने सभी अस्थायी अतिक्रमण और झोपड़ी, टिन शेड व ढाबा इत्यादि को ध्वस्त किया गया। जोन-6 के अन्तर्गत पनकी कल्याणपुर रोड पर वैदही वैंकेट हाल के नाले पर किए गए कब्जे को तोड़ा गया। महापौर ने अपील की कि नाला-नाली के ऊपर किये गये अतिक्रमण स्वयं हटा लें अन्यथा हर्जा-खर्चा भवन स्वामी से वसूल किया जायेगा। अभियान में मुख्य अभियन्ता मनीष अवस्थी, जोनल अभियन्ता नानक चंद्र, आशीष बाजपेई आदि रहे।

मुकदमा वापस न लेने पर धमकी

कल्याणपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में रहने वाली पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मुकदमा वापस न लेने पर जेल से छूटकर आए आरोपी ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दे दिया है।

पीड़िता ने बताया कि वह बैरी कल्याणपुर की रहने वाली है। उसका विवाद एक युवक से चल रहा है। आरोपी युवक 5 महीने बाद जेल से बाहर आया है। मंगलवार को आरोपी ने तीन साथियों के साथ रास्ते में रोक लिया। गाली गलौज करते हुए चाकू से मारने की कोशिश की। जान से मारने की धमकी दी। कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

गंगा में टनल बनाने टीम आई, किया सर्वे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

05 सदस्यीय कंसल्टेंट टीम आई है शहर

2.5 से 3 किलोमीटर टनल की लंबाई

15 मीटर गहरी होगी गंगा नदी में टनल

02 किलोमीटर का हिस्सा गंगा में रहेगा

- गंगा के किनारे पांच स्थानों का लिया जायजा
- गहराई व मिट्टी की जांच शुरू कर सौंपेगी रिपोर्ट

अमृत विचार। ट्रांसगंगा सिटी से वीआईपी रोड तक गंगा नदी में टनल बनाने के लिए गुड़गांव की 5 सदस्यीय कंसल्टेंट टीम मंगलवार को शहर आई। टीम ने गंगा किनारे पांच स्थानों का जायजा लिया और मिट्टी की जांच व गहराई जानने के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया है। सर्वे पूरा होते ही सेतु निगम मंडलायुक्त व डीएम को रिपोर्ट सौंपेगा।

कानपुर से शुक्लांगज को जोड़ने के लिए सरसैया घाट से ट्रांसगंगा सिटी तक पुल निर्माण में बाधा आने के बाद गंगा नदी में टनल बनाने की योजना तैयार की गई थी, जिसे वीआईपी रोड के समानांतर निकाले जाने की योजना है। टनल की कुल लंबाई 2.5 से 3 किलोमीटर होगी। गंगा नदी में टनल 15 मीटर गहरी होगी और टनल का 2 किलोमीटर का हिस्सा गंगा में रहेगा। शहर में टनल का हिस्सा वीआईपी रोड व टेफ्को के पास निकालने की योजना है। टनल की फिजीबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए सेतु निगम ने गुड़गांव की कंसल्टेंट कंपनी को चयनित किया है। मंगलवार को कंसल्टेंट कंपनी की 5 सदस्यीय टीम शहर आई। सेतु निगम के एई अरविंद कुमार सागर ने बताया कि टीम ने परमट मंदिर घाट, सरसैया घाट व आसपास के तीन अन्य उन स्थानों का जायजा लिया, जहां गंगा की चौड़ाई सबसे कम थी। उन्होंने बताया कि टीम ने मिट्टी परीक्षण के लिए प्रमुख स्थानों से नमूने एकत्र किए। साथ ही चिन्हित स्थानों पर गंगा की गहराई का आंकलन किया है। कंसल्टेंट टीम सर्वे पूरा कर रिपोर्ट सौपेंगी, जिसके बाद रिपोर्ट मंडलायुक्त व डीएम को सौंपी जाएगी।

इसलिए जरूरी है टनल

दरअसल कानपुर-लखनऊ हाईवे पर भीड़ बहुत बढ़ गई है। इसलिए शुक्लागंज को सीधे शहर से जोड़ने के लिए सरसैया घाट से ट्रांसगंगा सिटी तक 275 करोड़ की लागत से पुल निर्माण की योजना बनी थी। उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने इससे हाथ खींच लिए थे, जिस कारण योजना अधर में लटक गई थी। तत्कालीन डीएम विशाख जी अय्यर ने सीडीओ की अध्यक्षता में समिति का गठन कर पुल निर्माण में तेजी लाने का कार्य किया, लेकिन बाबा घाट के पास संकरी जगह होने के कारण पुल के घुमाव संभव नहीं हो पा रहा था। साथ ही पुल निर्माण के बाद सरसैया घाट में भारी ट्रैफिक लोड की संभावना को देख विकल्प तलाशे जा रहे थे।

एक नजर

नहर में नहाने गया युवक डूबा, मौत

कानपुर। मंगलवार को बिधनू थानाक्षेत्र में साथी के साथ रामगंगा नहर में नहाने गए हरबसपुर गांव के 22 वर्षीय मोहित की डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस युवक के साथ नहाने आए साथी से पूछताछ कर रही है। घर में उसकी पत्नी शीलू व एक वर्षीय बेटी आरध्या है।

युवक के खाते से पार किए 1.20 लाख

कानपुर। कल्याणपुर थानाक्षेत्र में सीयूजीएल के बिल अपडेट करने के नाम पर अरविंद कुमार रेड्डी नामक व्यक्ति ने आवास विकास निवासी सुरेंद्रनाथ के खाते से 120000 रुपये पार कर लिए। पीड़ित की शिकायत पर कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

हूटर-प्रेशर हॉर्न और काली फिल्म उतरवाई

कल्याणपुर। कल्याणपुर थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने चार पहिया व 18 चक्का वाहनों से 9 हूटर 12 प्रेशर हॉर्न और काली फिल्म हटवाई। सघन चेकिंग अभियान में डेढ़ सौ चालान भी किये।

कागजों में मिल रही भरपूर बिजली और धरातल पर उबल रही है जनता

ऊर्जा मंत्री का दावा 24 घंटे तो केस्को के मुताबिक शहर में 23.47 घंटे की जा रही आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- 20 मोहल्लों में 4 से 5 घंटे तो एक चौथाई शहर में फाल्ट व केबिल डालने से रहा संकट

अमृत विचार। यूपीपीसीएल के अकाउंट से मंगलवार को सोशल मीडिया पर जारी गई पोस्ट में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने 24 घंटे बिजली आपूर्ति होने का दावा किया। शहर में केस्को भी 23 घंटे से अधिक बिजली देने का दावा कर रहा है। केस्को मीडिया प्रभारी के मुताबिक 17 जून को औसत विद्युत आपूर्ति 23 घंटे 47 मिनट रही। लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। शहर के अधिकांश क्षेत्रों में दिन के साथ ही रात में भी लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ रहा है। कर्मचारियों की हीला-हवाली से फाल्ट भी जल्दी नहीं बन पा रहे हैं।

शहर में मंगलवार सुबह से शाम तक हैरिसगंज, फेथफुलगंज, शिवाजी नगर, रंजीत नगर, सेंट्रल एक्साइज कॉलोनी, लाजपत नगर, नौबस्ता मछारिया, सरोजनी नगर, गीता नगर, काकादेव, यशोदा नगर नई बस्ती, विजय नगर, बेनाझाबर समेत 20 मोहल्लों में 4 से 5 घंटे तक बिजली गुल रही। पेड़ गिरने के कारण पोल व लाइन क्षतिग्रस्त होने की वजह से स्वरूप नगर क्षेत्र में दोपहर बाद आपूर्ति बाधित रही। इससे नगर निगम व केडीए समेत आसपास के सरकारी कार्यालयों में कार्य प्रभावित रहा। सर्वोदय नगर में दोपहर तीन बजे से रात 10 बजे तक बिजली संकट रहा। छोटा लखनपुर, बीएस पार्क सबस्टेशन के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में भी लोग बिजली के लिए परेशान रहे। पनकी गंगागंज में सोमवार रात तीन बजे से मंगलवार दोपहर तीन बजे तक बिजली 20 से 25 बार आई और गई। दयानंद विहार में रात भर बिजली गुल रही। जरौली, संजय नगर समेत कई क्षेत्रों में लो वोल्टेज की समस्या से उपकरण फुंकने का डर लोगों को सताता रहा।

आधा दर्जन फीडरों से आपूर्ति रही बाधित

केस्को मीडिया प्रभारी श्रीकांत के मुताबिक 18 जून को भूमिगत केबिल में फाल्ट से बस पार्क फीडर की आपूर्ति 9:25 बजे से 11:25 बजे तक, एचटी केबल डालने के कारण पीरोड फीडर की आपूर्ति 10 बजे से 12 बजे तक, भूमिगत केबल चार्ज करने के लिए सीसामऊ फीडर की आपूर्ति 11:30 बजे से दो बजे तक, एचटी लाइन क्षतिग्रस्त होने से गंगागंज फीडर की आपूर्ति सुबह 4:30 बजे से 7:25 बजे तक, बैलेंसिंग कार्य के लिए यूनाइटेड फीडर की आपूर्ति 12:40 बजे से 2:25 बजे तक और फाल्ट के कारण सर्वोदय नगर-2 फीडर की आपूर्ति शाम 4:13 बजे से 6:05 बजे तक बंद रही।

बिजली कटौती से केडीए-नगर निगम में कार्य प्रभावित

कानपुर। बिजली कटौती से मंगलवार दोपहर नगर निगम में जनता से जुड़े कार्य प्रभावित हुये। नागरिक सुविधा केंद्र में तो आधे समय कम्प्यूटर बंद ही रहे इससे समस्याएं दर्ज नहीं हो सकीं। जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, लेखा विभाग, आईजीआरएस विभाग समेत कई विभागों में कार्य प्रभावित रहा। ट्रिपिंग की वजह से महापौर कार्यालय, नगर आयुक्त कार्यालय के एसी भी काम नहीं किये। वहीं, पुरुष पार्षद कक्ष में भी लोग गर्मी से बेहाल रहे। यही हाल केडीए में भी रहा। यहां अलग-अलग विभागों में कम्प्यूटर चालू नहीं होने की वजह से दैनिक कार्य में समस्या हुई।

टर्र मेले में बच्चों ने झूलों का लुत्फ लिया

कानपुर। बकरीद के दूसरे चमनगंज में टर्र का मेला लगा। जिसमें बच्चों ने जमकर मस्ती की। खानपान के साथ बच्चों ने झूले का आनंद लिया। वहीं दूसरे दिन भी कुर्बानी का सिलसिला जारी रहा।

बकरीद की खुशी में चमनगंज में लगने वाले मेले में मंगलवार को भारी भीड़ रही। मेला अजमेरी चौराहा, नाला रोड, मोहम्मद अली पार्क, हलीम कॉलेज, रूपम चौराहा के पास लगा। सड़क के दोनों तरफ सैकड़ों दुकानें लगी रहीं। दुकानों पर खिलौने, घरेलू सामान, झूले, बिरयानी, खाने पीने की सामग्री की दुकानें सजी रहीं। सबसे ज्यादा दुकानें बच्चों के मनोरंजन की थीं। मेला मंगलवार सुबह से ही लग गया था, लेकिन गर्मी की वजह से ज्यादा लोग नहीं आए।

शाम होते ही मेले में भीड़ बढ़ने लगी। महिलाओं ने घरेलू सामान खरीदे। इस दौरान भीड़ में कई बच्चे परिजनों से बिछड़ गए। जिन्हें पुलिस ने तलाश कर उनके परिजनों के हवाले किया। रात आठ बजे पुलिस ने मेला समाप्त कराया। वहीं दूसरी ओर बकरीद के दूसरे दिन मंगलवार को करीब डेढ़ लाख जानवर कुर्बान किए गए।

सार-संक्षेप

रीजेंसी अस्पताल की कार्यशाला का उद्घाटन करते डॉ. अभिमन्यु कपूर।

रोबोटिक सर्जरी से हार्निया का इलाज होगा आसान

कानपुर। रीजेंसी हेल्थ केयर ने मंगलवार को होटल रिजेंटा में हार्निया के उपचार को नयी दिशा देने के संबंध में सेमिनार का आयोजन किया, जिसमे प्रदेश के डॉक्टर शामिल हुए। रीजेंसी हॉस्पिटल के हेड सर्जिकल गैस्ट्रोलॉजी के डॉ. अभिमन्यु कपूर ने बताया कि मानव की दिनचर्या को देखते हुए हार्निया की समस्या बढ़ रही है। रीजेंसी अस्पताल ने इसकी सर्जरी में रोबोटिक टेक्नोलॉजी के महत्व को समझा। बताया गया कि रोबोटिक सर्जरी से कैसे डॉक्टर ऐसी सर्जरी को बहुत आसान बना सकते हैं। प्रोग्राम में पैनल डिस्कशन भी किया गया और एक क्विज प्रोग्राम भी हुआ।

योगाभ्यास के लिए स्थान चयन को दें प्राथमिकता

कानपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगाभ्यास के लिए नगर के प्राचीन पर्यटन स्थल, झीलों, तालाबों, अमृत सरोवर के किनारे स्थान का चयन किया जाए। संस्थानों, कालेज, विभाग, ग्राम पंचायत के लोगों को सर्वाधिक प्रतिभाग कराया जाए और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र भी दिए जाए। यह बात मंगलवार को योग दिवस के आयोजन संबंधी बैठक में डीएम राकेश कुमार सिंह ने कही। डीएम ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को ग्रीनपार्क स्टेडियम में सुबह 6-7 बजे तक योगाभ्यास होगा। योग सप्ताह आयोजन में पूरे सप्ताह नगर, तहसील, विकास खंड व ग्राम पंचायत, शिक्षण संस्थानों में सामूहिक योगाभ्यास कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर कार्यक्रम का उद्घाटन कराया जाए। आयोजन में पंचायतीराज, ग्राम्य विकास व नगर विकास विभाग स्वच्छता का ध्यान रखें। सीएचसी, पीएचसी, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, आयुष्मान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को इससे जोड़ा जाए। आयोजन में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहे। सिविल डिफेंस के वार्डेन की तैनाती की जाए और योग से संबंधित फोटो को आयुष कवच एप व mygov.in एप पर अपलोड किया जाए। बैठक में सीडीओ सुधीर कुमार, अपर जिलाधिकारी डॉ. राजेश कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रखर कुमार सिंह आदि रहे।

पतंजलि योगपीठ की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई।

स्वस्थ और मजबूत भारत के लिए करें योग

कानपुर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को पतंजलि योगपीठ ने प्रभात फेरी निकाली और योग से संबंधित नारे बुलंद किए। लोगों से स्वस्थ व मजबूत भारत निर्माण के लिए आसपास के पार्कों में योग करने की अपील की गई। गोविंदनगर एच ब्लॉक से प्रारंभ हुई प्रभात फेरी आर, एस, आई ब्लॉक होते हुए ब्लॉक 9 में समाप्त हुई। प्रभातफेरी में शामिल लोगों ने सुबह हो या शाम रोज कीजिए व्यायाम, निकट न आएंगे कोई रोग, के जोरदार नारे बुलंद किए। पतंजलि योगपीठ के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव, योगाचार्य राकेश यादव ने कहा कि नियमित योग करने से आप फिट रहते हैं। प्रभातफेरी में डा. संतोष अरोड़ा, प्रकाश वीर आर्य, निशा दीक्षित, हरीश अरोड़ा, शालू आर्य, विकास दूबे, दिलीप सिंह, दीपक सखूजा, उदयवीर सिंह गौर, अरविंद नागपाल, प्रेम कुमारी, रेखा सिद्धवानी आदि रहीं।

कर्मचारी ने डेयरी से पार की नकदी, रिपोर्ट

कानपुर। एम ब्लॉक स्थित डेयरी संचालक ने कर्मचारी के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। किदवई नगर डेयरी संचालक दिनेश सिंह भदौरिया ने बताया कि उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी आर्यन यादव ने दुकान बंद होने के बाद दोबारा रात 2 बजे शटर खोला और गोलक में रखी नकदी समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गया। पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी में कैद है। थाना प्रभारी बाबूपुरवा ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

गंगा बैराज पर सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का स्वागत किया गया। अमृत विचार

सपा प्रदेश अध्यक्ष का जगह-जगह स्वागत

कानपुर। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का उन्नाव गंगा पुल पर अखिल भारतीय पाल महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाल और गंगा बैराज पर महासभा युवा प्रदेश अध्यक्ष सियाराम पाल ने पदाधिकारियों व कार्यकताओं के साथ उनका स्वागत किया। श्यामलाल पाल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वोट देने और कन्नौज से सांसद बनाने पर रसूलाबाद की जनता का आभार व्यक्त किया है। कहा कि वर्तमान समय में किसान व नौजवान सरकार की तानाशाही नीतियों से परेशान है। जनता ने इस 2024 के चुनाव में वोट के माध्यम से अपनी ताकत का एहसास करा दिया है। उन्होंने अबकी पंचायत चुनाव व विधानसभा चुनाव में तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने का भी आह्वान किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण कुमार बबलू राजा, जिलाध्यक्ष पाल महासभा अमरसिंह पाल, नीता सचान देशराज निषाद, बलराम यादव, सुनील निषाद, रघुनाथ पाल, पार्षद रामविलास निषाद, राहुल निषाद, तेजबहादुर पाल, ललित पाल, बलराम यादव मनोज यादव आदि रहे।

यौन अपराधों पर लगाम, घर बैठे न्याय

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- यौन अपराध रोकने के लिए आईटीएसएसओ पोर्टल शुरू किया गया

डीसीपी के जाते ही प्रबल एप बंद

तकरीबन दो वर्ष पूर्व कमिश्नरेट में तैनात रहीं तत्कालीन डीसीपी साउथ रवीना त्यागी ने महिलाओं के लिए प्रबल प्रतिक्रिया एप शुरू किया था। जिसमें रजिस्ट्रेशन के बाद महिला की एक शिकायत पर कई पुलिस की गाडियां एक साथ पहुंच जाती थीं और तुरंत मौके पर ही समस्या का समाधान करके आती थीं। इस एप में 6754 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। कुछ दिन तक तो एप ने सही काम किया। उसके बाद जब रवीना त्यागी ट्रैफिक में आ गईं तो मिशन शक्ति के तहत बना ये एप बंद हो गया।

अमृत विचार। महिलाओं और युवतियों के साथ होने वाले यौन अपराध के मामलों में अब हद तक लगाम लग सकेगी। साथ ही संबंधित अपराध का शिकार हुई पीड़िता को हर हाल में घर बैठे न्याय मिल सकेगा। इसको लेकर शासन के निर्देश पर कानपुर कमिश्नरेट में यौन अपराधों को लेकर जांच ट्रैकिंग सिस्टम आईटीएसएसओ पोर्टल शुरू किया गया है। इसमें छेड़छाड़ से लेकर दुष्कर्म और घरेलू उत्पीड़न के मामलों में शिकायत, सुनवाई और जांच होगी।

आईटीएसएसओ एक ऑनलाइन मॉडयूल है, जो राष्ट्रीय, राज्य, जिला स्तर के साथ पुलिस के यूपी कॉप में मौजूद है। इससे महिला संबंधी अपराधों की सूक्ष्म स्तर पर मॉनीटरिंग की जाती है। इसमें खास बात ये है कि दो महीने के अंदर ही इसमें पुलिस को जांच रिपोर्ट लगानी पड़ती है। एक महिला पुलिस अधिकारी ने बताया कि 1 जुलाई से कानून बदल रहे हैं। सीसीटीएनएस में नई धाराएं आ जाएंगी। इसके पहले ही पेंडिंग मामलों की जांच पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं।

एडीसीपी महिला अपराध अमिता सिंह ने बताया कि ये मॉडयूल केवल महिलाओं और युवतियों के लिए है। जिनकी शिकायत महीनों से पेंडिंग चल रही हैं, वे इस पर अपनी शिकायत तो दर्ज करा सकती हैं, साथ ही ऑनलाइन अपनी शिकायत का स्टेटस भी देख सकती हैं। कितने दिन जांच कहां लटकी रही और किस अधिकारी के पास है ? इसकी जानकारी भी होगी। महिलाओं को अपने अधिकारों की जानकारी भी इस पोर्टल से होगी। ऑनलाइन शिकायतें दर्ज की जाएंगी बल्कि ऑनलाइन ही निस्तारित की जाएंगी। चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट के दौरान ही शिकायत करने वाली महिलाओं को विवेचनाधिकारी के सामने आना होगा। पीड़िता को बार-बार थाना, पुलिस चौकी या अन्य अधिकारियों के पास दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। यूपी कॉप या सीधे गूगल पर जाकर आईटीएसएसओ ओपन करके आवेदन किया जा सकता है। लगभग डेढ़ दर्जन बिंदुओं पर जानकारी देने के बाद आपके मोबाइल पर चंद मिनट में एक ओटीपी आएगा। इतना करने के 20 से 22 घंटे के अंदर आपके पास एक कॉल आएगी। कॉल करने वाली कोई महिला होगी जो आपसे केवल ओटीपी की जानकारी करेगी और आपको शिकायत नंबर दे देगी। इसके बाद से आपकी प्रक्रिया मॉडयूल पर शुरू हो जाएगी।

कठिन सफर | भीषण गर्मी में रोडवेज की 1400 बसों को नहीं मिल रहे यात्री

तंदूरनुमा रोडवेज बसों में यात्रा से तौबा कर रहे यात्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

यात्री न मिलने से झकरकटी बस अड्डे पर खड़ी रहती हैं दर्जनों बसें। अमृत विचार

> भीषण गर्मी के कारण झकरकटी बस अड्डे पर यात्री नहीं मिल रहे हैं जिससे सभी बसें प्रभावित हैं।
>
> –महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा

- लंबी दूरी की अधिकांश बसें खाली, बसें वापस हो रहीं डिपो में
- जनरथ एसी बसों की समय सारिणी भी गड़बड़ाई

अमृत विचार। भीषण गर्मी में साधारण बसें तंदूर की तरह दहक रही हैं जिससे लोग इन बसों में यात्रा करने से बच रहे हैं। दिनभर बस अड्डे पर यात्रियों का इंतजार करने के बाद ज्यादातर बसें डिपो वापस लौट रही हैं। झकरकटी बस अड्डे की 1400 बसें प्रभावित हैं।

शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डे पर सैकड़ों बसों को यात्री नहीं मिले। दर्जनों बसें अड्डे के बाहर यात्रियों के इंतजार में घंटों खड़ी रहीं लेकिन इन बसों को पांच यात्री भी नहीं मिले। सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले जिलों में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, गोरखपुर, सोनौली, गोंडा, बहराइच, बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर, फतेहपुर, खागा, लालगंज बैसवारा, बाराबंकी, लखनऊ प्रमुख हैं। इन जिलों की बसें एक एक यात्री के लिए परेशान रहीं। प्रयागराज, वाराणसी जाने वाली जनरथ एसी बसों को चालक घंटों स्टार्ट करके खड़ी रखे ताकि बस ठंडी रहें और यात्री आएं लेकिन उसके बाद भी यात्री नहीं मिले। जिससे जनरथ एसी बसों की समयसारिणी भी गड़बड़ा गई। साधारण बसों की तो कोई समय सारिणी है ही नहीं, ये बसें जब सवारी मिल जाती हैं, चल देती हैं। दिल्ली, अलीगढ़, इटावा, आगरा, झांसी की ओर से आईं बसों को भी यात्री नहीं मिले।

बसों के लिए कोई प्लेटफार्म तक नहीं

झकरकटी बस अड्डे पर बसों के लिए कोई प्लेटफार्म तक निर्धारित नहीं है, ऐसे में कड़कती धूप में ये बसें खड़ी रहती हैं। कानपुर के लोगों को पता है कि झकरकटी बस अड्डा किसी रेगिस्तान से कम नहीं है। ऐसे में लोग इन बसों से यात्रा करने से बच रहे हैं।

कड़े नियम से चालक, परिचालक टेंशन में

दरअसल उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने चालकों, परिचालकों के लिए ये नियम बनाए हैं कि जब तक बस में 15 से 20 सवारी नहीं हो जाएं, रूट पर नहीं जाएं। ऐसे में बस में सवारी आने तक चालक, परिचालकों को इंतजार करना पड़ता है। यही कारण है कि झकरकटी बस अड्डे के बाहर दर्जनों बसों के भीषण गर्मी और कड़क धूप में चालक, परिचालक लखनऊ लखनऊ चिल्लाते रहते हैं और यात्री नहीं मिलने पर चालक, परिचालक टेंशन में रहते हैं।

पोस्टल आर्डर का अभाव, सचिव को दिए निर्देश

कानपुर। 10 रुपये के पोस्टल आर्डर के अभाव के कारण सूचनार्थियों को हो रही असुविधा को देखते हुए राज्यपाल ने राज्य सूचना आयोग के सचिव को मामले के निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

काफी समय से शहर में पोस्टल आर्डर का अभाव है। कानपुर सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री प्रवीण फाइटर ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापत प्रेषित करते हुए समस्या से अवगत कराया था। महामंत्री ने मांग की थी कि सूचनाधिकारी पोस्टल आर्डर के स्थान पर प्रार्थना पत्र में 10 रुपये के नोट की संख्या अंकित कर सूचनार्थी को सूचना दी जाए। ज्ञापन को संज्ञान में लेते हुए राज्यपाल के विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह ने राज्य सूचना आयोग के सचिव को मामले के निस्तारण के निर्देश दिए।

हाजी वसी और बेटे के शस्त्र लाइसेंस छिनेंगे

कानपुर। जाजमऊ थानाक्षेत्र के डिफेंस कालोनी में नजीर फातिमा के प्लॉट पर आगजनी के मामले में सजा के बाद महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के करीबी और नई सड़क हिंसा में फंडिग करने के आरोपी बिल्डर हाजी वसी की मुश्किलें बढ़ गई हैं। पुलिस ने हाजी वसी और उसके बेटे के दो-दो शस्त्रों के लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेज दी है।

चमनगंज निवासी हाजी वसी को तीन जून 2022 को जुमा की नमाज के बाद नई सड़क पर हुए उपद्रव में फंडिग करने का आरोप लगा था। उसे पुलिस ने जेल भेजा था। उस पर रासुका की भी कार्रवाई की गई थी। हाजी वसी की करोड़ों की संपत्ति गैंगस्टर की धारा 14 (1) के तहत सीज की गई थी। चमनगंज थाने में हिस्ट्रीशीट भी खोली गई। अब उसकी और उसके बेटे अब्दुल रहमान की एक-एक रायफल और एक-एक पिस्टल का लाइसेंस निरस्त कराने की पुलिस ने कवायद शुरू की है। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि हाजी वसी व उसके बेटे अब्दुल रहमान के दो-दो शस्त्र लाइसेंस निरस्त कराने की संस्तुति के साथ रिपोर्ट पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार व डीएम राकेश सिंह को भेजी गई है।

शत्रु संपत्तियां खरीदते थे

आरोप है कि मुख्तार बाबा और हाजी वसी विवादित जमीनों को खरीदते-बेचते थे। हाजी वसी और मुख्तार बाबा शत्रु संपत्तियों को भी खरीदते थे और डीटू गैंग के सदस्य अकील खिचड़ी और शरीफ जैसे बदमाशों को जमीन खाली कराने में लगाया जाता था।

उमराव टेक्नोलोजिकल इंस्टीट्यूट में प्लेसमेंट पाने वाले छात्र और स्कूल स्टाफ।

42 छात्रों को मिला 2.7 लाख का पैकेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। मंगलवार को यूटीआई पालीटेक्निक (उमराव टेक्नोलोजिकल इंस्टीट्यूट) में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। निदेशक शुभम तिवारी ने बताया कि लोहिया कार्प एवं एनबीसी बेयरिंग-सीके बिरला ग्रुप ने इंटरव्यू लेने के बाद 42 छात्र-छात्राओं को 2.7 लाख सालाना पैकेज दिया है। संस्था में राजकीय पालीटेक्निक बिंदकी एवं राजकीय पालीटेक्निक फतेहपुर के छात्र-छात्राओं को भी प्लेसमेंट के लिए बुलाया गया था। इनके छात्रों को भी प्लेसमेंट दिया गया। उन्होंने बताया की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा देने के पूर्व ही प्लेसमेंट मिलने से छात्रों में उत्साह नजर आया। संस्था के चेयरमैन राघवेंद्र वर्मा ने चयनित छात्रों को बधाई दी। इस मौके पर दीपक दीक्षित, अजय अवस्थी, लाखन सिंह आदि मौजूद रहे।

यूजीसी नेट में आसान पर्चा, कट आफ रहेगा ऊंचा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की ओर से आयोजित नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (यूजीसी-नेट)-2024 मंगलवार को शहर में कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ। 12 परीक्षा केंद्रों पर 10,035 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षार्थियों ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल पर्चा सरल रहा। माना जा रहा है कि इससे कट ऑफ ऊंचा रह सकता है।

गुरु नानक पब्लिक स्कूल, फ्लोरेट्स, हरमिलाप, केंद्रीय विद्यालय कैंट, केंद्रीय विद्यालय आईआईटी, दीन दयाल इंटर कालेज आदि परीक्षा केंद्रों पर यूजीसी-नेट के लिए सुबह 7 बजे से अभ्यर्थी जुटने लगे। 7.30 बजे के बाद पहली पाली के अभ्यर्थियों की तलाशी शुरू हो गई। अभ्यर्थियों ने बताया कि उनके पेन तक जमा करा लिए गए। परीक्षा केंद्रों पर मौजूद राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के प्रतिनिधि अपनी रिपोर्ट दिल्ली सेंटर को भेजते रहे। एनटीए के प्रतिनिधि विजय एवं सीएसजेएमयू के प्रोफेसर उपेंद्र ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच दोनों पालियों में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। परीक्षा देकर निकले तमाम अभ्यर्थियों ने बताया कि इस वर्ष का प्रश्न पत्र मध्यम स्तर का था, वहीं अनेक अभ्यर्थियों ने पेपर-1 में डाटा इंटरप्रिटेशन को काफी आसान बताया। इस वर्ष एनटीए की ओर से परीक्षा कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट में आयोजित न करके पेन-पेपर बेस्ड आयोजित की गई। अधिकतर अभ्यर्थियों ने दावा किया कि इस वर्ष का प्रश्नपत्र पिछले वर्ष के मुकाबले आसान आया।

गुरुनानक पब्लिक स्कूल से यूजीसी नेट देकर निकलते परीक्षार्थी।। अमृत विचार

यह बोले परीक्षार्थी

परीक्षा आसान थी और प्रश्न हल करने योग्य थे। अच्छे प्रयासों की संख्या 40 के आसपास है। पर्चा सरल होने के कारण मेरिट हाई रहेगी।
-आकांक्षा, कानपुर

प्रश्नों के उत्तर आत्मविश्वास से और सटीक रूप से दिए हैं। अच्छे प्रयासों की संख्या 43 रही, जिससे उच्च कट ऑफ आने की उम्मीद है।
-राधा, औरैया

जिसने तैयारी ठीक से की है। उसके लिए पर्चा आसान रहा, विषय का अध्ययन ठीक से करने के कारण सवालों का जवाब देने में कठिनाई नहीं हुई।
-शशि, फतेहपुर

तैयारी अच्छी थी, पेपर 1 में 50 प्रश्न शामिल थे। गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं था। अच्छे अंक हासिल होने की संभावना है।
- अंजली, कानपुर

ट्रीटेड सीवेज को मिक्सिंग टैंक से जोड़ने की प्रक्रिया शुरू, 21 जून तक सभी टेनरियां बंद

240 टेनरियों का उत्प्रवाह शोधित करेगा सीईटीपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर।

अमृत विचार। जाजमऊ टेनरी क्लस्टर के लिए बना 20 एमएलडी कॉमन इंफ्लूएंट ट्रीटमेंट प्लांट (सीईटीपी) इसी माह शुरू होगा। यहां शोधित सीवेज को मिक्सिंग टैंक से जोड़ने के लिये टीईपीएच (ट्रांसफर इंफ्लूएंट पंप हाउस) को 5 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। इस कारण जिले की 240 टेनरियां पांच दिन बंद रहेंगी। सभी टेनरियों के कनेक्शन नए ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने के बाद पुराना 9 एमएलडी क्षमता वाला वाजिदपुर टेनरी ट्रीटमेंट प्लांट पूरी तरह से बंद हो जाएगा। 5 दिन की अस्थायी बंदी के दौरान टेनरियों की मानीटरिंग मजिस्ट्रेट की निगरानी में होगी।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन ने वाजिदपुर ट्रीटमेंट प्लांट प्लांट को बंद करने और सर्वे के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इसमें अपर नगर आयुक्त द्वितीय, मुख्य अभियंता सिविल, जलकल महाप्रबंधक और अधिशाषी अभियंता जोन -2 को नामित किया था। कमेटी की रिपोर्ट के बाद पाइप लाइनों के संयोजन का कार्य शुरू हो गया है।

20 एमएलडी सीईटीपी इसी माह शुरू हो जाएगा।

454 करोड़ की लागत से बना है सीईटीपी

200 करोड़ की लागत से लगा आरओ प्लांट

20 एमएलडी शोधन क्षमता सीईटीपी की

03 करोड़ लीटर रोज पानी की होगी बचत

पांच साल पहले पीएम मोदी ने किया था शिलान्यास

- कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट को 454 करोड़ रुपये से बनाया गया है। इसका शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मार्च 2019 में किया था। शहर में जिलाधिकारी विशाख जी के नेतृत्व में प्लांट को तैयार किया गया। इस प्लांट के शुरू होने से टेनरी संचालकों में उम्मीद जगी है कि अगले वर्ष से माघ मेले के दौरान टेनरियों को बंद करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

09 एमएलडी वाला वाजिदपुर प्लांट पूरी तरह से बंद, टेनरियों का पानी नए प्लांट में भेजा जाएगा

वाजिदपुर के पुराने ट्रीटमेंट प्लांट की मियाद पूरी हो गई है। अब सभी टेनरियों को नए ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए 21 जून तक सभी टेनरियां बंद रहेंगी। कार्य पूरा होने के बाद 20 एमएलडी सीईटीपी में टेनरियों का पानी छोड़ा जाएगा।

- आशुतोष पांडेय, कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।

पुराना और जर्जर होने से अनुपयोगी हो गया था वाजिदपुर ट्रीटमेंट प्लांट

- वाजिदपुर का 9 एमएलडी टेनरी वेस्टेज ट्रीटमेंट प्लांट काफी पुराना और जर्जर हो गया है। जिले में लगातार टेनरियां बढ़ने के बावजूद उसकी क्षमता नहीं बढ़ाई जा सकी थी। इससे कई बार ओवरफ्लो होकर टेनरी वेस्टेज गंगा में गिरता था। कई बार क्षमता से काफी अधिक 15 एमएलडी तक पानी यहां पहुंच जाता था, जिससे ओवरफ्लो होता था। इससे निजात के लिए वाजिदपुर में ही नया जटेटा का 20 एमएलडी क्षमता का ट्रीटमेंट प्लांट बनाया गया है। लेकिन कनेक्शन नहीं होने की वजह से टेनरियों का पानी 20 एमएलडी सीईटीपी तक नहीं पहुंच पा रहा था। अब कनेक्शन होने के बाद इसे चालू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसके चालू होने से गंगा में ओवरफ्लो होकर गंदगी नहीं जाएगी।

जल योग प्रतियोगिता में ईरा बनीं विजेता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सीएसजेएमयू के तरण ताल में प्रतिभागियों ने प्रतिभा दिखाई और प्रमाणपत्र हासिल किया। आसन में ईरा ने मैदान मारा वहीं दूसरे स्थान पर सौम्या रहीं।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जारी योगोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के तरणताल में 'जल योग प्रतियोगिता' में 17 प्रतिभागी शामिल हुए तो 65 लोगों ने जल योग प्रदर्शन में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता की संयोजिका निमिषा कुशवाहा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें शवासन, ताड़ासन, वृक्षासन, पद्मासन और मत्स्यासन कुल 5 आसनों को कराया गया।

प्रत्येक आसन के लिए कुल 10 अंक निर्धारित थे। डॉ. राम किशोर, सुश्री सोनाली, अनिल कुमार यादव एवं अनूप पांडेय ने निर्णायक मंडल के रूप में योगदान दिया। प्रतियोगिता में ईरा बाजपेयी ने प्रथम, सौम्या कुशवाहा ने द्वितीय एवं डिंपल ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार अराधना को मिला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर विनय पाठक ने की। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. नीरज कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार यादव, प्रति कुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य डॉ. वंदना पाठक मौजूद रहीं। कुलानुशासक डा. प्रवीन कटियार ने बताया कि 'योगोत्सव पखवाड़े' का अंतिम कार्यक्रम बृहस्पतिवार को दिव्यांग महिला योग के रूप में विश्वविद्यालय के मल्टीपरपॅज हाल में संपन्न होगा।

जल योग करते प्रतिभागी।

- सीएसजेएमयू के तरण ताल में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

सार-संक्षेप

हटिया लोहा बाजार में कच्ची लस्सी बांटी गई। अमृत विचार

बजरंगबली के चरणों में अर्पित की लस्सी

कानपुर। हटिया लोहा बाजार में मंगलवार को निर्जला एकादशी व ज्येष्ठ के बड़े मंगल पर बजरंगबली महाराज के चरणों में कच्चे दूध की लस्सी समर्पित की गई। उसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आयुष द्विवेदी, अमरनाथ शुक्ला, मनोज मिश्रा, राकेश गुप्ता, किशन गुप्ता, नारायण दीक्षित, मुकेश अग्रवाल, अभिषेक जैन, विजय गुप्ता, विष्णु गुप्ता, लाला त्रिवेदी आदि रहे।

शारदा नगर में ब्राह्मण चेतना संघ ने शर्बत बांटा। अमृत विचार

ब्राह्मण चेतना संघ ने वितरित किया शर्बत

कानपुर। शारदा नगर में अखिल भारतीय ब्राह्मण चेतना संघ के पदाधिकारियों ने शर्बत वितरण किया। शर्बत वितरण का सिलसिला सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक चला। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्रहम कुमार त्रिपाठी, ओपी द्विवेदी, जेपी शुक्ल, प्रमोद पांडेय, अभिषेक, जितेंद्र बाजपेयी, अमित शुक्ला, शशिकांत त्रिवेदी, लव दीक्षित, शिवाकांत, विष्णुदत्त, राजू, सुबोध, अरुण, रामगोविंद, गोपाल,आनंद, अरविंद, उमेश दीक्षित आदि लोग रहे।

अग्रसेन वंशज सभा ने शर्बत बांटा। अमृत विचार

वंशज सभा व नगर आयुक्त ने बांटा शर्बत

कानपुर। फूलबाग स्थित श्री अग्रसेन चौक पर श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा की ओर से संयोजक आलोक अग्रवाल व नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने शर्बत व पेठा वितरण किया। इस दौरान प्रवीन राज अग्रवाल, उमेशचंद अग्रवाल, राजेन्द्र, नरेश बाजोरिया अनिल अग्रवाल आदि रहे।

राहगीरों को पिलाई शिकंजी

कानपुर। सामाजिक संस्था राष्ट्रोदय ने मंगलवार को राहगीरों को ठंडी शिकंजी पिलायी। संस्था के अध्यक्ष विनय अवस्थी ने बताया कि 12 साल से सामाजिक कार्यों से जुड़े हैं। कार्यक्रम में गोपाल शर्मा, कविता जैन, नवीन चन्द्र जैन, संजय शुक्ला, महेंद्र सैनी, अंकित जायसवाल, अनूप श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, गौरव तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय शतरंज में शहर के खिलाड़ी भी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जेएमडी वर्ल्ड स्कूल की ओर से दो वर्गों में जिला स्तरीय शतरंज चयन प्रतियोगिता होगी। दोनों वर्गों में दो स्थान पर आने वाले खिलाड़ी वाराणसी व बलिया में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में पहली प्रतियोगिता 27 जून को होगी। जिसमें 19 वर्ष से कम आयु के बालक व बालिकाओं की चयन प्रतियोगिता होगी। प्रत्येक वर्ग में प्रथम तीन विजेताओं को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र दिया जाएगा। साथ ही 11 व 15 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम दो स्थानों पर आने वाले खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जाएगा। दूसरी शतरंज चयन प्रतियोगिता 30 जून को 15 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक व बालिकाओं की होगी। इसमें भी उसी तरह खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ग में भी 9 व 11 वर्ष से कम आयु वर्ग में प्रथम दो स्थानों पर आने खिलाड़ियों को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र से सम्मानित किया जाएगा।

- प्रतियोगिता 27 व 30 जून को होगी

कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों वर्गों में प्रथम दो स्थानों पर आने वाले दो बालक व दो बालिकाओं को आगामी लोकसभा 4-7 जुलाई को वाराणसी में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कानपुर का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा।

आनंदेश्वर पॉलीपैक और गौरी माजिद एकादश ने जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। डा. वीरेंद्र स्वरूप क्रिकेट एकेडमी (वीएससीए) की ओर से आयोजित स्व. धारारानी स्मारक अंडर-12, 14 क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को दो मुकाबले खेले गए। पहला मुकाबला आनंदेश्वर पॉलीपैक व कानपुर टाइगर्स के बीच हुआ। जिसमें आनंदेश्वर 8 विकेट से जीता। दूसरा मुकाबला गौरी माजिद एकादश व सेम डे इलेवन के बीच हुआ, मौरीमाजिद 64 रनों से विजेता रहा।

डीएवी मैदान पर खेले गए पहले मुकाबले में कानपुर टाइगर्स टीम विरोधी गेंदबाजों के सामने सिर्फ 46 रनों पर ढेर हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का अंक नहीं छू पाया। गेंदबाजी में स्पर्श ने 3, आरिश ने 2 विकेट लिए। जवाब में आनंदेश्वर पॉलीपैक ने 4.4 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 49 रन बनाकर मैच जीत लिया। विराट महेश्वरी ने नाबाद 10 रन बनाए। अमन बाथम ने दोनों विकेट लिए। दूसरे मुकाबले में गौरी माजिद एकादश ने मृदुल सिंह के नाबाद 56, राघवेंद्र पाल के 25, आदित्य कुमार के 22 रनों की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रनों का लक्ष्य दिया। गेंदबाजी में अभय सिंह ने 2 विकेट लिए। जवाब में सेम डे एकादश टीम 18.3 ओवर में 128 रन ही बना सकी। टीम के अभय सिंह ने 34, रितिक ने 32 रन बनाए। विजेता टीम से सार्थक ठाकुर ने 4 विकेट लिए।

आनंदेश्वर पॉलीपैक की विजयी टीम कोच और स्टाफ के साथ। अमृत विचार

कारोबारी से ठगे 1.75 लाख

कानपुर। साइबर ठगों ने कारोबारी के खाते से 1.75 लाख की ठगी की घटना को अंजाम दिया। डीसीपी क्राइम आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि रोटरी क्लब के सदस्य रवि शंकर अग्रवाल घर के सदस्य को पैसा ट्रांसफर कर रहे थे, मगर गलती से किसी और खाते में चला गया। म्योर रोड निवासी रोटरी क्लब के सदस्य ने ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए गूगल से बैंक का कस्टमर केयर नम्बर खोजा और कॉल की। सामने से बात करने वाले ने खुद को बैंककर्मी बताया। एनी डेस्क एप डाउनलोड कराकर 1.75 लाख ठग लिए। डीसीपी क्राइम ने बताया कि पीड़ित ने 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। डीसीपी ने बताया कि बैंक से तत्काल सम्पर्क कर जिस खाते में पैसा गया था उसे होल्ड कराया गया और तीन दिन में खाते में पैसा वापस करा दिया गया।

राजनीति के बोल

भाजपा उत्तर कार्यालय में कल्याणपुर और दक्षिण में महाराजपुर विधान सभा क्षेत्र की हुई समीक्षा

कांग्रेस का गारंटी कार्ड झूठ का पुलिंदा, इसे करें बेनकाब

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में अकबरपुर सीट पर भाजपा के प्रदर्शन की समीक्षा करने आए पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के नेता जनता के बीच संविधान बदलने का भ्रम पैदा करके गलत नेरेटिव सेट करने में सफल रहे। इस कारण उनकी सीटें बढ़ीं और हमारी घट गईं। कांग्रेस का गारंटी कार्ड झूठ का पुलिंदा हैं। इसे जनता के सामने बेनकाब करना है। उन्होंने कल्याणपुर और महाराजपुर विधान सभा क्षेत्र में परिणाम की समीक्षा करते हुए भाजपा पदाधिकारियों से पूछा कि चुनाव में कहां चूक हुई है? इसका अध्ययन जरूर करें। जो सुधार किए जा सकते हैं, उसकी रणनीति बनाएं।

भाजपा दक्षिण कार्यालय में बैठक करते पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा।

भाजपा उत्तर कार्यालय नवीन मार्केट में जिलाध्यक्ष दीपू पांडे के नेतृत्व में अकबरपुर लोकसभा में आने वाली कल्याणपुर विधानसभा की समीक्षा में सुरेश राणा एवं उन्नाव के पूर्व जिलाध्यक्ष राज किशोर रावत शामिल हुए। विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले जिला पदाधिकारी, विधानसभा संयोजक एवं प्रभारी मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, मंडल महामंत्री से एक-एक बिंदु पर चर्चा की गई। सभी से यह जानने का प्रयास रहा कि भाजपा का वोट प्रतिशत कम कैसे हुआ, कहां चूक हुई, आगामी चुनाव में क्या और कैसे अच्छा कर सकते हैं। सुरेश राणा ने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों ने मतदाताओं को भ्रमित किया कि भाजपा को भारी बहुमत मिलने से संविधान खतरे में पड़ जाएगा। इसके साथ ही हर माह 8500 रुपये देने का झूठा लालच जनता को दिया। बैठक में जितेंद्र विश्वकर्मा, अवधेश सोनकर, आशा पाल, शिव बोधन मिश्रा, चंद्र मणि चौबे, दीपक सिंह चौहान, चंचल सिंह भदौरिया, जनक सिंह चौहान आदि थे।

कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटें

- सुरेश राणा ने भाजपा दक्षिण कार्यालय में जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह की अध्यक्षता में अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र में आने वाली महाराजपुर विधानसभा की समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि पार्टी के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और नेता कार्यकर्ताओं के साथ दिली संबंध बनाएं। उनके सुख-दुख में सहभागी बनें। कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटें।

कांग्रेस ने क्यों नहीं की समीक्षा, नौशाद पर निशाना

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा की हार की समीक्षा बैठक को लेकर महानगर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी की घेरेबंदी शुरू हो गयी है। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव और पूर्व कार्यवाहक अध्यक्ष कृपाशंकर त्रिपाठी 'कृपेश' ने महानगर अध्यक्ष मंसूरी को लिखे पत्र में सवाल उठाया है कि 4 जून को परिणाम आने के बाद से लेकर अब तक समीक्षा बैठक क्यों नहीं बुलाई गई।

उन्होंने कहा है कि आलोक मिश्रा जीत के मुहाने पर आ गए थे। उनके मुकाबले भाजपा का कमजोर प्रत्याशी जीत गया। कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत और जनता के समर्थन के बाद भी कांग्रेस की पराजय के क्या कारण रहे। इसका जवाब कानपुर के संगठन और कार्यकर्ता जानना चाहते हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस के पक्ष में बना माहौल का लाभ कानपुर क्यों नहीं उठा पाया। उनके अनुसार यह पत्र प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, यूपी प्रभारी महासचिव अविनाश पांडे को भी भेजा गया है। वरिष्ठ कांग्रेसजनों को विश्वास में लेकर पत्र लिखा गया है। कृपेश का कहना है कि 2022 में विधान सभा चुनाव में हार व मेयर चुनाव में हार की भी समीक्षा बैठक नहीं की गई थी। लगता है चुनाव समीक्षा की परंपरा ही समाप्त हो गयी है।

- प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव ने सवाल उठाते हुए पत्र लिखा
- विस व नगर निगम के चुनाव की भी समीक्षा बैठक नहीं की थी

समीक्षा नहीं, धन्यवाद बैठक बुलाएंगे

कानपुर। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्रवार धन्यवाद बैठक बुलाई जा रही है। छावनी, किदवई नगर, गोविन्दनगर, आर्यनगर, सीसामऊ क्षेत्र की अलग-अलग बैठकें होंगी। इसी में समीक्षा करके कमियां दूर की जाएंगी। यह कार्य वार्ड स्तर पर भी होगा।

गाड़ी में पीटते हुए रनियां थाने ले गए थे आरोपी पुलिसकर्मी

घटना के चश्मदीद गवाह रामजी से तीन आरोपियों के अधिवक्ताओं की जिरह पूरी

बलवंत हत्याकांड

आज फिर सुनवाई

- अन्य आरोपियों से आज फिर होगी जिरह
- जिरह के दौरान जेल से अदालत लाए गए सभी आरोपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

अमृत विचार। चर्चित बलवंत हत्याकांड में घटना के चश्मदीद साक्षी रामजी से आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत पांडेय, आरक्षी सोनू यादव व अनूप कुमार की तरफ से जिरह पूरी की गई। न्यायालय ने अन्य आरोपियों की तरफ से जिरह के लिए 19 जून की तिथि नियत की है।

वादी पक्ष के अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि गवाह रामजी ने जिरह में बताया कि जो लोग बोलेरी से आए थे, उनके हाथ में डंडे थे। वह बोलेरो में बैठे-बैठे उसे मारते हुए लाए थे, जिससे शरीर में चोटें आई थी। इसके बारे में विवेचक को भी बताया था। बोलेरो में बैठे लोगों के नाम दरोगा को बताए थे। गवाह से आरोपी तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम की तरफ से पिछली तिथि पर जिरह पूरी की जा चुकी है।

मामले की सुनवाई के दौरान गवाह ने बयान दिया था कि घटना वाले दिन उसे और बलवंत सिंह को आरोपी प्रशांत गौतम, पुलिस कर्मी प्रशांत पांडेय, दुर्वेश, सोनू व अनूप ने पेट्रोल पंप के पास पिकअप से उतारा था और मारते हुए अपनी बोलेरो में डालकर रनियां थाने ले गए थे। इसके बाद दोनों के मोबाइल और रुपये छीन लिए गए। अधिवक्ता जितेंद्र सिंह ने बताया कि रामजी से जिरह की अगली तारीख 19 जून नियत की गई है।

इस मामले में वादी अंगद सिंह, साक्षी बलवीर सिंह और साक्षी गुड्डू उर्फ राघवेंद्र सिंह के पहले ही बयान दर्ज हो चुके हैं। इस प्रकरण की सुनवाई अपर जिला जज कक्ष संख्या पांच पूनम सिंह की न्यायालय में चल रही है। मंगलवार को तत्कालीन शिवली थाना प्रभारी राजेश सिंह, तत्कालीन एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, तत्कालीन मैथा चौकी प्रभारी ज्ञान प्रकाश पांडेय सहित आठों पुलिस कर्मी जेल से न्यायालय में पेश किए गए, जिन्हें फिर जेल ले जाया गया।

दहेज हत्या में पति को 10 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- गजनेर क्षेत्र के मान सिंह का पुरवा में हुई थी घटना

अमृत विचार। गजनेर क्षेत्र के मान सिंह का पुरवा गांव में करीब पांच साल पहले विवाहिता की आग से जलकर मौत के मामले में कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। जिला जज ने आरोपी पति को दोषी करार देते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बताया कि बिधनू क्षेत्र के गांव मगरासा निवासी सरमावती ने गजनेर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने अपनी पुत्री तारा की शादी 5 मार्च 2017 को गजनेर क्षेत्र के मान सिंह का पुरवा निवासी रवि पासवान के साथ की थी, लेकिन दान दहेज से रवि व उसके परिजन संतुष्ट नहीं थे और अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसकी पुत्री को प्रताड़ित करते थे। 26 जून 2019 को पति रवि, ससुर छोटे, सास शारदा, देवर महेंद्र, छोटू, रोहित व अन्य पारिवारिक राम खिलावन ने मिलकर उसकी पुत्री पर मिट्टी का तेल डालकर जला दिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने विवेचना कर आरोपी पति रवि के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। अन्य आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य न मिलने पर उनका नाम हटा दिया था। मंगलवार को मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज जयप्रकाश तिवारी ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी पति रवि को दोषी करार देते हुए 10 साल के कारावास की सजा सुनाई और उस पर 15 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

सार-संक्षेप

बड़े मंगल पर कुढ़नी दरबार में सुबह से ही भक्तों की कतार लग गई। अमृत विचार

कुढ़नी दरबार में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

साढ़। क्षेत्र के प्रसिद्ध कुढ़नी हनुमान दरबार में मंगलवार की सुबह से ही दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें लग गईं। ज्येष्ठ मास के आखिरी मंगलवार को दर्शन करने के लिए खासी भीड़ पहुंची। भीषण गर्मी में भी लोग कतार में खड़े होकर दर्शन करते रह। साढ़ पुलिस ने लोगों को दर्शन कराने में मदद की। ज्येष्ठ मास की एकादशी होने से जगह-जगह शर्बत वितरण भी किया गया, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में कुछ राहत मिली।

सभी ग्राम पंचायतों में मनेगा योग दिवस

बिल्हौर। विश्व योग दिवस पर 21 जून को ग्रामीण इलाकों में सभी ग्राम पंचायत स्तर पर योग दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सरकारी कामकाज से जुड़ी महिलाएं और पुरुष भाग लेंगे। मंगलवार को ककवन खंड विकास अधिकारी शिवनरेश ने सभी 25 ग्राम पंचायतों के रोजगार सेवकों, पंचायत सचिवों और पंचायत सहायकों को 21 जून की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। 21 जून को प्रत्येक ग्राम पंचायत में योग दिवस मनाए जाने के निर्देश दिए। इस बार योग दिवस के मौके पर सभी ग्राम पंचायत में सार्वजनिक रूप से योग दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मनरेगा के मजदूर, राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाएं और अन्य विभागों से जुड़े लोग एक साथ योग करते नजर आएंगे।

युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

भीतरगांव। बारीगांव निवासी धर्मेंद्र (28) ने सोमवार की दोपहर अपने घर में जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजनों ने उसे भीतरगांव सीएचसी पहुंचाया, जहां से डॉक्टर ने उसे हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार की शाम पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

ससुरालीजनों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

घाटमपुर। पतारा निवासी परवीन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पति मो. इब्राहिम, ससुर मो .फारुक, सास शबीना खातून, भांजी मुस्कान ने गालीगलौज और मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। घाटमपुर पुलिस ने परवीन के प्रार्थना पत्र के आधार पर ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा पंजीकृत किया है। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

एक नजर

जिला बदर अपराधी पकड़ कर भेजा गया जेल

शिवराजपुर। मुश्ता गांव के रहने वाले जिलाबदर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुश्ता गांव के रहने वाले नीरज दिवाकर के विरुद्ध कुछ दिन पहले यूपी गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई थी। उसे तीन माह के लिए जिला बदर किया गया था। जिलाबदर की कार्रवाई का उल्लंघन करने पर मंगलवार को उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक शिवकरन वर्मा और राघवेंद्र सिंह शामिल रहे।

ग्राम विकास अधिकारी की कार से बैग चोरी

घाटमपुर। कस्बा स्थित बैंक आफ बड़ौदा के सामने खड़ी कार से ग्राम विकास अधिकारी दिव्यांशु पांडेय का बैग चोरी हो गया। दिव्यांशु पांडेय ने बताया कि वह बैंक के सामने कार खड़ी कर अन्दर चले गये। जब वह लौटकर आए तो कार से बैग गायब था। बैग में सरकारी अभिलेख थे।

जिले भर में 42 लाख पौधे लगाए जाएंगे

संवाददाता, बिल्हौर

- पौधरोपण के लिए सभी विभागों को दिया गया लक्ष्य

अमृत विचार: जनपद में हरियाली बढ़ाने के लिए इस बार 42 लाख 80 हजार 700 पौधे रोपे जाएंगे। लक्ष्य मिलते ही वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वन विभाग की दर्जनों नर्सरियों में पौधे तैयार किए जा रहे हैं। पौधों को शहर से लेकर गांवों तक रोपित किया जाएगा। इस बार अभियान को एक पौधा मां के नाम के रूप में चलाया जाएगा।

जनपद के 27 विभागों को संख्या के साथ लक्ष्य दे दिया गया है और इसके साथ ही व्यवस्था के लिए विभाग के मुखिया को सूचित भी किया जा चुका है। डीएफओ दिव्या ने बताया कि इस बार एक पौधा मां के नाम अभियान की शुरुआत की जाएगी। तय लक्ष्य को पूरा करने के लिए वन विभाग युद्ध स्तर पर तैयारी में जुटा है। पूरे जनपद के विभागों के साथ मिलकर लगभग 43 लाख पौधरोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस बार नीम, बरगद, आम, गोल्ड मोहर जैसे पौधे लगाने पर ज्यादा जोर है, जबकि फलदार वृक्षों में कैथा, अनार, अमरूद, आम के पौधे भी प्रमुखता से शामिल किए गए हैं। शहरों के साथ गांव में भी पौधरोपण के बाद उनके रखरखाव को लेकर भी जवाबदेही तय करने का प्रयास किया जाएगा। वन विभाग रखवाली के लिए भी पुख्ता इंतजाम करेगा। इसके लिए वन विभाग ने अपनी पूरी तैयारी कर ली है। घाटमपुर रेंज में कुल देवता वन और कानपुर नगर में भाई-बहन के थीम पर वन महोत्सव मनाया जाएगा।

अवैध खनन पर कोई लगाम नहीं

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: रेउना थाना क्षेत्र के तहरापुर मोड़ पर सुबह सात बजे से अवैध मौरंग से भरे ट्रैक्टर-ट्राली गुजरते हैं। यहां पर प्रशासनिक अधिकारियों व पुलिस के रहमोकरम पर अवैध खनन का कारोबार चल रहा है। यहां से गुजरने वाले ट्रैक्टर ट्रालियों को तभी रोका जाता है, जब खनन माफिया बात नहीं मानते।

यहां से एक दर्जन गाडियां रोज़ निकलती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि हमीरपुर से अवैध खनन कर लाई जा रही मौरंग भरी ट्रैक्टर ट्रालियां तहरापुर गांव से होकर गुजरती हैं, जिससे तहरापुर गांव की सड़क भी गड्ढों में तब्दील हो गई है। इससे ग्रामीणों को निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खनन माफिया की दबंगई के चलते लोगों को सड़क पर चलना दुश्वार है।

ग्रामीणों की ओर से इसकी शिकायत कई बार रेउना थाने की पुलिस और घाटमपुर एसडीएम से की गई। गांव वालों का कहना है कि जब एसडीएम से शिकायत की जाती है तो खनन माफिया एक-दो दिन काम बंद रखते हैं और दो दिन बाद फिर गाड़ियां दौड़ने लगती हैं। ग्रामीणों को धमकी दी जाती है कि अगर इस बार मुंह खोला तो अच्छा नहीं होगा। ग्रामीणों ने बताया कि माफिया को अधिकारियों के साथ कुछ नेताओं का संरक्षण प्राप्त है, जिससे खनन माफिया के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नहीं होती है। एसडीएम यादवेंद्र सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बेरोकटोक दौड़ते हैं मौरंग लदे ट्रैक्टर। अमृत विचार

- मौरंग भरी गाड़ियों के दौड़ने से तहरापुर की सड़क पर गड्ढे
- एसडीएम बोले, जांच के बाद होगी माफिया पर कार्रवाई

मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: श्री शक्ति डिग्री कॉलेज साखाहारी में मंगलवार को छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन बांटे गए। सरकार की ओर से मिले इन मोबाइल फोन का पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सार्थक उपयोग करने का आह्वान किया गया। मुफ्त मोबाइल पाकर छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे।

इस अवसर पर योग के साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करने का भी आह्वान किया गया। कॉलेज प्रबंधक विनय त्रिवेदी ने योग के महत्व पर चर्चा की और इस वर्ष बढ़ती गर्मी व जल संकट पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संतुलित विकास मानव समाज की आवश्यकता है, परंतु अंधाधुंध विकास की दौड़ में हम लगातार पेड़-पौधों को काट रहे हैं। उस अनुपात में वृक्ष लगाकर उनकी देखभाल नहीं की जाती। अगर ऐसे ही पेड़ों की कटाई और विलुप्त होते तालाब और नदियों की देखभाल नहीं की गई तो आने वाले समय में वायु और शुद्ध पेयजल तक नहीं मिलेगा। मानव जीवन पर संकट के बादल मंडराएंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से दिए गए मुफ्त मोबाइल फोन का पढ़ाई-लिखाई में उपयोग करने के साथ ही तकनीकी प्रयोग करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर बीसीए विभागाध्यक्ष लेफ्टीनेंट विवेक त्रिवेदी, श्यामजी, शिवशरण उमराव, डॉ. देवेश, डॉ. जयकिशोर सचान, राऊ नन्दन विद्यार्थी, डॉ. सत्येन्द्र सुभाष सिंह, आस्था त्रिपाठी, अदनान अहमद, ईशा यादव, नेहा साहू आदि उपस्थित रहे।

मोबाइल फोन के साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

- छात्र-छात्राओं से मोबाइल का सही उपयोग करने का आह्वान
- वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर जताई गई गंभीर चिंता

नवविवाहिता ने कर ली आत्महत्या

बिठूर। मंधना के शारदा विहार में किराये के मकान में रहने वाले रंजीत गौतम की 23 वर्षीय पत्नी अनीता गौतम ने छत में लगे कुंडे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

मूलरूप से उन्नाव जिले के बांगरमऊ क्षेत्र के भिखारीपुर की रहने वाली अनीता के पति रंजीत कुमार ने बताया कि उसकी शादी दो माह पहले हुई थी। वह पत्थर की घिसाई का काम करता है। मंगलवार की सुबह वह पत्थर की घिसाई करने के लिए निकल गया था। जब शाम 6 बजे काम से लौटकर कमरे में आया तो दरवाजा अंदर से बंद था। उसने खिड़की से झांककर देखा तो अनीता का शव फंदे से झूल रहा था। इसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मंधना चौकी की पुलिस ने जांच- पड़ताल करने के बाद फोरेंसिक टीम को बुलाया और एसीपी कल्याणपुर को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घर से निकले बुजुर्ग ने फंदा लगाकर जान दी

संवाददाता, घाटमपुर

- घाटमपुर कोतवाली क्षेत्र के देवमानपुर गांव की घटना

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के देवमानपुर गांव में एक बुजुर्ग ने खेत पर आम के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के देवमानपुर निवासी बुजुर्ग वेदप्रकाश सचान ने गांव के बाहर आम के पेड़ में फांसी लगाकर जान दे दी। उसके फांसी लगाने की सूचना ग्रामीणों ने परिजनों को दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव लटका देखा तो कोहराम मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर छानबीन की। पुलिस का कहना है कि फिलहाल आत्महत्या की वजह पता नहीं चल सकी है।

प्रवेश प्रारम्भ

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

समाजसेवा घाटमपुर क्षेत्र में जगह-जगह स्टाल लगाकर किया गया शर्बत का वितरण

तपिश के बीच शर्बत पीकर मिली राहत

संवाददाता, घाटमपुर

अमृत विचार: कस्बे में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल की तरफ से तपती गर्मी में शर्बत वितरण किया गया। सुबह 10 बजे से राहगीरों को शर्बत पिलाकर प्यास बुझाई गई। 45 डिग्री के तापमान में शर्बत पीकर लोगों के चेहरे खिल उठे।

व्यापार मंडल के महामंत्री प्रदीप मिश्र ने बताया कि जिलाध्यक्ष महेश वर्मा के निर्देश पर शर्बत वितरण का कार्यकम रखा गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुरेश ओमर, अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, मंत्री पंकज ओमर, संगठन मंत्री आदर्श दिवेदी, धर्मेंद्र शर्मा, रवि मिश्र, आशीष, राजू वर्मा, गोलू, अनवार आदि लोग शामिल रहे।

उधर, क्षेत्र के परास गांव में समाजसेवियों ने राहत का हाथ बढ़ाया और भीषण गर्मी से लोगों को राहत दिलाने के लिए शर्बत वितरण किया। सुबह से शाम तक शर्बत वितरण का सिलसिला चलता रहा। भीषण गर्मी में शर्बत पीकर लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान आशीष अवस्थी, अभिषेक अवस्थी, अंबुज अवस्थी, अभिनव अवस्थी, ब्रजेश अवस्थी आदि लोग उपस्थित रहे।

घाटमपुर में व्यापारियों ने शर्बत बांटा। अमृत विचार

शिवराजपुर में पुलिसकर्मियों ने शर्बत पिलाया। अमृत विचार

पुलिसकर्मियों ने लोगों को पिलाया शर्बत

शिवराजपुर। मंगलवार को थाना प्रभारी सुबोध कुमार के नेतृत्व में कस्बे के शिवली रोड तिराहे पर शर्बत वितरण किया गया। थाना प्रभारी ने खुद खड़े होकर लोगों को शर्बत पिलाया। भीषण गर्मी को देखते हुए थाना प्रभारी ने कस्बे के शिवली रोड तिराहे पर सुबह 10 बजे से शर्बत का वितरण शुरू कराया। चिलचिलाती धूप में ठंडा-ठंडा शर्बत पीकर लोग दुआएं देते रहे। यह सिलसिला शाम तक चला। इस मौके पर प्रभाकर तिवारी, राघव दीक्षित, प्रदीप तिवारी, क्राइम इंस्पेक्टर शिवशंकर पटेल, उप निरीक्षक शिवकरण वर्मा, सिपाही अभय प्रताप सिंह मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत रानेपुर वि0 ख0- शिवराजपुर कानपुर नगर

पत्रांक /पं0 रा0वि0आ0/पन्दहवॉ वि0/मनरेगा /निविदा 2024-25 दिनांक 19.06.2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रानेपुर विकास खण्ड शिवराजपुर में सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि पंचम राज्यवित्त आयोंग एव पन्द्रहवाँ वित्त आयोग व मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य सम्पादित कराये जाने हेतु निविदाएं दिनांक 22/06/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं इसी तिथि अर्थात दिनांक 22/06/2024 को सांय 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेण्डर समिति द्वारा निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20/06/2024 से दिनांक 21/06/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10.00 बजे से सांय 4.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	सामग्री का विवरण	अनुमानित लागत लाख रू0 में	निविदा मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	मन्दिर से गोर्वधन के दरवाजे तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	3.99	00	15 दिन
2	सुशील के घर से लक्ष्मी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	2.60	00	15 दिन
3	रामकुमार के घर से तालाब तक नाली निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	1.85	00	15 दिन
4	राजनलाल के घर से सुरेश के घर तक सी.सी/इण्टरलाकिंग निर्माण।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	2.49	00	15 दिन
5	शिवदास के घर से रामदास के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	3.49	00	15 दिन
6	रामऔतार के घर से सर्वेश के घर तक नाली निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	1.50	00	15 दिन
7	पंचायत भवन का कायाकल्प कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	2.80	00	15 दिन
8	रघुनाथ के घर से सुभाष के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	2.98	00	15 दिन
9	सी.सी. रोड से पंचायत भवन तक सी. सी./इण्टरलाकिंग निर्माण ।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	2.60	00	15 दिन
10	प्राथमिक विद्यालय रानेपुर का सुन्दरीकरण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	3.20	00	15 दिन
11	दयाराम के घर से प्रभुदयाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	3.49	00	15 दिन
12	नन्हे के घर से ब्रम्हदेव की थान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य।	इन्क्लूड बिल के अनुसार	3.49	00	15 दिन

नियम व शर्ते:-

1-उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धनराशि की उपलब्धता के अनुसार एक-एक ही कार्य कराये जायेगे ।

2-निविदाकर्ता कार्यालय दिवस मे सुबह 10.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे तक दिनांक 21/06/2024 तक निविदा सम्बन्धी जानकारी एवं निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।

3- निविदाकर्ता का पंजीकरण आयकर कर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जी.एस.टी नम्बर, पैन के निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

4- दिनांक 22/06/2024 को यदि किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो अगले कार्य दिवस में यह कार्य सम्पन्न होगा।

5- निविदा स्वीकार्य अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।6 बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त की जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत रानेपुर
शिवराजपुर कानपुर नगर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत- रानेपुर
शिवराजपुर कानपुर नगर

एक नजर

खेलते समय सांप के डसने से बच्ची की मौत

कानपुर देहात। डेरापुर क्षेत्र के खिरवा निवासी राहुल कुमार की चार वर्षीय पुत्री किस्मत मंगलवार को घर में खेल रही थी। इसी दौरान सांप ने उसे डस लिया। उसके चीखने पर परिजनों को जानकारी हुई। बाबा प्रेमनारायण व चाचा दीपक उसे लेकर जिला अस्पताल अकबरपुर पहुंचे,जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने किस्मत को मृत घोषित कर दिया। ईएमओ ने बताया कि परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव लेकर घर चले गए।

खेत पर तार टूटकर गिरा करंट से भैंस की मौत

पुखरायां। देवराहट थाना क्षेत्र के कलुआताला के मलखान सिंह ने बताया कि सोमवार की शाम भैंस खेत में चरा रहे थे, तभी अचानक बिजली का तार टूटकर भैंस के ऊपर गिर गया, जिससे भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। उपनिरीक्षक राजेश सिंह राठौर ने बताया कि भैंस का पशु चिकित्साधिकारी नन्दलाल कुशवाहा से पोस्टमार्टम कराया गया है।

कैंट में नई दुकानों का लोकार्पण करेंगे सांसद

कानपुर। छावनी परिषद कानपुर की ओर से 10 नंबर कैंटीन लालबंगला रोड में बनी नव-निर्मित दुकानों का बुधवार को लोकार्पण होगा। सांसद रमेश अवस्थी सुबह 10 बजे दुकानों का लोकार्पण करेंगे। कैंट बोर्ड मैंबर लखन ओमर ने बताया कि इस दौरान कैंट बोर्ड से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी रहेंगे।

कहर ढा रही गर्मी, चार लोगों की मौत

जनपद में लगातार पांचवें दिन भी पारा 45 डिग्री पार, गर्मी के साथ लू के थपेड़ों ने किया बेहाल

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार। जिले में प्रचंड गर्मी कहर ढाने लगी है। लगातार पांचवें दिन मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार रहा, जिससे हर कोई बेहाल रहा। मौसम की तल्खी से धरती तप रही है। गर्मी व हीट स्ट्रोक से राजपुर में एक अमीन, रनियां में ट्रक चालक और मंगलपुर क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई। इन मौतों के साथ ही तमाम लोग अस्पताल पहुंचे हैं।

जिले में लगातार बढ़ते तापमान से आग बरस रही है। साथ ही लू का प्रकोप कहर बरपाने लगा है। जरा सी लापरवाही बरतने पर लोग तुरंत बीमार हो सकते हैं। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम की तल्खी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सुबह दस बजे से आसमान से आग बरसने लगी और 15 किमी की रफ्तार से चली लू ने लोगों को बेहाल कर दिया। वहीं गर्मी व हीट स्ट्रोक से होने वाली मौतों में लगातार इजाफा हो रहा है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के सुरासी गांव निवासी विशंभर पांडेय सोमवार की शाम साइकिल से बाजार करने आए थे। बाजार करके वह अपने घर जा रहे थे, तभी चौराहे के पास वह गर्मी की वजह से अचेत होकर साइकिल से गिर गए। राहगीरों ने उन्हें एक निजी अस्पताल में दिखाया गया। इसके बाद परिजन उन्हें घर ले गए। देर शाम फिर हालत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाते समय उनकी मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। इसी तरह जनपद अलीगढ़ के थाना पाली मुकीमपुर क्षेत्र के तनडौली जहान खान निवासी चालक प्रेमवीर सिंह (55) मंगलवार लुधियाना से ट्रक लेकर कोलकाता जा रहे थे। उनके साथ खलासी सुनील कुमार भी था। खलासी ने पुलिस को बताया कि अधिक गर्मी लगने व घबराहट से प्रेमवीर ने विसायकपुर के पास एक होटल के सामने ट्रक खड़ा कर दिया। इसके बाद पानी पिया। कुछ देर बाद वह सीट पर ही गिर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पाल भेजा। जहां ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने चालक को मृत घोषित कर दिया। मौत पर पत्नी राजकुमारी, बेटा कन्हैया, बेटी राधा आदि बिलखते रहे।

भीषण गर्मी में हैंडपंप से पानी पीकर प्यास बुझाते बंदर। अमृत विचार

गर्मी व लू के चलते मंगलपुर में दुकानों व सड़क पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

पांच दिन कुछ यूं रहा अधिकतम तापमान

14 जून	45.2 डिग्री सेल्सियस
15 जून	45 डिग्री सेल्सियस
16 जून	45.2 डिग्री सेल्सियस
17 जून	45.8 डिग्री सेल्सियस
18 जून	45.2 डिग्री सेल्सियस

- राजपुर, रनियां और मंगलपुर थाना क्षेत्र में हुईं मौतें

अमीन की चली गई जान

इंदपाल।

राजपुर थाना क्षेत्र के सिलहरा गांव निवासी इंदपाल सिंह (55) सिकंदरा तहसील में अमीन के पद पर तैनात थे। वह सोमवार को सिकंदरा तहसील से काम करने के बाद वह अपने बेटे हिमांशु के साथ घर वापस लौट रहे थे, तभी अचानक तबीयत बिगड़ गई। बेटा उन्हें राजपुर पीएचसी ले गया, जहां ईएमओ डॉ. शिवकुमार ने अमीन को मृत घोषित कर दिया। पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

किसान ने दम तोड़ दिया

रामजीवन।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के जिगना नदी का पुरवा निवासी रामजीवन (48) सोमवार की दोपहर बाद ट्रैक्टर से मूंग की थ्रेसिंग करने खेत गए थे। इसी दौरान उनकी हालत बिगड़ गई। घर आते समय रास्ते में वह गश खाकर गिर गए। परिजन उन्हें अकबरपुर के निजी अस्पताल ले गए, जहां देर रात डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी रन्नो देवी, पुत्र श्यामसुंदर, बिन्नू, पुत्री मीना, प्रभा बिलख पड़े। ग्राम प्रधान बलराम ने बताया कि रामजीवन की लू लगने से मौत होने की आशंका है।

बारिश नहीं होने से सूख रहीं सब्जी की फसलें

- भीषण गर्मी के बीच बारिश न होना किसानों पर भारी पड़ रहा है। इन दिनों खेतों में सब्जी की अनेक फसलें खड़ी हैं। ऐसे में लंबे समय से बारिश नहीं हो रही है, जिससे फसलों को सूखने से बचाने के लिए किसानों को हर दूसरे दिन निजी व पंपिंग सेट से सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि अगर बारिश हो जाए तो सूख रही सब्जी फसलों को संजीवनी मिल जाएगी।

शरीर से पसीना बंद होना खतरे का संकेत

- डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान ने कहा कि तेज धूप पर शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इस वजह से प्यास बहुत लगती है। सिर दर्द, उल्टी, चक्कर, बुखार और पसीना अधिक आता है, जिससे कई बार लोग बेहोश हो जाते हैं। इसे हीट सिंकोप कहा जाता है। लू लगने पर शरीर से पसीना निकलना बंद हो जाता है, जो खतरे का संकेत है। यदि पसीना आना बंद हो जाए तो समझ लें कि हीट स्ट्रोक का लक्षण है। ऐसे में डॉक्टर के पास जाकर तत्काल उपचार कराएं।

एसी में रहने से त्वचा रोग होने का खतरा

- जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. निशांत पाठक बताते हैं कि सोरायसिस जैसे त्वचा रोग वाले लोगों को एसी का उपयोग करने से बचना चाहिए। एसी के इस्तेमाल से त्वचा का रूखापन बढ़ सकता है। जिससे त्वचा रोग फैलने का खतरा बढ़ जाता है। सोरायसिस के अलावा एक्जिमा और स्किल एलर्जी वाले लोगों को भी एसी में बैठने से पहले डॉक्टरों की सलाह लेनी चाहिए। ऑफिस में तो एसी में बैठना मजबूरी है, लेकिन कोशिश करें कि घर में एसी न चलाएं।

ईंट भट्ठा मजदूर गश खाकर गिरा और थम गईं सांसें

डमरूलाल।

- **राजपुर।** थाना क्षेत्र के भाल गांव में ईंट भट्टे पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ निवासी मजदूर की मंगलवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर पंचपेढ़ी के दिलेसर गांव निवासी डमरू लाल केवट (52) अपनी पत्नी चमेली व बेटी अमिता के साथ राजपुर थाना क्षेत्र के एक भट्ठा पर ईंट निकासी का काम करता था। मृतक की पत्नी चमेली ने पुलिस को बताया कि सोमवार शाम भट्ठा पर कार्य करने के बाद डमरू लाल भाल गांव में गृहस्थी का सामान लेने जा रहे थे। तभी अचानक उसकी तबियत बिगड़ने से भाल गांव की गौशाला के पास गश खाकर गिर गए। साथी मजदूरों की सूचना पर वह 108 एंबुलेंस से पति को इलाज के लिए राजपुर पीएचसी ले गई। जहां डाक्टर शिवकुमार ने डमरू लाल को मृत घोषित कर दिया। राजपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार ने बताया कि परिजनों ने गर्मी से हालत बिगड़ने की जानकारी दी है।

सुबह-शाम बंद रहेंगे रावतपुर तिराहा पर बैरियर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- व्यस्त समय में लगने वाले जाम के झाम से लोगों को राहत दिलाने की कवायद
- आज से प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रही ट्रैफिक पुलिस, यू टर्न से होगा आना-जाना

अमृत विचार। रावतपुर तिराहे पर एक बार फिर से लंबा जाम लगना शुरू हो गया है, इसे खत्म करने के लिए ट्रैफिक पुलिस पीक ऑवर में रावतपुर तिराहा पर बैरियर बंद करने की योजना बना रही है। बुधवार से इस योजना को अमल में लाया जा सकता है।

गोल चौराहा से रावतपुर रेलवे स्टेशन तक सुबह व शाम के समय लगने वाले भीषण जाम से लोगों को मुक्ति दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस ने मार्ग में आने वाले सभी कटों को बंद कर दिया था। इससे कंपनीबाग से आने वाले वाहन गोल चौराहे से यू टर्न लेकर रावतपुर की ओर जाते थे। इतना लंबा यू टर्न देखकर पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने रावतपुर तिराहा पर बैरियर खोलकर ट्रैफिक सिपाहियों की तैनाती के निर्देश दिए थे। इससे हालात कुछ समय तो ठीक रहे, लेकिन जल्दी ही समस्या जस की तस हो गई।

व्यस्त समय में रोज तिराहे पर जाम लगने लगा। वाहन सवारों के लिए यहां से निकलना चुनौती बन गया। अक्सर वाहनों का फंसाव गोल चौराहे से रावतपुर तिराहे से गीता नगर क्रासिंग तक हो जाता है। इसी कारण दोबारा रावतपुर तिराहा बंद करने का निर्णय लिया गया है।

तय स्थानों पर ही रोके सिटी व ई बसें

- डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने यातायात भवन में रोडवेज बसों और ई-बसों के अनाधिकृत स्थान पर रोकने से होने वाली घटनाओं पर परिवहन अफसरों संग बैठक की। सिटी और ई- बस चालकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वह घंटाघर, रावतपुर, फजलगंज और विजयनगर चौराहों पर तय स्थान पर सवारियां उतारे और चढ़ाएं। डीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि रावतपुर मेट्रो स्टेशन, फजलगंज और विजय नगर में सिटी बस चालक चौराहे पर ही बस रोक सवारियां बैठाते हैं। परिवहन अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि चालकों को निर्देश जारी करेंगे।

रावतपुर तिराहे पर निर्देशित करते अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर।।

अपर पुलिस आयुक्त और डीसीपी ने देखा यातायात का हाल

- जाम की समस्या को दूर करने के लिए मंगलवार को अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर व डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने रावतपुर तिराहे से गुटैया क्रासिंग तक निरीक्षण कर मातहतों को निर्देशित किया। टीआई वेस्ट मनोज कुमार सिंह ने बताया कि तिराहे पर जाम खत्म करने के लिए पीक ऑवर पर सुबह 10 से दोपहर 1 बजे व शाम को 5 से 8 बजे तक तिराहा बंद करने पर विचार किया जा रहा है। बुधवार से योजना को अमल लाने की तैयारी है।

ट्रैफिक पुलिस में साउथ व ईस्ट जोन को मिले प्रभारी

रूट डायवर्जन के कारण घाटमपुर, बिधून, साढ़ व रामादेवी में लगने वाले जाम की समस्या को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस में साउथ व ईस्ट जोन को दो भागों में विभाजित किया गया था। डीसीपी ट्रैफिक आरती सिंह ने दोनों जोन को दो भागों में विभाजित करते हुए दो अतिरिक्त टीआई की तैनाती की। उन्होंने बताया कि सेन पश्चिमपारा, सजेती, घाटमपुर, गुजैनी, हनुमंत विहार, रेउना, बिधनू व साढ़ में टीआई हरिकेश आर्य व जूही, किदवई नगर, गोविंद नगर, नौबस्ता, बर्रा, बाबूपुरवा क्षेत्र की जिम्मेदारी टीआई मोबिन खान को दी गई है। वहीं पूर्वी जोन में नर्वल, जाजमऊ, महाराजपुर, चकेरी, छावनी, रेलबाजार का जिम्मा राजकिशोर व फीलखाना, मूलगंज, कोतवाली, कलक्टरगंज, हरवंश मोहाल, बादशाहीनाका, टाटमिल चौराहा व झकरकटी बस स्टैंड की यातायात व्यवस्था टीआई राजकुमार मिश्रा संभालेंगे।

सार-संक्षेप

जैनपुर की फैक्ट्री में आग से बचाव की जानकारी लेती एनडीआरएफ टीम।

एनडीआरएफ टीम ने क्रोम केमिकल फैक्ट्री का किया दौरा

कानपुर देहात। मंगलवार को अकबरपुर क्षेत्र के जैनपुर स्थित क्रोम केमिकल प्राइवेट लिमिटेड में वाराणसी से आई एनडीआरएफ टीम ने भ्रमण कर आपातकालीन संबंधित उपायों की जानकारी ली। एनडीआरएफ के उप महानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा व डीएम आलोक सिंह जिलाधिकारी के दिशा निर्देशन में क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र वाराणसी से आई टीम ने केमिकल डिपो का दौरा किया। उन्होंने इकाई के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर यूनिट के बावत पूरी जानकारी प्राप्त की। इस दौरे का प्रमुख उद्देश्य किसी घटना से उत्पन्न आपातकालीन स्थिति में सभी सुरक्षा एवं बचाव एजेंसियों का तत्काल रिस्पॉस करना तथा सभी स्टेक होल्डरस के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है। इस मौके पर एनडीआरएफ टीम के टीम कमांडर निरीक्षक जितेंद्र सिंह यादव के साथ पंद्रह सदस्य, आपदा विशेषज्ञ अश्वनी कुमार वर्मा मौजूद रहे।

रूरा में ठंडा शर्बत पीते राहगीर।

सेवा समिति ने राहगीरों में बांटा ठंडा शर्बत

रूरा। कस्बा में सर्व समाज सनातन कल्याण सेवा समिति की ओर से मंगलवार को शर्बत वितरण किया गया। जिसमे व्यापार मंडल के सदस्यों का भी सहयोग रहा है। शर्बत वितरण सुबह से शुरू होकर शाम तक चलता रहा। इस दौरान हजारों लोगों ने भीषण गर्मी में ठंडा शर्बत पीकर राहत की सांस ली। सर्व समाज सनातन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत श्रीवास्तव, हरिओम सेठ, नगर अध्यक्ष स्वाति कश्यप, दीपक कश्यप, अमन शुक्ला आदि लोगों ने सहयोग किया।

किराना दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र के दामोदर नगर इलाके में सोमवार देर रात बारातशाला चौराहे के पास एक किराने की दुकान में आग लग गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आग सुमित शर्मा की किराने की दुकान में लगी थी। आग से दुकान का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। इलाकाई लोगों की सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की गाड़ी ने एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। आशंका है कि आग शार्ट सर्किट से लगी थी।

सरकारी भूमि पर शव दफनाने पर आपत्ति

संवाददाता, मूसानगर

- एसडीएम के समझाने के बाद कब्रिस्तान में दफनाया गया शव

अमृत विचार। मुक्ता देवी धाम स्थित कब्रिस्तान से हटकर नगर पंचायत की बंजर भूमि में शव दफनाने की सूचना पर पहुंचे भोगनीपुर एसडीएम ने जमीन की पैमाइश कराई। तीन घंटे नाप-जोख चलने के बाद एसडीएम के समझाने पर शव को कब्रिस्तान में दफन किया गया।

एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह ने बताया कि नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन में मुक्ता देवी धाम गढ़ के तबारक अली परिजनों के साथ मिलकर अपने बड़े भाई मुबारक अली का शव कबिस्तान की भूमि से हटकर नगर पंचायत की बंजर जमीन पर दफन कर रहे थे। जबकि तबारक अली ने कहा कि वक्फ बोर्ड के नाम से 5.5 बीघा में कब्रिस्तान है। वह उसी में शव को दफन कर रहे थे। जिस पर कुछ लोगों ने आपत्ति की। जानकारी पर एसडीएम राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मुस्लिम पक्ष के लोगों को समझाया। इस पर गाटा संख्या 167 की पैमाईश शुरू की गई, जो 10 बीघे का है।

शव दफनाने के विवाद में लोगों को समझाते एसडीएम सर्वेश कुमार सिंह।

नाप-जोख करने पर कब्रिस्तान की 21 बिस्वा भूमि राजस्व अखिलेखीय आधार पर निकली, जो पहले से दर्ज है, जबकि लोग 2.5 बीघा बंजर भूमि में शव को दफन कर रहे थे। एसडीएम के समझाने पर तबारक अली ने कब्रिस्तान में बड़े भाई का शव दफन किया। एसडीएम ने बताया कि कब्रिस्तान की भूमि का चिह्नांकन कर दिया गया है। वक्फ बोर्ड के नाम से राजस्व अभिलेखों में कोई जमीन दर्ज नहीं है। पैमाइश के दौरान सीओ देवेंद्र सिंह, कानूनगो अखिलेश कुमार, लेखपाल प्रवीण शुक्ला, रामचंद्र पटेल, निगम सिंह, जितेंद्र आदि रहे।

आरटीईः अंतिम चरण में 20 जून तक आवेदन

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- 21 से 27 तक आवेदनों की होगी जांच, 28 को आएगा परिणाम

अमृत विचार। शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत अंतिम चरण में आवेदन की प्रक्रिया 20 जून तक चलेगी। आवेदकों की जांच के बाद 28 जून को परिणाम जारी कर दिया जाएगा। चयनित को सात जुलाई तक प्रवेश दिया जाएगा।

आरटीई के तहत निर्बल आय वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में कक्षा एक की 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई है। इन सीटों पर चयन के लिए पहले चरण की आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 20 जनवरी से 18 फरवरी तक चली थी। उसका परिणाम 26 फरवरी को आया था। दूसरे चरण का आवेदन एक से 30 मार्च तक हुआ था। तीसरे चरण का आवेदन 15 अप्रैल से आठ मई तक लिया गया था। चौथे चरण की आवेदन प्रक्रिया एक जून से शुरू हुई है। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि आरटीई के तहत पोर्टल पर 20 जून तक आवेदन होंगे। उसके बाद 21 से 27 जून तक आवेदनों की जांच होगी और 28 जून को परिणाम जारी कर दिया जाएगा।

सुंदरकांड का पाठ | महाआरती कर लगाया गया 56 भोग, श्रद्धालुओं को पिलाया गया शर्बत

बड़े मंगल पर बालाजी धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, रूरा

अमृत विचार। ज्येष्ठ माह के चौथे बड़े मंगल पर धनीरामपुर के श्री बालाजी हनुमान मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। इस दौरान महाआरती कर प्रसाद का भोग लगाया गया और सुंदरकांड का पाठ किया गया।

जेठ मास के चौथे बड़े मंगलवार पर धनीरामपुर स्थित हनुमान मंदिर में भक्तों का जनसैलाब दर्शन करने के लिए उमड़ पड़ा है। सुबह से ही लंबी-लंबी कतारों में लगे भक्त अपनी मनोकामना लेकर हनुमान जी महाराज से मन्नते मांगते रहे। बड़ा मंगलवार होने के वजह से हनुमान मंदिर को सजाया गया और हनुमान जी का भव्य श्रृंगार किया गया।

भगवान को 56 भोग लगाकर आरती की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मंगलवार का दिन हनुमान जी को समर्पित है। ज्येष्ठ माह के मंगलवार का विशेष महत्व होता है। इसे बड़ा मंगल भी कहा जाता है।

हिंदू कैलेंडर के अनुसार इस बार ज्येष्ठ माह में चार बड़े मंगल में ये चौथा मंगला हैं। इस पावन दिन हनुमान जी की विशेष पूजा-अर्चना करना चाहिए। बड़ा मंगल के दिन हनुमान जी की व्रत-पूजा अचूक मानी जाती है। मान्यता के अनुसार इस दिन बजरंगबली को चोला चढ़ाने, दान-पुण्य करने से हर तरह की बाधा दूर होती है। मंदिर के महंत वीरेंद्र कुमार पांडेय ने महाआरती की। साथ ही महाप्रसाद का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया गया। गर्मी को देखते हुए शर्बत का भंडारा चलाया गया। जिसे पीकर लोगों ने राहत की सांस ली।

बड़े मंगल पर धनीरामपुर के बालाजी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

भक्तों को भंडारे का प्रसाद वितरित करतीं बीएसए रिद्धी पांडेय। अमृत विचार

बीएसए ने बालाजी मंदिर में वितरित कराया प्रसाद

रूरा। क्षेत्र के धनीरामपुर स्थित बालाजी मंदिर में मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान सीओ अकबरपुर तनु उपाध्याय, प्रिया सिंह, एसओ रूरा एसएन सिंह, गोविंद सिंह, नीरज अवस्थी, शिवा पांडेय आदि मौजूद रहे।

ट्रेन की चपेट में आने से वेंडर हुआ घायल

पुखरायां। रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पार करते समय वेंडर ट्रेन की चपेट में आने से घायल हो गया। आरपीएफ ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

औरैया जिले के डोरी का पुरवा गांव के रहने वाले भूपेंद्र ने बताया कि उसका चचेरा भाई अनुपम उर्फ कल्लू (30) रेलवे स्टेशन पर वेंडर के रूप में पानी बेचता था। रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर राप्ती सागर ट्रेन के आने पर वेंडर उल्टी साइड में ट्रेन से उतरकर ट्रैक पार करने लगा, तभी मालगाड़ी की चपेट में आने से घायल हो गया। आरपीएफ को सूचना मिलने पर कांस्टेबल सतेन्द्र ने घायल वेंडर को सीएचसी पहुंचाया, जहां ड्यूटी में तैनात डॉ. राजवीर ने घायल का प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मानसून नजदीक, गांवों में दवा छिड़काव नहीं

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

- यमुना नदी के तटवर्ती इलाकों में पनपतीं मच्छरजनित बीमारियां

अमृत विचार। गर्मी के तेवर के साथ ही मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ मच्छरजनित बीमारियों की बातें वॉल पेंटिंग और पोस्टर में ही सिमट कर रह गई है। ग्राम पंचायतों में दवाओं का छिड़काव बारिश शुरू होने से पहले हो जाना चाहिए, लेकिन अभी इसकी शुरूआत नहीं हो सकी है।

जनपद में कुल 218 ग्राम पंचायतें हैं। करीब एक सप्ताह बाद मानसून के दस्तक देने की उम्मीद की जा रही है। ग्राम पंचायतों में बारिश शुरू होने से पहले दवा का छिड़काव कराया जाता था। ताकि गांवों में मच्छरजनित बीमारियां न होने पाएं। लेकिन इस बार अभी तक किसी ग्राम पंचायत में मच्छररोधी दवा का छिड़काव शुरू नहीं हो सका है। यह हाल तब है, जब जिले के कई गांव संवेदनशील की श्रेणी में रखे गए हैं। सबसे ज्यादा यमुना नदी के तटवर्ती मूसानगर, अमराहट आदि क्षेत्र के गांवों में मच्छरजनित बीमारियां होती हैं। इसके बावजूद ग्राम पंचायतों में मच्छररोधी दवा का छिड़काव शुरू नहीं कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पंचायत राज वभाग की ग्रामीण क्षेत्रों में दवा छिड़काव कराने की जिम्मेदारी है। वहीं पंचायत राज विभाग के अफसरों की मानें तो मच्छररोधी दवा स्वास्थ्य विभाग की तरफ से दी जाती है। ग्राम पंचायतें अपने स्तर पर मच्छररोधी दवा का छिड़काव शुरू करा सकती हैं। जिले स्तर से अभी तक कोई विशेष अभियान नहीं चलाया जा रहा है।

18 नामजद और 100 अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट

युवक का शव रख पुरवा सोहरामऊ रोड को किया था जाम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पुलिस ने वीडियोग्राफी फुटेज देखने के बाद सख्ती दिखाते हुए की कार्रवाई

अमृत विचार। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गांव निहाल खेड़ा निवासी युवक की इलाज के दौरान हुई मौत के बाद बीते सोमवार परिजनों ने जमकर हंगामा काटा था और पुलिस से धक्का-मुक्की व अभद्रता कर तीन घंटे तक रोड जाम कर रखा था। लेकिन, मंगलवार को पुलिस ने वीडियो फुटेज से परिजनों को उकसाने वाले 18 लोगों को चिह्नित कर 100 अज्ञात पर बलवा करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बता दें कि पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मिर्री कला गांव के मजरा निहाल खेड़ा निवासी भीखालाल का बेटा शिवम (19) बीती 27 मई को कोतवाली क्षेत्र के मदारी खेड़ा गांव निवासी एक युवती से मिलने गया था। युवती ने शिवम के दोस्त सचिन को फोन पर उसकी हालत गंभीर होने की बात बताई थी। परिजनों ने उसे गांव स्थित एक घर के बाहर से मरणासन्न हालत में पड़ा मिलने पर लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पांच दिन पहले डाक्टरों के जवाब देने पर परिजन उसे घर ले आए थे। इसके बाद रविवार को उसकी मौत हो गई थी। युवक के परिजनों ने बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचे परिजनों ने पुरवा-सोहरामऊ मार्ग स्थित मिर्री कला बाजार के सामने शव रख जाम लगा दिया था। इस दौरान वहां सैकड़ों की भीड़ एकत्र हो गई और पुलिस का घेराव कर उससे धक्का-मुक्की व अभद्रता की गई। एसडीएम रनवीर सिंह व सीओ सोमेंद्र विश्वास ने पीड़ित परिवार को तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया लेकिन, लोगों के उकसाने पर परिजनों ने उनकी एक न सुनी और तीन घंटे तक रोड जाम कर हंगामा किया।

मंगलवार को पुलिस ने वीडियोग्राफी के फुटेज तलाशने के बाद मामले में परिजनों को भड़काने वालों की पहचान की। इनमें 18 लोगों को चिह्नित करने के साथ 100 अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज किया।

तिकुनिया चौराहे पर मिले शव की हुई पहचान

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण नहीं हुआ स्पष्ट
- ईंट-भट्ठा में मजदूरी करता था युवक

अमृत विचार। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत तिकुनिया चौराहा के पास मिला शव पास में ईंट भट्ठा में मजदूरी करने वाले युवक का निकला। गांव के साथी श्रमिक ने उसे पहचान लिया। पुलिस की सूचना पर पहुंचे भाई ने उसकी शिनाख्त की। मंगलवार को हुए पोस्टमार्टम में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया। इस पर बिसरा सुरक्षित किया गया है। वहीं परिजनों ने भी अचानक मौत पर शक जताया है।

सांताराम।

बता दें कि बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत नगर के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तिकुनिया चौराहा पर सोमवार शाम एक युवक का शव पड़ा मिला था। पुलिस ने तहकीकात के बाद उसकी पहचान के प्रयास किए लेकिन, सफलता नहीं मिली। इस पर शव मोर्चरी भेजा गया। शोसल मीडिया से मिली जानकारी पर बांगरमऊ के एक भट्ठा श्रमिक गुरचरण ने उसे फोटो से पहचान लिया। इसके बाद पुलिस ने परिजनों को इसकी सूचना दी।

मंगलवार दोपहर झारखंड प्रांत के गांव गड़वाली थाना सिसई गुमला निवासी जयराम पुलिस के साथ मोर्चरी पहुंचा और शव देख बिलख उठा। उसने युवक की पहचान अपने भाई सांताराम (32) के रूप में करते हुए बताया कि वह चार महीने से बांगरमऊ में ईट भट्ठे में मजदूरी कर रहा था।

भाजपा बूथ अध्यक्ष व पत्नी को पीटने वालों पर रिपोर्ट

पुरवा। कस्बा के मोहल्ला मियां टोला निवासी जैनुल पुत्र अनीश ने बताया कि वह भाजपा का बूथ अध्यक्ष है।

मंगलवार सुबह वह घर के बाहर बैठा था। तभी पड़ोसी जफरूल, महफूज व काले आए और उसे गालियां देते हुए मारने-पीटने लगे। विरोध करने पर चाकू निकालकर कहा कि आज तुम्हारी कुर्बानी चढ़ा दूंगा। बचाने पहुंची पत्नी को भी बुरी तरह से जमकर मारा पीटा तो मोहल्ले के लोगों ने उन लोगों को बचाया। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पीड़ित भाजपा का बूथ अध्यक्ष है। उसकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही उन्होंने कहा कि दोषियों को पकड़ने के लिये दबिश दी जा रही है जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जायेगा।

गैर इरादतन हत्या के आरोप में पति और देवर गये जेल

कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मारपीट में पत्नी के सिर में आई चोटों से हुई थी मौत
- मृतका के पिता ने दामाद पर लगाया था पीटने का आरोप

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत मारपीट में महिला के सिर में चोटें आने से उसकी मौत हो गई थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति और देवर पर रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।

बता दें कि शहर के मोहल्ला उम्मीदों के शहर निवासी सीमा (35) पत्नी भानू शर्मा की रविवार की रात में घर में हालत बिगड़ गई। पति ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। पीएम रिपोर्ट में उसके सिर में तीन चोटें मिली हैं। प्रथम दृष्टया यह मारपीट का मामला लग रहा था। महिला के मुंह से खून भी निकला था। रिपोर्ट में हेडइंजरी से मौत होने की बात सामने आई है। महिला के पिता महावीर शर्मा निवासी ईश्वरी नथयी खेड़ा ने सोमवार रात पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बेटी की शादी के 14 साल हो चुके हैं।

दामाद बेटी को पीटता था। उसी से बेटी की मौत हुई है। वह शराब का भी लती है। पुलिस ने जांच के बाद गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट पति व उसके भाई पर दर्ज की थी। मंगलवार को दरोगा राजीव त्रिपाठी ने फोर्स के साथ दबिश देकर कांशीराम मोड़ के पास से पति भानू उर्फ सतीश पुत्र स्व. बाबू लाल और उसके छोटे भाई बऊआ को गिरफ्तार किया।

केसरी के लाल मेरा छोटा सा काम... भजनों पर झूमे श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। ज्येष्ठ माह के अंतिम मंगलवार पर शहर सहित पूरे जिले में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह शर्बत वितरण व भंडारा आयोजित कराए। पंडालों में लगातार लाउडस्पीकर से भगवान बजरंगबली के भजन-कीर्तन गूंजते रहे।

शर्बत व भंडारा आयोजित कराने वालों ने पहले से ही तैयारियां पूरी कर रखी थीं। इसलिए दिन में 11 बजे से ही विभिन्न स्थानों पर शर्बत वितरण के स्टाल सजने लगे। इसी तरह भंडारा के आयोजकों ने भी दोपहर 12 बजे से प्रसाद वितरण शुरू कर दिया। कुछ स्थानों पर गर्मी के चलते दोपहर तीन बजे के बाद भंडारों की शुरुआत की गई। शहर के बड़ा चौराहा, मोतीनगर, छोटा चौराहा, सिविल लाइंस, आवास विकास कालोनी, बाबूगंज, गांधीनगर, इंदिरानगर, पीडीनगर, कब्बाखेड़ा, लोकनगर व दरोगाबाग आदि लगभग सभी मोहल्लों में शर्बत वितरण का सिलसिला जारी रहा। एसपी कार्यालय में आयोजित भंडारा का एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने पूजन-अर्चन कर भोग लगाया।

मोतीनगर में राजू मिश्रा, अमित मिश्रा व पियूष निगम सहित अन्य लोगों ने हनुमान मंदिर पर भंडारा आयोजित कराया। बीघापुर तहसील क्षेत्र के सरांय मनिहार गांव में जेठ के बड़े मंगल पर स्व. जितेंद्र विक्रम सिंह 'टाइगर सिंह' की स्मृति में भंडारा आयोजित कर प्रसाद बांटा गया। युवा भाजपा नेता कुश सिंह व लव सिंह द्वारा आयोजित इस भंडारे में स्थानीय वाशिंदों व क्षेत्रीय लोगों सहित राहगीरों को प्रसाद वितरण किया जाता रहा।

भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

सफीपुर संवाददाता के अनुसार, जेठ माह के चतुर्थ मंगलवार को कस्बा व ग्रामीण आंचलों के मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर संकट मोचन हनुमान की पूजा-अर्चना कर भव्य भंडारे आयोजित किए जाते रहे। क्षेत्रीय भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर ने नगर स्थित शंकरी माता मंदिर में माता रानी, भोलेनाथ व हनुमानजी का पूजन-अर्चन किया। कोतवाली परिसर स्थित हनुमान मंदिर में प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने सुंदरकांड पाठ का संगीतमय आयोजन करा प्रसाद वितरण कराया।

फतेहपुर चौरासी संवाददाता ने बताया कि नगर व ग्रामीण इलाकों में जगह-जगह भंडारा अयोजित कराए जाते रहे। गोविंद चौराहा पर रोहित राठौर, शीतला देवी मंदिर पर राहुल यादव, निजी प्रतिष्ठान पर संजय द्विवेदी, आलोक चौरसिया व अभिषेक मिश्र आदि ने प्रसाद वितरण कराया। उधर उगू नगर पंचायत स्थित बाबा बलखंडेश्वर मंदिर में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज दीक्षित व समाज सेवी अवधेश दीक्षित ने परंपरागत ढंग से भंडारा आयोजित कराया। वहीं हुलासी कुंआ-गौरिया कला मार्ग स्थिति बाबा कांसेन मंदिर पर अंकुश आजाद ने पूड़ी-सब्जी व बूंदी बंटवाई। गुड्डू मार्केट में रिटू कन्नौजिया ने भंडारा कराया।

भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

शुक्लागंज उन्नाव। ज्येष्ठ के आखिरी बड़े मंगल को देखते हुये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बाबा के मंदिरों में भव्य श्रंगार कराया गया। वहीं राजधानी मार्ग समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में शर्बत वितरण, भंडारे का आयोजन हुआ। ज्येष्ठ के अंतिम बड़े मंगल पर राजधानी मार्ग पर पूर्व सैनिक विजय तिवारी, संजय तिवारी, श्याम मनोहर तिवारी ने बाबा का भव्य श्रंगार कराया गया। जहां गणेश मिश्रा, प्रद्युम्न मिश्रा, देवी चौटाला, अरविंद तिवारी, जय सिंह कुशवाहा, रवि तिवारी मौजूद रहे। वहीं शिव शक्ति गैस की ओर से प्रमोद त्रिवेदी ने शर्बत वितरण कराया। मरहला चौराहा पर टीम प्रयास समता सहाय की ओर से वैभव त्रिपाठी ने शर्बत बांटा। वहीं साकेतपुरी में विनय गुप्ता, अभिलाष बाजपेई, पिंटू सिंह, दीपक सिंह ने पूडी सब्जी बांटी। वहीं अंबिकापुरम में राजेश गुप्ता, केडी त्रिवेदी, मिन्टू वर्मा ने शर्बत बांटा। वहीं कृष्णा स्वीट के बाहर श्रीकृष्ण राजपूत, लव राजपूत, शिवराम राजपूत ने शर्बत वितरण कराया। इस मौके पर प्रदीप शुक्ला, बृजेश मिश्रा, आनंद वर्मा, राममोहन शुक्ला, शिवम पांडे, बालेश शर्मा के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे। इसके अलावा राजधानी मार्ग, पोनी रोड, मिश्रा कॉलोनी, चंपापुरवा, कंचन नगर समेत आस पास ग्रामीण इलाकों में भी ज्येष्ठ मंगल पर प्रसाद वितरण किया गया। वहीं ऋषि आश्रम, बाला जी मंदिर, अशोक वाटिका हनुमान मंदर के अलावा नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के हनुमान मंदिरों में बाबा का भव्य श्रंगार कराने के साथ ही सुंदरकांड पाठ का आयोजन कराया गया।

राजधानी मार्ग पर शर्बत वितरण करते लोग। अमृत विचार

पवन तनय के सामने मो.फैज ने सुनाए भजन

बीघापुर तहसील के गौरी गांव स्थित पवनतनय मंदिर में जेठ के मंगलवार के दिन धार्मिक सौहार्द की गंगा बही। गायक मो. फैज ने हनुमानजी को भजनांजलि अर्पित की। भजन के पहले सुंदरकांड का संगीतमय पाठ हुआ। साथ ही श्रद्धालुओं के जयकारों से वातावरण हनुमत भक्ति से सराबोर रहा। आरती के बाद प्रसाद बांटने के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आपको बता दें कि शास्त्रीय गायक, पद्म विभूषण व पद्मश्री से विभूषित उस्ताद राशिद खां साहब के खानदानी मो. फैज एमएम पब्लिक स्कूल में संगीत शिक्षक हैं। स्कूल मं अवकाश के बाद उन्होंने विद्यालय पहुंचकर पवनतनय महाराज के समक्ष 'श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में' भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भावविभोर कर दिया। प्रबंधक गौरव अवस्थी व सुनील अवस्थी ने यजमान की भूमिका में रहे। इस मौके पर निर्मल सिंह लाला, प्रिंसिपल श्रीमती शिवानी सिंह, डा. कुसुमलता द्विवेदी, अभय सिंह व रोहित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

प्लास्टिक का उपयोग न करने को किया जागरूक

उन्नाव। नर सेवा-नारायण सेवा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने विगत वर्षों की तरह अंतिम मंगलवार के दिन पंडालों पर पहुंच कर शर्बत व भंडारा के प्रसाद वितरण में प्लास्टिक निर्मित सामग्री का इस्तेमाल न करने की अपील की। भीषण गर्मी के बावजूद अध्यक्ष और उनके साथी पंडालों के आसपास झाड़ू लगाते हुए प्रयोग किए गए प्लास्टिक के गिलास आदि समेटते और गाड़ी में भर लेते। साथ ही आयोजकों को पर्यावरणीय लिहाज से सुरक्षित सामग्री उपलब्ध कराते रहे। इस अभियान में हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, सुरेश सिंह सेंगर, राकेश राजपूत, योगेंद्र तिवारी, केतन अवस्थी, मनीष अवस्थी, धर्मेंद्र शुक्ल, परिमल मिश्रा ,अभी तिवारी, कमलेश वाजपेयी, अभिषेक तिवारी, शिवम शुक्ल व नीरज शुक्ला आदि भी शामिल रहे।

श्यामा प्रसाद स्टेडियम में प्रवेश शुल्क माफ करने को दिया पत्र

शुक्लागंज उन्नाव। सरैयां सब स्टेशन के पास बने श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में जिला युवा कल्याण एवं प्रा. वि. द. अधिकारी ने प्रवेश शुल्क लगाया था। जिसकी जानकारी होने पर संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष ने डीएम और विभाग के अधिकारी से मुलाकात की और शुल्क न लगाये जाने की मांग की है। डॉकतार कॉलोनी निवासी संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के प्रतिनिधि संदीप पांडे ने उन्नाव डीएम और जिला युवा कल्याण एवं प्रा. वि. द. अधिकारी को पत्र देते हुये बताया कि सरैयां ग्राम सभा में 1996 में तत्कालीन सांसद देवी बक्श सिंह द्वारा सांसद निधि से बनवाया गया था। जिसमें क्षेत्र के रहने वाले युवाओं के खेलकूद के लिये एकमात्र स्टेडियम हैं। जिसमें सभी खेलकूद के साथ साथ सरकारी नौकरियों हेतु शारीरिक परीक्षा की तैयारी करते हैं, आस पास के बुजुर्ग सुबह शाम टहलने के लिये इसी स्टेडियम में जाते है, छोटे छोटे बच्चों के खेलने के लिए कोई अन्य स्थान नहीं है। ऐसे में जिला युवा कल्याण एवं प्रा वि द अधिकारी ने स्टेडियम की दीवार में नोटिस चस्पा की है कि स्टेडियम में प्रवेश हेतु शुल्क लगाया जायेगा। इसके लिये सभी को परिचय पत्र बनवाना पड़ेगा। परिचय पत्र बनवाने के लिये विकास भवन प्रथम तल उन्नाव जाकर युवा कल्याण विभाग से संपर्क करें।

मिनी स्टेडियम में आईडी से मिलेगा प्रवेश

उन्नाव। युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल विभाग अब सिकंदरपुर सरोसी ब्लाक क्षेत्र के सरैयां स्थित डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मिनी स्टेडियम में आवांक्षित आवाजाही रोकेगा। इसके लिए विभाग खिलाड़ियों सहित खेल प्रेमियों के लिए 50 रुपए शुल्क जमा करा परिचय पत्र जारी करेगा, जिससे परिचय पत्र न दिखाने वालों को प्रवेश नहीं मिल सकेगा। विभागीय अधिकारी ने बताया कि स्टेडियम पहुंचने वाले खिलाड़ियों व खेल प्रेमियों से लगातार अवांक्षित लोगों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं। इसलिए विभागीय महानिदेशालय की स्वीकृति पर अब स्टेडियम की मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ करने व अवांछनीय तत्वों का प्रवेश सख्ती से रोका जाएगा। इसलिए खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों व सैर को आने वालों को एक जुलाई से पहले अपना परिचय पत्र जारी करा लेना चाहिए। इसके लिए उन्हें दो फोटो उपलब्ध कराते हुए आधार कार्ड की छाया प्रति व 50 रुपए शुल्क जमा करना होगा। उन्होंने बताया कि परिचय पत्र विकास भवन स्थित कक्ष संख्या-64 में संचालित कार्यालय द्वारा जारी किए जाएंगे। इसलिए असुविधा से बचने के लिए सभी को एक जुलाई से पहले परिचय पत्र जारी करा लेने चाहिए।

मंगल दलों को मिलेगा पुरस्कार

उन्नाव। जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय विकास दल अधिकारी के मुताबिक पिछले सालों की तरह इस वर्ष भी जिला व ब्लाक स्तर पर विवेकानंद यूथ एवार्ड दिए जाएंगे। इसके लिए ग्राम पंचायतों में गठित मंगल दलों में शामिल युवाओं को वित्तीय वर्ष में अपने राष्ट्रीय व सामाजिक कार्यों में सहभागिता साबित करनी होगी। इसके लिए वह खेलकूद प्रतियोगिताओं में सहभागिता, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वच्छता कार्यक्रम आदि कार्यों का उल्लेख करते हुए आवेदन कर सकते हैं।

नौकर की आत्महत्या के कारण का नहीं चल सका पता

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- किशोर की मालकिन परिवार समेत जयपुर गई हुई हैं

अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत कब्बा खेड़ा मोहल्ला निवासी एक किशोर रविवार को फंदे से लटक गया था। पड़ोसी युवक ने उसे अस्पताल पहुंचाया था, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। लेकिन उसकी मालकिन के बाहर होने से उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

कब्बा खेड़ा तिराहा निवासी जसविंदरने बताया कि वह 15 दिन पूर्व परिवार सहित अपने मायके राजा पार्क जयपुर गई थी।

बताया कि 16 जून को पड़ोसी प्रतीक टंडन ने फोन कर बताया कि उनके घर में रहने वाले विजय उर्फ छोटू (17) ने अज्ञात कारणों फांसी लगा ली। पड़ोसी ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत बताया।

महिला ने निगला जहरीला पदार्थ, भर्ती

बांगरमऊ। कोतवाली क्षेत्र के गांव शीतलगंज निवासी इस्माइल की 40 वर्षीय पत्नी मुन्नी ने मंगलवार को घरेलू कलह के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया।

जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से हाईवे पर पलटा शव वाहन, तीन लोग घायल

संवाददाता, औरास

अमृत विचार। बिहार प्रांत के जगदीशपुर थानांतर्गत बैतिया गांव निवासी राजेंद्र पुत्र विश्वनाथ जो कि भारतीय कालोनी लुधियाना में रहकर दिहाड़ी पर कपड़े की छपाई का काम करता था। उसे लू लग गई थी। सोमवार को राम चैरीटेबल हास्पिटल लुधियाना में उसकी मौत हो गयी थी। उसके गांव निवासी साथ में काम करने वाले सैयद व भूपेंद्र हास्पिटल से शव को शव वाहन में रखकर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से बिहार जा रहे थे। मंगलवार को औरास थानांतर्गत किमी संख्या-264 के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने आगे चल रहे शव वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इसमें चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों को स्वास्थ्य केंद्र औरास ले गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। इसके बाद शव को दूसरे वाहन से रवाना किया गया।

एक्सप्रेस-वे पर पलटा पड़ा शव वाहन।

सार-संक्षेप

बिजली चोरी करते तीन लोग पकड़े गये

बांगरमऊ। स्थानीय विद्युत उपकेंद्र में तैनात जेई दीपक जायसवाल के नेतृत्व में धर्मेंद्र सिंह टीजी व नगर पालिका के संविदा कर्मी राहुल शर्मा व अमित पांडेय ने मंगलवार को नगर के दो मोहल्लों में बिजली चोरी रोको अभियान के अंतर्गत औचक जांच की। इसमें मोहल्ला निवासी अनीस अहमद, रसीद अहमद व मोहल्ला गुलाम मुस्तफा में जयप्रकाश गुप्ता के परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी। जेई ने तीनों गृह स्वामियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये कोतवाली में तहरीर दी है।

सड़क पर पड़ा मिला अधेड़ का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव अमृत विचार। सदर कोतवाली अंतर्गत सोमवार शाम गदन खेड़ा चौराहा के पास एक अधेड़ के पड़े होने की जानकारी पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सदर कोतवाली के मोहल्ला एबी नगर निवासी जमील (58) पुत्र जलील कुरैशी किसी काम से सोमवार को गदन खेड़ा चौराहा गए थे। जहां अचानक उनकी हालत बिगड़ी और वह गिर कर अचेत हो गए। पुलिस ने एंबुलेंस से उन्हे जिला अस्पताल भिजवाया लेकिन वहां पहुंचने से पहले उनकी मौत हो गई।

समस्या | हाईवे किनारे खुले ठेकों पर शराब पीने के लिये चालक खड़े कर देते हैं वाहन

शाम होते ही ट्रकों की भीड़ से लगता है जाम

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। पुलिस लगातार चेकिंग का दावा कर रही है लेकिन शाम होते ही ठेकों के सामने हाईवे पर जाम लगना शुरू हो जाता है। लखनऊ-कानपुर हाईवे से रूट डायवर्जन के चलते हजारों वाहन दही-पुरवा मार्ग से होकर लखनऊ जाते हैं। वहीं दही थानांतर्गत तुर्कमान नगर में सड़क किनारे चल रहे ठेकों पर शाम होते ही शराब पीने के चक्कर में ट्रक चालक रोड पर वाहन खड़ा कर ठेके व वहां स्थित दुकानों में बैठ जाते हैं। जिससे दही-पुरवा मार्ग पर वाहन खड़े होने से जाम लग जाता हैं।

उन्नाव-पुरवा मार्ग पर दही थानांतर्गत तुर्कमान नगर में शराब ठेके खुले हुए हैं। वहीं लखनऊ-कानपुर हाईवे से रूट डायवर्जन के चलते बड़े वाहन दही-पुरवा मार्ग से होकर लखनऊ जा रहे हैं। शराब ठेके व बियर की दुकानों पर शाम होते ही ट्रक चालक व युवा वाहन सड़क किनारे खड़ा कर ठेकों व वहां लगी दुकानों में बैठकर शराब पीने लगते हैं। जिससे मार्ग पर वाहन खड़े होने से जाम लगने लगता है। इस गंभीर समस्या को लेकर थाना पुलिस गंभीर नहीं है। ऐसे में वहां के दुकानदार खुलेआम लोगों को बैठाकर शराब पिला रहे हैं।

रात में रोड पर वाहनों की लगी कतार। अमृत विचार

सड़क किनारे लगी दुकानें भी हैं जाम का कारण

ठेकों के पास स्थित अंडे व अन्य वस्तुओं की दुकानों पर लोग शराब पीने को बैठते हैं और वाहन रोड किनारे खड़े कर देते हैं। जो जाम का प्रमुख कारण बनते हैं। वहीं नशे में रहे लोगों से वाहन हटाने के लिये कहने पर वे झगड़ा करने पर अमादा हो जाते हैं।

बोले जिम्मेदार

एसओ दही अनुराग सिंह ने बताया कि रोड किनारे दुकानों के सामने वाहन खड़ा कर भीड़ लगाना गलत है। इसे लेकर अभियान चलाकर ऐसे वाहन चालकों व दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

बाइक सवार युवक खड़ी ठेलिया से टकराए, गंभीर

उन्नाव। उन्नाव-पुरवा मार्ग पर सोमवार देरशाम तेज रफ्तार बाइक रोड पर खड़ी ठेलिया से टकरा गई। इसमें बाइक चालक व पीछे बैठा युवक गंभीर घायल हो गए।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के मंगतखेड़ा गांव निवासी सोनू पुत्र मेवालाल व अंकित पुत्र प्रमोद बाइक से दही क्षेत्र स्थित अपनी मोबाइल शाप से घर जा रहा था। तभी दही थानाक्षेत्र के दरोगा खेड़ा गांव के पास उनकी बाइक अचानक रोड में खड़ी ठेलिया से टकरा गई। इसमें दोनों गंभीर घायल हो गए और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है। दरोगा खेड़ा चौकी प्रभारी राम प्रताप सिंह ने बताया कि रोड पर ठेलिया खड़ी होने से बाइक उसी में टकरा गई थी।

विकास के जिम्मेदार विभाग में पानी का टोटा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। जिले भर में विकास के जिम्मेदार विकास भवन में विभागीय अफसरों व यहां आने-जाने वालों को पीने के पानी तक का टोटा है। विकास भवन में लगा आरओ प्लांट खराब होने से इस भीषण गर्मी में पानी की किल्लत बनी हुई है। फरियादी व कर्मचारी खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। इससे यहां स्थित करीब दो दर्जन से अधिक विभागों के अफसरों-कर्मचारियों व यहां रोजाना आने वाले सैकड़ों फरियादियों को इस भीषण समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है।

बता दें कि विकास भवन में करीब दो दर्जन से अधिक विभाग स्थित हैं। जिनमें जिले भर से रोजाना सैकड़ों की संख्या में लोग अपने काम कराने व समस्याओं का निस्तारण कराने पहुंचते हैं। यहां आने वालों को इस भीषण गर्मी में पीने के पानी तक की किल्लत बनी हुई है। लोगों का कहना है कि इस भीषण गर्मी में जब जिला मुख्यालय पर पानी की इतनी समस्या है और उन लोगों को अपनी प्यास बुझाने को खरीदकर पानी पीना पड़ रहा है तो ग्रामीण क्षेत्रों की तो बात ही दूर है। सूत्र बताते हैं कि कुछ अधिकारियों-कर्मचारियों ने पानी की समस्या को देखते हुए मजबूरन अपने कक्ष में पानी के गैलन व बोतलों के गत्ते मंगवाकर रखे हैं।

अफसर बने अनजान

विकास भवन में खराब पड़ा आरओ प्लांट। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा ने बताया कि विकास भवन में पीने के पानी के लिये आरओ प्लांट लगे हैं। इस समय वह खराब हैं इसकी जानकारी हमें नहीं है। अगर ऐसा है तो उसे दिखवाकर तुरंत सही कराया जायेगा।

बंद फैक्ट्री के जंगल में लगी आग से मचा हड़कंप

फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार। दही औद्योगिक क्षेत्र साइड-वन में वर्षों से बंद पड़ी मीना स्टील फैक्ट्री के जंगल में सोमवार देररात अचानक आग लग गई। जिससे फैक्ट्री में लगे पेड़-पौधे जलने से आग की ऊंची ऊंची लपटें देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। फैक्ट्री में तैनात चौकीदार ने फायर ब्रिगेड व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

सोमवार देररात दही औद्योगिक क्षेत्र साइड-वन स्थित बंद पड़ी मीना स्टील फैक्ट्री के जंगल में आग लगने से औद्योगिक क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने खुद आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन सफल न होने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फैक्ट्री चौकीदार गुलाब सिंह ने बताया कि फैक्ट्री के जंगल के पीछे की बाउंड्री टूटी होने से आसपास के लोग तीन दिन से लगातार आग लगा देते हैं। फैक्ट्री कई सालों से बंद है, जिसके चलते लोग अंदर आकर वहां लगे पेड़ों की लकड़ी चोरी करने आ जाते हैं। मना करने पर आग लगा कर भाग जाते हैं। दही पुलिस शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं देती है।

फैक्ट्री के जंगल में लगी आग। अमृत विचार

भट्ठे में कोयला झोंक रहे मजदूर का पैर फिसला, गंभीर रूप से झुलसा

औरास। हरदोई जिले के बालामऊ थानाक्षेत्र के टिकरी गांव निवासी छोटू पुत्र देवी औरास थानांतर्गत औरास-संडीला रोड पर शीशी व पंडित खेड़ा गांव के बीच स्थित एक ईंट भट्ठे पर दिहाड़ी पर मजदूरी करता है। मंगलवार सुबह वह भट्ठे में झोंकाई कर रहा था। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गिरकर आग की चपेट में आकर झुलस गया। आनन-फानन भट्ठा मालिक प्रकाश गुप्ता ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास पहुंचाया। जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

ट्रैक के किनारे झाड़ियों में फिर लगी भीषण आग

शुक्लागंज उन्नाव। मंगलवार दोपहर एक बार फिर सरैयां रेलवे क्रासिंग के आगे खड़ी झाड़ियों और पतावर में आग लग गई। ट्रैक तक आग पहुंचती देख रेल कर्मी दौड़े और पानी डालकर किसी तरह आग बुझाई। वहीं बार-बार आग लगने से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि क्रासिंग के पास पेट्रोल पंप बना हुआ है। वहीं बार बार आग लगने से ग्रामीण भी परेशान हैं। सरैयां क्रासिंग से लेकर छमकनाली पुलिया के दोनों ओर रेलवे ट्रैक के किनारे काफी दूर तक झाड़ियां, पतावर खड़ी हैं। जून माह में ट्रैक किनारे खड़ी झाड़ियों में आग लगने की घटना बीते पांच दिनों से लगातार हो रही है। मंगलवार की दोपहर भी सरैयां क्रासिंग के पास ट्रैक किनारे झाड़ियों में किसी ने आग लग गई। तेज हवाएं चलने के कारण आग दूर तक फैल गई। यह देख क्रासिंग पर मौजूद रेल कर्मी दौड़े और किसी तरह मशक्कत कर आग को बुझाया। वहीं बार बार आग लगने से किसी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। क्योंकि पास में पेट्रोल पंप भी बना हुआ है। दमकल कर्मियों की मानें तो आग रेलवे के कर्मचारी ही लगा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों ने भी बताया कि अक्सर रेलवे कर्मी खड़ी झाड़ियों में आग लगा देते हैं। जिससे झाड़ियों को काटना न पड़े और आग से झाड़िया जल जाये।

रेलवे ट्रैक के किनारे आग को बुझाते रेलवे कर्मी। अमृत विचार

उत्कृष्ट कार्य के लिए डाककर्मी हुए सम्मानित

उन्नाव। विभागीय समीक्षा में चयनित उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाक कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कानपुर से आए अधीक्षक डाकघर सर्वेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने यहां शहर स्थित प्रधान डाकघर में आयोजित कार्यक्रम में सभी उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि बचत बैंक खातें खुलवाते हुए ग्रामीण डाक जीवन बीमा से लोगों को जोड़कर विभागीय सेवाओं के प्रति जागरूक बनाना सराहनीय है। उन्होंने भगवती प्रसाद तिवारी, अभिषेक कुमार, देवेंद्र सिंह, नंदलाल, प्रदीप निगम, अभिषेक शुक्ल अमित श्रीवास्तव, नवल सिंह व भीष्म सिंह आदि को सम्मानित किया। इससे पहले प्रभारी सहायक अधीक्षक डाकघर सर्वेश वर्मा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पोस्ट मास्टर आनंद मिश्रा ने की। इस मौके पर सहायक अधीक्षक डाकघर नत्थू सिंह, डाक निरीक्षक सफीपुर गौरव पांडेय, वरिष्ठ शाखा प्रबंधक स्मृति श्रीवास्तव, अंकिता खन्ना, अंजलि पटेल, आशुतोष सिंह आदि रहे।

प्रशिक्षण में बिगड़ी हालत, दरोगा की मौत

कार्यालय संवाददाता,उन्नाव

- 49 वर्षीय दरोगा मानेंद्र सिंह झांसी के पुंछ थाने में तैनात थे

अमृत विचार। कानपुर देहात के थाना मूसानगर के सिंगरसीपुर के रहने वाले 49 वर्षीय दरोगा मानेंद्र सिंह जिला झांसी के पुंछ थाने में तैनात थे। उनके भाई भारत सिंह ने बताया कि नए कानून के प्रशिक्षण को लेकर उनकी डयूटी उन्नाव कालीमिट्टी पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में तीन दिन के लिए लगी थी। वह 10 जून को तीन दिन की ट्रेनिंग पर गए थे। 10 जून को ही लू लगने से अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। उन्हें पीटीसी से सफीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने दवा देकर वापस पीटीसी भेज दिया। 11 जून को दोबारा स्वास्थ्य खराब हुआ तो सफीपुर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया। इसके बाद परिजन उन्हें कानपुर के निजी अस्पताल ले गए। जहां इलाज किया गया। 12 जून को दोबारा वह पीटीसी पहुंचे। जहां फिर अधिक स्वास्थ्य खराब होने पर परिजनों ने उनको काकादेव कानपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मंगलवार भोरपहर उनका इलाज के दौरान निधन हो गया।

झाड़ियों में मिला युवक का शव

नवाबगंज उन्नाव। अजगैन कोतवाली के इटकुटी गांव के बाहर एक युवक का शव पड़ा देख राहगीरों में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों से मिली जानकारी पर परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। उसके सिर में चोटें मिली हैं। लेकिन यह चोट गिरने से आई या मारपीट की है इसे लेकर संशय है। कोतवाली क्षेत्र के इटकुटी गांव निवासी रामसागर (40) पुत्र जागेश्वर का शव मंगलवार सुबह गांव के बाहर झाड़ियों में पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। सूचना पर वहां लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलने पर परिजन पहुंचे और शव देख बेहाल हो गए। पुलिस पहुंची और जांच की। गांव में चर्चा रही कि युवक शराब का लती था। इसे लेकर घर में अक्सर विवाद होता था। सोमवार शाम को भी वह शराब पीकर घर पहुंचा था। जिस पर पत्नी से कहासुनी हुई थी। इसी से नाराज होकर पत्नी कामिनी अपने बच्चों ईशु, आलोक व रितिक के साथ मायके लखनऊ चली गई थी। बड़े भाई बलवीर की तहरीर पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

साथियों के साथ चंदन घाट पर गंगा नहाने आया किशोर डूबा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। कानपुर नगर के जाजमऊ थाना क्षेत्र में रहने वाला एक किशोर अपने साथियों के साथ गंगा नहाने के लिये जाजमऊ चंदन घाट पर पहुंचा। जहां वह गहरे पानी में जाने के कारण डूब गया। इसकी जानकारी साथियों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों को बुलवाकर उसका शव बाहर निकलवाया।

मूलरूप से भावरागुरी थाना डांगतल जिला वोगई गांव आसाम राज्य में रहने वाला शुकर अली कानपुर जाजमऊ के केडीए चौराहा मेहताब मार्केट में परिवार के साथ रहता है। वह जाजमऊ स्थित एक टेनरी में काम करता है।

मंगलवार दोपहर करीब तीन बजे उसका 12 वर्षीय बेटा शुकचांद अली अपने साथी हसन, सनीदुल्ल, मजीदुल्ल के साथ जाजमऊ चंदन घाट नहाने आया था। जहां गंगा नहाने के दौरान शुकचांद अली गहरे पानी में चला गया। यह देख साथियों ने शोर मचाया। जिस पर घाट पर मौजूद लोग दौड़े और उसकी तलाश की लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। जिसके बाद जाजमऊ चौकी पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के परिजनों को जानकारी देने के साथ ही शुक्लागंज में रहने वाले गोताखोर को शकील, हलीम, कलीम को बुलाया गया। इस दौरान शकूर अली अन्य परिजनों के साथ घाट पर पहुंच गया। जहां गोताखोरों ने उसकी तलाश शुरू की। शाम करीब सात बजे गोताखोरों ने उसका शव बाहर निकाला।

गंगा में दुबे किशोर को ढूंढते गोताखोर व मौजूद पुलिस। अमृत विचार

- सूचना पर पहुंची पुलिस और गोताखोरों ने मशक्कत कर शव को निकाला

डीएम बोले, नहीं चलने चाहिए डग्गामार व ओवरलोड वाहन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- विभागाध्यक्षों के साथ पन्नालाल हाल में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन

अमृत विचार। कलक्ट्रेट के पन्नालाल हाल में सड़क सुरक्षा समिति की डीएम गौरांग राठी की अध्यक्षता में बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों को गड्ढ़ा मुक्त बनाने पर जोर दिया गया। डीएम ने कहा कि डग्गामार व ओवरलोड वाहन नहीं चलने चाहिए।

डीएम ने कहा कि दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों में एबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित होनी चाहिए। अभियान चलाकर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूकता किया जाए। कहा कि संबंधित अधिकारी जिले के चिन्हित 37 ब्लैक स्पाट्स पर बार मार्किंग, स्पीड ब्रेकर, लाइट की व्यवस्था, हाईमास्ट, साइन बोर्ड व रम्बल स्ट्रिप आदि को व्यवस्थित कराएं। सभी सड़कों को शुरू होने वाले पौधरोपण अभियान में शामिल करते हुए पौधरोपण कराया जाए। शहर में जाम की समस्या समाप्त करने के लिए ई-रिक्शों का नियोजित संचालन शुरू कराने के लिए रूट निर्धारित किए जाएं। ग्गामार/अनाधिकृत वाहनों के संचालन पर पूर्णतया रोक लगा ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान चलाया जाए। बैठक में एडीएम न्यायिक विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, एसडीएम सदर प्रज्ञा पांडेय, सीओ सदर सोनम सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी हरदयाल अहिरवार, अधिशासी अभियंता जल निगम अजीत कुमार सिंह, एआरटीओ प्रशासन अरविंद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

गोकशी करने वाले तीन को मिली तीन तीन साल की सजा

उन्नाव। गोवध निवारण अधिनियम के एक मुकदमे की सुनवाई पूरी होने पर कोर्ट ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है। 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बता दें कि 20 नवंबर-2014 को हसनगंज कोतवाली पुलिस ने न्योतनी कस्बा निवासी अनवर, इशहाक व अनवर की पत्नी मुन्नी को गोवंश के अवशेषों के साथ पकड़ा था। गोकशी में प्रयुक्त हथियार भी इनके पास से बरामद हुए थे। गोवध निवारण अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया था। आईओ अमीर सिंह ने 25 अगस्त-2015 को जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की थी। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। एडीजे रवि प्रकाश साहू ने दंपती समेत तीन लोगों को दोषी करार देते हुए तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।

सार-संक्षेप

प्रेस वार्ता में जानकारी देते योगाचार्य उमाशंकर यादव। अमृत विचार

योग दिवस पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

शुक्लागंज उन्नाव। 21 जून को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस पूरे विश्व के साथ नगर में भी भव्यता से मनाया जायेगा। योग दिवस पर राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में सामूहिक योग होगा। इसके लिये अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई है। यह जानकारी मंगलवार को राजधानी मार्ग स्थित डीएसएम पब्लिक स्कूल में प्रेस वार्ता के दौरान पतंजलि किसान सेवा समिति के जिला प्रभारी योगाचार्य उमाशंकर यादव ने दी। उन्होंने बताया कि योग दिवस के दिन विद्यालय प्रांगण में लगभग पांच सौ लोग सामूहिक योग करेंगे। योग करने के लिये नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह साढ़े पांच बजे बजे से सुबह साढ़े आठ बजे के बीच चलने वाली योग कक्षाओं के सभी योग साधक और योग करने वाले लोग भारी संख्या में प्राण

बैरकों की सफाई का विशेष ध्यान रखें: जिला जज

उन्नाव। जिला जज मंगलवार को डीएम व एसपी के साथ जिला कारागार का निरीक्षण करने पहुंचीं। वहां बंदियों व कैदियों की समस्याओं को सुनने के साथ उसके निस्तारण के निर्देश दिए। जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव, डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व सीजेएम भाव्या तिवारी मंगलवार को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जिला कारागार पहुंची। उन्होंने बैरकों में पहुंचकर बंदियों व कैदियों से उनका हाल जाना। वहीं, महिला बैरक का भी निरीक्षण किया। भोजन की गुणवत्ता देखने के साथ बीमार बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल परिसर व बैरकों में सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और नियमानुसार बंदियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। जेल परिसर में सफाई व्यवस्था को भी देखा। इस दौरान जेल अधीक्षक पंकज सिंह सहित डिप्टी जेलर प्रभाकांत पांडेय, अविनाश राजभर, नीलम, ललिता, डा. आनन्द सोनकर व डा. सचान मौजूद रहे।

नौ खिलाड़ी जोन प्रतियोगिता में दिखाएंगे दम

उन्नाव। यूपीसीए द्वारा खेल सत्र 2024-25 के लिए कराए गए इंटरजोनल ट्रायल मैच में डीसीए (जिला क्रिकेट एसोसिएशन) के नौ खिलाड़ियों का चयन हुआ है। एसोसिएशन के महामंत्री पीके मिश्रा ने बताया 10 व 11 जून को हुए जोन स्तरीय ट्रायल में प्रदर्शन के आधार पर लखनऊ जोन की दो टीमों का गठन हुआ। जिसमें जिले के नवरतन राजपूत, अंश पटेल, आयुष, देवाशीष श्रीवास्तव, आकाश राठौर, अनमोल पांडेय, सचिन, सुमित यादव व लोकेश को चयनित किया गया है। इसके अलावा शिवम यादव को अतिरिक्त में रखा गया है। सभी चयनित खिलाड़ी मंगलवार की शाम लखनऊ के सीएसडी सहारा स्टेडियम गोमतीनगर के लिए रवाना हो गए हैं। लखनऊ की दो टीमों के आलावा रायबरेली, फैजाबाद, बहराइच, बरेली जोन की टीमों के बीच दो पुल में प्रतियोगिता कराई जाएगी, जिसमें प्रतिभाग करेंगी। प्रत्येक टीम को दो-दो मैच खेलने होंगे। खिलाड़ियों के चयन पर डीसीए के के कार्यवाहक अध्यक्ष संजय राठी, राजकुमार यज्ञसेनी, राजेंद्र त्रिपाठी,संजय श्रीवास्तव, नवीन सिन्हा, मंसूर खान, अभिषेक श्रीवास्तव, कैलाश नेगी, विकास सिन्हा, मंजुलता अवस्थी व ओम मिश्रा आदि ने खुशी जताई है।

मामूली बात पर युवक को पीटा

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली के जुराखन खेड़ा निवासी एक युवक को पड़ोस गांव में रहने वाले युवकों ने मामूली बात को लेकर जमकार मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मारपीट की जानकारी देता रमेश।

जुराखन खेड़ा निवासी रमेश ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुये बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े दस बजे आइसक्रीम खाते हुये घर जा रहा था, तभी पड़ोस के गांव निहाल खेड़ा निवासी अमन, गोलू व दो अन्य ने उसे मजाक किया, जिसका उसने विरोध किया। विरोध करने पर सभी ने उसे लाठी डंडों और बेल्टों से मारा पीटा। जिससे उसे चोटें आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और घायल को मेडिकल के लिये भेजा है।

ट्रैक्टर से गिरी बच्ची, गंभीर

गंजमुरादाबाद। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र के गांव अवस्थी खेड़ा निवासी मनोज की 10 वर्षीय बेटी काजल मंगलवार को परिजनों के साथ बांगरमऊ की बाजार आई थी। घर जाते समय वह परिजनों के साथ संडीला जा रहे एक ट्रैक्टर में बैठ गई। शाम के समय संडीला मार्ग स्थित एक पुलिया के पास अचानक काजल उछल कर नीचे जमीन पर आ गिरी और गंभीर घायल हो गई। परिजन आनन-फानन उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे नाजुक हालत में अस्पताल रेफर कर दिया।

विद्युत कटौती से परेशान ग्रामीणों ने कर्मियों को पीटा

गंजमुरादाबाद। बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रानीपुर ग्रांट के पास विद्युत उपकेंद्र बना है। इससे आसपास के गावों को विद्युत आपूर्ति की जाती है। बताया जाता है कि आए दिन कटौती से परेशान होकर मंगलवार को आसपास गावों के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण पावर हाउस जा धमके और उपद्रव करने लगे। विरोध करने पर ग्रामीणों ने मौके पर मौजूद दो विद्युत कर्मियों की पिटाई कर दी। घटना में पावर हाउस कर्मी ओमकार व सहकर्मी अंगेश को चोटें आई हैं। गंजमुरादाबाद सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने ओमकार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल ओमकार की तहरीर पर पुलिस ने मारपीट व उपद्रव में शामिल लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पीड़ितों को नहीं मिल रहा है लाभ

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली व्यवस्था लागू होने के बाद से आम लोगों को सुगम न्याय नहीं मिल पा रहा है। छोटे-छोटे मुकदमों में वांछित आरोपियों को जेल में निरूद्ध किया जा रहा है। शांति भंग के मुकदमों का निस्तारण भी कई दिनों तक नहीं हो पाता है। कमिश्नरेट पुलिस की कार्यशैली से नाराज बार व लायर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अपर पुलिस आयुक्त को सौंपा।

मंगलवार को बार व लायर्स एसोसिएशन पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल अपर पुलिस आयुक्त हरीश चंदर से मिलने पहुंचा। राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए बार महामंत्री आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस की कार्य प्रणाली से आम जनमानस व अधिवक्ता द्वारा लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। आईपीएस अधिकारियों में आपस में समन्वय न होने के कारण लोगों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। जिसके लिए कई बार बार एसोसिएशन की ओर से पुलिस आयुक्त को मामले से अवगत कराया गया है। छोटे-छोटे अपराधों के मुकदमे एसीएम स्तर से निपटाए जाने की सुगम व्यवस्था लागू की गई थी पर इस उल्टा प्रभाव पड़ रहा है। न्यायपालिका और कमिश्नरेट पुलिस के आदेश विरोधाभासी होने के कारण लोगों में बहुत आक्रोश है। कमिश्नरेट में मजिस्ट्रेट के अधिकार दिए गए हैं पर अधिकारी कानून की बारीकियों से अनभिज्ञ और अज्ञानता के कारण विधि विरूद्ध आदेश पारित करते हैं। लायर्स महामंत्री अभिषेक तिवारी, अधिवक्ता कपिल दीप सचान, नरेशचंद्र त्रिपाठी, आदित्य दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे रहे।

ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता। अमृत विचार

- बार व लायर्स एसोसिएशन पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

गिरफ्तारी न होने की जानकारी देते परिजनों के साथ ग्रामीण। अमृत विचार

अन्य हत्यारों की गिरफ्तारी न होने पर कोतवाली पहुंचे परिजन

शुक्लागंज उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव निवासी एक युवक की शुक्रवार दोपहर पड़ोस के गांव के पास हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेजा था। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर मंगलवार को दो दर्जन से अधिक ग्रामीण कोतवाली पहुंचे और इंस्पेक्टर से मिलकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। जिस पर इंस्पेक्टर ने उन्हें आश्वासन दिया है। बसधना गांव के रहने वाले सुखदेव सविता के 22 वर्षीय बेटे आशीष सविता की शुक्रवार दोपहर बेरहमी से पीटने के बाद कुल्हाड़ी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था। पिता सुखदेव की तहरीर पर पुलिस ने रात में ही आरोपी राहुल, रोहित, कमलेश, कमला व एक अन्य समेत पांच के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था, जिसके बाद पुलिस ने रविवार को उद्दा खेड़ा निवासी राहुल और कमलेश को गिरफ्तार जेल भेजा था। इधर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर मंगलवार को मृतक युवक के परिजन दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के साथ गंगाघाट कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति से मुलाकाल की और जल्द अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिये टीमें लगी हुई हैं। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा। जिसके बाद परिजन वापस गांव चले गये।

षड्यंत्र रचने में वांछित महिला को पुलिस ने पकड़ा

शुक्लागंज। एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान मंगलवार को गंगाघाट पुलिस ने षड्यंत्र रचने में वांछित महिला को गिरफ्तार किया गया, जहां पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि गांधीनगर निवासी उमा गुप्ता के विरुद्ध गंगाघाट कोतवाली में षड्यंत्र रचने के साथ अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत था। दर्ज मुकदमे में वह काफी दिनों से वांछित चल रही थी। इधर एसपी के निर्देश पर चलाए गए अभियान के दौरान मंगलवार को बिंदा नगर चौकी पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार किया। जिसके बाद उसके खिलाफ कार्रवाई कर कोर्ट भेजा गया।

कार्रवाई | अस्पताल में भर्ती मरीजों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया गया

दस्तावेज न दिखाने पर दो नर्सिंग होम कराये बंद

संवाददाता पुरवा उन्नाव

अमृत विचार। नगर में संचालित नर्सिंगहोम को मंगलवार दोपहर एसडीएम, एसीएमओ व नोडल अधिकारी ने कस्बे स्थित तीन नर्सिंग होम का निरीक्षण किया। जिसमें दो नर्सिंग होम पंजीकृत नहीं थे। जिनमें तीन मरीज भर्ती मिले। जिसमें दो मरीज प्रसव ऑपरेशन के मिलने पर एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी में भर्ती कराया। साथ ही दोनों नर्सिंगहोम का पंजीकरण न होने पर बंद कराया दिया गया।

एसडीएम रनवीर सिंह व एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह ने कस्बे में चल रहे तीन नर्सिंगहोम में सबसे पहले उन्नत हास्पिटल पहुंचे,जहां पंजीकरण के बारे जानकारी करने पर कोई दस्तावेज व चिकित्सक नहीं मिले। एक मरीज़ भर्ती मिलने पर उसे सीएचसी भिजवाया। फिर न्यू चरक हास्पिटल पहुंचे तो वहां भी पंजीकरण से संबंधित अभिलेख व चिकित्सक न मिलने और नर्सिंग होम में प्रसव के लिए दो मरीज मुक्तेमऊ गांव निवासी सोनम देवी (24) वर्षीय भर्ती मिलीं। जहां परिजनों ने एसडीएम को बताया कि महिला 16 जून की रात को भर्ती हुई थी। 17 जून को सुबह नर्सिंग होम में ही ऑपरेशन करके डिलीवरी करवाई थी। जहां लड़की का जन्म हुआ है। दूसरी मरीज निहालखेड़ा गांव की नीलम देवी (23) को 15 जून को प्रसव के लिए नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। उसी दिन शाम को ऑपरेशन से लड़की का जन्म हुआ था। जहां एसीएमओ डा. नरेंद्र सिंह व एसडीएम रनवीर सिंह ने भर्ती मरीजों को तत्काल एंबुलेंस से सीएचसी पुरवा भेजवाया और दोनों नर्सिंग होम को दस्तावेज व डाक्टर न होने पर बंद करा दिया। फिर अधिकारी लाइफ लाइन हास्पिटल पहुंचे तो वहां कोई मरीज नहीं मिला। जानकारी करने पर बताया गया कि अस्पताल बंद है। एसडीएम रनवीर सिंह ने कहा कि दो नर्सिंग होम का पंजीकरण न मिलने पर उन्हें बंद कराया गया है। नर्सिंग होम में मिले मरीजों को सीएचसी में सिफ्ट कराया गया है। साथ ही चेतावनी दी गयी है कि यदि बिना परमिशन संचालन करते मिले तो कार्रवाई होगी।

नर्सिंग होम में जांच करते अधिकारी। अमृत विचार

सब्जी विक्रेता का सड़क किनारे मिला शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- भंडारे में प्रसाद लेने की बात कह कर घर से निकला था
- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

अमृत विचार। शहर की आवास विकास कालोनी के पास एक युवक का शव पड़ा देख लोगों की भीड़ लग गई। जानकारी पर परिजन पहुंचे उसकी मौत पर शक जताया।

दही थानाक्षेत्र के राजेपुर आवास विकास निवासी पप्पू (48) पुत्र सुखदेव सब्जी का ठेला लगता था। लेकिन मंगलवार को उसने ठेला नहीं लगाया था। दोपहर 12 बजे वह भंडारा में प्रसाद लेने की बात कहकर निकला था। शाम करीब साढ़े तीन बजे घर लौटते समय आवास-विकास कालोनी स्थित डिप्टी सीएम बृजेश पाठक के आवास के पास उसका शव पड़ा देख लोगों की भीड़ लग गई। परिजन पहुंचे और हत्या किए जाने की आशंका जताई। एसओ फोर्स के साथ पहुंचे और जांच की लेकिन उन्हें कोई जाहिरा चोट नहीं दिखी। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह शव को मोर्चरी में रखवाया।

वहीं घटना के बाद पुलिस सीसीटीवी तलाश कर रही है। एसओ अनुराग सिंह ने बताया कि युवक घर पर भंडारा खाने की बात कहकर निकला था। उसके बाद घर लौट रहा था। मौत का सही कारण पता नहीं है। पोस्टमार्टम के बाद हकीकत सामने आएगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हयाः पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं, वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की जान की दुश्मन बन जाती हैं।

संपादकीय

विदेश व्यापार घाटा

भारत को वैश्विक वित्तीय व्यवस्था में महत्वपूर्ण माना जाता है। देश का व्यापार परिदृश्य वैश्विक चुनौतियों और अवसरों के बीच विकसित हो रहा है। मौजूदा व्यापार नीतियां तथा मौद्रिक सुधार जैसे पहलू इसमें योगदान दे रहे हैं। देश बुनियादी ढांचे और तकनीकी प्रगति को भी प्रोत्साहित कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में वित्तीय क्षेत्र के लिए अनुकूल है। इस बीच भारत का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 बिलियन डॉलर हो गया, जो अर्थशास्त्रियों के 19.5 बिलियन डॉलर के अनुमान से कम है। चिंता की बात यह है कि मसालों की शिपमेंट में 20.3 फीसदी की भारी गिरावट आई है, जबकि समुद्री उत्पादों का निर्यात एक बार फिर से लुढ़क गया है। दूसरी ओर इंजीनियरिंग सामान, वाणिज्यिक वाहनों और स्मार्टफोन के शिपमेंट में वृद्धि से मई में देश का व्यापारिक निर्यात एक साल पहले की तुलना में 9 प्रतिशत बढ़कर 38.13 बिलियन डॉलर हो गया। राहत की बात है कि पिछले पांच महीनों में से चार महीनों के दौरान आयात के साथ-साथ निर्यात भी बढ़ा है। भारत से निर्यात की जाने वाली शीर्ष 30 वस्तुओं में से 20 ने इस साल पिछले मई के निर्यात के आंकड़ों के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन किया है, जबकि अप्रैल में सिर्फ 13 वस्तुओं के निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। मई में जिन क्षेत्रों में सुधार हुआ उनमें परिधान, मानव निर्मित धागा और इंजीनियरिंग के सामान जैसे रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्र शामिल हैं।

व्यापार सचिव सुनील भरथवाल ने कहा कि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को और बढ़ाने में मदद मिलेगी जिससे आयात की मांग बढ़ेगी। व्यापार विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोई देश विनिर्माण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कच्चे माल या मध्यस्थ उत्पादों का आयात कर रहा है, तो घाटा हमेशा बुरा नहीं होता है। हालांकि यह घरेलू मुद्रा पर दबाव डालता है। इसी के चलते अधिकारियों ने बढ़ते व्यापार घाटे से जुड़ी चिंताओं को ज्यादा महत्ता नहीं दी है। उनका तर्क है कि भारत के निर्यात की मांग जल्द ही आयात संबंधी मांग को पीछे छोड़ देगी, क्योंकि यह बाकी दुनिया के मुकाबले तेजी से बढ़ रही है। गौरतलब है कि जब कोई देश निर्यात की तुलना में आयात अधिक करता है तो उसे व्यापार घाटे का सामना करना पड़ता है। खुशी की बात है कि हमारे निर्यात के नई ऊंचाइयों पर पहुंचने की उम्मीद है। केंद्र को बजटीय परिव्यय में वृद्धि के साथ माल निर्यात को बढ़ावा देने के लिए अपनी योजनाओं और प्रयासों को पुनर्जीवित करना चाहिए।

हिंदुस्तान की आर्थिक गिरावट और सामाजिक संकीर्णता

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया।

मध्ययुग की लूटों और लगातार चलने वाले युद्धों की देन-उत्पीड़क लगान व्यवस्था के बावजूद विश्व में भारत की अद्वितीय निर्यात क्षमता और तज्जनित समृद्धि कायम रही। लगभग तीन सहस्राब्दियों की उत्तरोत्तर आनुवंशिक कुशलता से अर्जित सर्वोन्नत हस्तकला व हस्त उद्योग तथा कृषि भूमि पर (यूरोप के सामंतों एवं भूदासों के बरक्स) किसानों के स्वामित्व एवं विशिष्ट जलवायु के चलते कपास, रेशम, चावल, गन्ना व नील जैसे तब तक के ज्ञात विश्व के लिए दुर्लभ उत्पादों पर भारत का वर्चस्व अक्षुण्ण बना रहा। अठारहवीं शताब्दी का पूर्वार्द्ध हिंदुस्तान के लिए अतिशय राजनीतिक विश्रृंखलन का काल था, किंतु एक विडंबना के तहत, यह विश्व बाजार में उसके निर्यात वर्चस्व और आर्थिक समृद्धि का भी काल था।

भारत की संस्थागत, सुव्यवस्थित लूट और उसकी उत्पादन व्यवस्था को ध्वस्त करने का ईस्ट इंडिया कंपनी ने कार्य किया। जाति व्यवस्था की विषमता का तीक्ष्णतम रूप, जो देश के आजाद होने पर हमें विरासत में मिला, काफी हद तक इसी लूट और विध्वंस का परिणाम था। जब सुनिश्चित हो गया कि दुनिया गोल है, पूरब और पश्चिम दोनों ओर से हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने की होड़ लग गई। स्पेन और पुर्तगाल ही यूरोप की दो महाशक्तियां थीं। हिंदुस्तान का समुद्री मार्ग खोजने के लिए इन्हीं दोनों में प्रतिद्वंद्विता चली। भारत का समुद्री मार्ग खोजने के लिए पश्चिम की ओर बढ़ता स्पेन का कोलंबस अमेरिका के एक तटवर्ती द्वीप पर पहुंच गया (12अकटूबर 1492) जिसे वह भारत का हिस्सा समझ बैठा।

व्यापार के साथ-साथ स्पेन दक्षिण अमेरिका और मध्य अमेरिका में अपने उपनिवेश बनाने दौड़ पड़ा। बाद में मालूम हुआ, वह तो एक नई दुनिया है। दोनों महाशक्तियों में टकराव न हो, इसलिए पोप सिकंदर चतुर्थ ने एक पापल बुल जारी कर दुनिया को दो हिस्सों में बांट दिया (4 मई 1493) और पूरब का हिस्सा पुर्तगाल तथा पश्चिम का स्पेन के हवाले कर दिया (जैसे पोप को पूरी दुनिया पर प्रभुत्व हासिल हो)। दोनों को भारत का समुद्री मार्ग खोजना था और जो भी हिस्से मिले उन पर अपने-अपने कानूनों के अनुसार राज करना

दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे।

था, केवल व्यापार के लिए पूरे यूरोप के ईसाई जगत को छूट देनी थी। पुर्तगाल का वास्को डि गामा 20 मई 1498 को कालीकट पहुंचा और यही हिंदुस्तान, बल्कि एशिया के पराभव और यूरोप के उत्थान का बीज-बिंदु साबित हुआ। पहले पुर्तगाल के व्यापारी भारत आए (1600), फिर डच (1610), फिर ब्रिटिश (1611), फिर फ्रांसीसी (1667) और अंत में आए डेनमार्क-नार्वे वाले (1799)। (पांडिचेरी के उत्तर, तमिलनाडु के थरंगंबादी कस्बे और बंगाल के सेरामपुर में डेनिश अड्डे थे, थरंगंबादी में समुद्रतट पर उनकी टूटी-फूटी व्यापारिक कोठी अभी भी मौजूद है।)

1600 में ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना मुख्यतः भारत से समुद्री व्यापार करने के लिए ही हुई थी। 1614 में सर टॉमस रो ब्रिटिश संसद के सदस्य बने। रो की पहले से मशहूर राजनयिक सफलता के चलते कंपनी ने राजा जेम्स से उन्हें हिंदुस्तान के बादशाह जहांगीर के पास इंग्लैंड का राजदूत बनाकर भेजने की सिफारिश की, जो मान ली गई। रो 1615 में आगरा पहुंचे । वे 1615 से 1618 तक तीन साल आगरा में रहे और जहांगीर के करीबी तथा हम प्याला बनने में सफल हुए। आखिर जहांगीर ने कंपनी को सूरत में व्यापारिक कोठी (गोदाम या कारखाना) खोलने की अनुमति दे दी। भारत के भावी दुर्भाग्य का यह दूसरा काल बिंदु साबित हुआ। सूरत के बाद कंपनी की व्यापारिक कोठियां आगरा, अहमदाबाद, भड़ौच और बड़ौदा में भी खुल गईं। बंगाल में कंपनी की पहली कोठी खुली हुगली में (1650-51), फिर एक और कोठी कासिम बाजार में खुल गई। हुगली में कंपनी के उद्धत कर्मचारियों द्वारा की गई लूटपाट से बौखलाए औरंगजेब के हुक्म से मुगल सेना ने अंग्रेजों की बस्ती उजाड़कर उन्हें समुद्र में खदेड़ दिया (1686)। दो साल बाद चटगांव पर कब्जा करने की उनकी कोशिश भी नाकाम कर दी गई।

दुर्भाग्य है कि मराठों और अन्य देशी ताकतों से उलझा मुगल बादशाह औरंगजेब पश्चिम की नई उभरती समुद्री ताकत की युगांतकारी संभावना को नहीं देख पाया। उसके बरक्स औरंगजेब के समकालीन शिवाजी ने मराठा नौसेना का गठन किया (1654) और थल सेना एवं नौसेना के समन्वय से ही सूरत बंदरगाह पर कब्जा करने (1664) में सफल रहे थे। बड़े मुगलों में से किसी को भी पहले के चोलों, चालुक्यों और पल्लवों की तर्ज पर अपना शक्तिशाली समुद्री बेड़ा खड़ा करने की नहीं सूझी, जिसे करने में वे पूर्णतः समर्थ थे। इतिहास में दूरगामी असर वाले ऐसे आकस्मिक हादसे होते रहे हैं। छोटे मुगलों के काल में, पहले प्लासी, फिर बक्सर युद्ध (1764) में अंग्रेजों की विजय और अगले साल इलाहाबाद की संधि ने व्यापारी कंपनी को सत्ता और राजनीति की विस्तीर्ण दीर्घा में छलांग लगाने का अवसर उपस्थित कर दिया। इस तरह भारत में उपनिवेश युग का प्रारंभ हुआ और धीरे-धीरे कंपनी के शासन ने हिंदुस्तान का प्राचीन और उन्नत हस्तशिल्प और उससे जुड़ा स्वदेशी व्यापार तंत्र पूरी तरह नष्ट कर उसे इंग्लैंड के उद्योगों के लिए कच्चे माल के उत्पादक और तैयार माल के बाजार में बदल दिया। सीमित हुए संसाधनों की इस छीनाझपटी में जाति व्यवस्था अपने क्रूरतम, अमानुषिक रूप में उभरकर सामने आई।

कंपनी द्वारा नए-नए इलाकों पर कब्जा करने हेतु लड़ी गई लड़ाइयों के संसाधन जुटाने और बैलेंस शीट बेहतर दिखाने के लिए कृषि लगान की दरें लगातार बढ़ाई जाती रहीं। सूखे और बाढ़ में भी कोई रियायत नहीं दी जाती थी। बाद में लगान वसूली के बिचौलियों का एक वर्ग विकसित हो गया, जो सरकार को निश्चित दर पर मालगुजारी देता था, किंतु वह किसानों से कितना वसूल करता था, इस पर कोई नियंत्रण नहीं था, जानकारी तक नहीं थी। इस तरह कारीगर के साथ-साथ किसान भी बर्बाद हो गए। मुख्यतः इंसानी कारणों से उद्भूत बंगाल के भयानक दुर्भिक्ष (1769-73) से वहां की जनसंख्या एक तिहाई रह गई। मुगल काल का सबसे संपन्न सूबा सबसे विपन्न बन गया। इतिहासकारों ने स्वीकार किया है कि इस दुर्भिक्ष का मुख्य कारण कंपनी के व्यापारिक एकाधिकार और कर के नाम पर कंपनी के कर्मचारियों की व्यक्तिगत लूट थी। ठीक वैसा ही अकाल ब्रिटिश शासन के अंतिम चरण में 1943 में पड़ा जिसका मुख्य कारण प्राकृतिक नहीं, मानवीय था जिसमें जापान से पराजय की ओर उन्मुख अंग्रेजों की पीछे हटने की स्थिति में शत्रु के लिए झुलसी धरती छोड़ने की अग्रिम नीति अपनाने का भी जबरदस्त योगदान रहा। 1943 के बंगाल दुर्भिक्ष में कम से कम 30 लाख लोगों को तड़प-तड़प कर जान देनी पड़ी। कंपनी राज से शुरू होकर बाद के मुकुट राज में भी भारत को कच्चे माल का उत्पादक और तैयार माल के उपभोक्ता में बदलने की प्रक्रिया जारी रही। अंग्रेजों का इरादा स्वेच्छा से भारत का औद्योगीकरण करने का कभी नहीं रहा, किंतु युद्धकाल में बाधित यातायात की मजबूरी के चलते दोनों विश्वयुद्धों के दौरान भारत के उद्यमियों को स्वदेशी उद्योग लगाने की सहूलियत देनी पड़ी।

ब्रिटिश काल में हस्त शिल्प और कृषि कार्य में लगे होने से शूद्र सबसे अधिक प्रभावित हुए। बाद में वैश्विक औद्योगीकरण के चलते हस्त उद्योग वैसे भी लाभप्रद नहीं रह गए। शूद्र वर्ग की आर्थिक स्थिति में क्षरण के साथ प्रकृत रूप से उसकी सामाजिक स्थिति में भी गिरावट आई, लेकिन सबसे बुरा हाल हुआ पेशे की अशुचिता के आधार पर अस्पृश्य मान ली गई जातियों का। वे द्विजों से ही नहीं, शूद्रों से भी कटकर अलग-थलग पड़ गईं, शूद्र भी उन्हें अस्पृश्य मानने लगे। उनकी मानवीय गरिमा पूरी तरह रौंद दी गई। भारत के इतिहास का यह सबसे गर्हित अध्याय है। हिंदू धर्म का सबसे बड़ा कलंक भी। महाभारत काल तक जन्मना अस्पृश्यता का कोई सुराग नहीं मिलता, चातुर्वर्ण्य और जातिप्रथा का जरूर मिलता है। अस्पृश्यता के उद्भव और पुष्टीकरण का जघन्य कार्य बहुत बाद की देन है।

प्रसंगवश

अकेले अयोध्या पर शब्द बाण क्यों

उत्तर प्रदेश की फैजाबाद सीट जिसमें पुराण प्रसिद्ध सप्त पुरियों में प्रथम अयोध्या आती है, से भाजपा की पराजय हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारी प्रचार के साथ यहां राम की मूर्ति स्थापना की थी। वे यह मान बैठे थे कि 'वे ही राम को लाए हैं' और अब प्रत्युपकार करने की राम की बारी है। ऐसा नहीं हुआ। भाजपा राष्ट्रीय स्तर पर 63 सीट घट गई और फैजाबाद हार गई। बस फिर क्या था, पार्टी के समर्थक और आईटी सेल वाले अयोध्या नगरी को ही कोसने लगे। खूब शब्द बाण चले। वे ये भूल गए कि स्वयं राम को यह नगरी बैकुंठ से भी ज्यादा प्रिय है। देश की जनता से अयोध्यावासियों को दंड देने की अपीलें की गईं। उन हिंदुओं को जयचंद से लेकर दोगला तक कहा गया, जिन्होंने भाजपा को वोट नहीं दिया। हद तो तब हो गई, जब एक धर्माचार्य भी इस विवाद में कूद पड़े और इन गैर भाजपा मतदाताओं को मंथरा का वंशज करार दे डाला। इन सब मर्यादाहीन आलोचकों का हम यहां ज्ञानवर्द्धन करना चाहते हैं। केवल अयोध्या में ही क्यों, भाजपा तो उन सभी जगह चुनाव हारी है, जहां-जहा राम रहे, बसे, अनुष्ठान किए।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अब आप कहां-कहां की जनता को गाली दोगे? चित्रकूट में राम बहुत समय रहे, किंतु बांदा-चित्रकूट सीट सपा की झोली में गई। पंचवटी कौन नहीं जानता! माता सीता का हरण यहीं से हुआ। यह महाराष्ट्र की नासिक लोकसभा सीट के अंतर्गत आती है। यहां भाजपा तो खड़ी नहीं थी, उसकी सहयोगी एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना का प्रत्याशी खड़ा था, जो हार गया। किष्किंधा में राम सुग्रीव की मित्रता और हनुमान मिलन हुआ था। यह स्थान आज 'हम्पी' है, जो कर्नाटक की बेल्लारी सीट का हिस्सा है। यहां से कांग्रेस जीती है। रामेश्वरम में तो श्रीराम ने प्रसिद्ध शिव ज्योतिर्लिंग की स्थापना की थी और सेतुबंध किया था। यह रामनाथपुरम निर्वाचन क्षेत्र में आता है। यहां भी 'इंडिया' गठबंधन जीता है और भाजपा समर्थित निर्दलीय हारा है। तब फिर अकेले अयोध्या को कोसना क्यों जारी है? राम की आवाज सुनिए। वे अपने नाम और भक्ति का राजनीतिकरण नहीं चाहते। वे समदर्शी हैं और "सब मोहि प्रिय सब मम उपजाय" उनका उद्घोष है।

मनुष्य की भावनाएं ही उसे बड़ा बनाती हैं

वॉयजर 1 अंतरिक्ष यान के लगभग सभी खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। लगभग 47 वर्ष से अंतरिक्ष में यात्रा कर रहा वॉयजर वन इस समय पृथ्वी से लगभग 24 अरब किलोमीटर दूर है। यहां से वहां तक रेडियो सिग्नल जाने में उसके प्रकाश की गति (3 लाख किलोमीटर प्रति सेकंड) के हिसाब से चलते हुए 22 घंटे का समय लगता है। यहां से रेडियो सिग्नल भेज कर ये खराब यंत्र ठीक कर लिए गए हैं। क्या यह मानव की मेधा को नमन करने का अवसर नहीं है?

जब यह वॉयजर वन पृथ्वी से 6.4 अरब किलोमीटर दूर था, तब इसने पृथ्वी के चित्र लिए थे। उसमें पृथ्वी अनंत अंतरिक्ष में एक बिंदु के समान दिखाई पड़ रही थी। उसे देखकर प्रसिद्ध खगोल शास्त्री और विज्ञान लेखक कार्ल सैगन ने 1994 में प्रकाशित अपनी पुस्तक 'पेल ब्लू डॉटः ए विजन ऑफ द ह्यूमन फ्यूचर इन स्पेस' में इन शब्दों को कहा था। उनके ये शब्द मानव जाति के लिए कितने प्रेरणादायक हैं।

'उस बिंदु को दोबारा देखें। वो जगह यह है, वो घर है, वो हम हैं। इस पर वो सभी लोग हैं जिन्हें तुम प्यार करते हो, जानते हो, सुनते हो, जितने भी मनुष्य आज तक हुए हैं। हमारी खुशी, हमारी वेदना, हमारे धर्म, विचार, मत, शिकारी, नायक, कायर, सभ्यताओं को बनाने और बिगाड़ने वाले, राजा और किसान, प्यार में डूबे युवा, प्रत्येक माता-पिता, आशावान बच्चा, आविष्कारक और खोजी, नैतिकता के शिक्षक और भ्रष्ट नेता, हर एक सुपरस्टार और महान नेता, हर संत और पापी, सब कुछ जो हमारे इतिहास में हुआ, इस नीले बिंदु के भीतर सूर्य के प्रकाश में दीखने वाली धूल की तरह लुप्त हो गया।' 'इस अनंत ब्रह्मांड में पृथ्वी बहुत ही छोटा हिस्सा है। उन शासकों के बारे में सोचिए जिन्होंने इस बिंदु पर कब्जा करने के लिए खून की नदियां बहा दी थीं। अंतहीन निर्दयता जो एक तरफ के लोगों ने दूसरे तरफ के लोगों पर की थी। वे लोग कितनी अज्ञानता से भरे थे, एक-दूसरे को मारने की तड़प से भरे, कितनी गहरा था उनका द्वेष।'

डॉ. राजीव अग्रवाल
शाहजहांपुर

कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है।

'हमारा दिखावा, अहंकार, यह भ्रम कि हम इस ब्रह्मांड में विशेष हैं, इस बिंदु ने यह सब भ्रांतियां तोड़ दी हैं। हमारा ग्रह इस अनंत अंधेरे ब्रह्मांड में एक अकेले कण के समान है। इस अंधकार और विस्तार में कोई संकेत नहीं है कि कोई हमें, हमसे बचाने कहीं और से आएगा।' 'कहते हैं कि खगोल विज्ञान विनय और चरित्र निर्माण देता है, लेकिन वे तस्वीर मानव अहंकार की अज्ञानता का बेहतरीन उदाहरण है। वे हमारी जिम्मेदारी को रेखांकित करती है कि हमें एक दूसरे से और भी कृतज्ञता और नम्रता के साथ व्यवहार करना चाहिए ताकि हम इस धरती को संजोकर रख सकें। धरती, वह एक नीला बिंदु, जो हमारा एकमात्र घर है।' कितना सही कहा था कार्ल सैगन ने। वास्तव में अंधेरे, काले, गहन अंतरिक्ष में एक बिंदु-जो पृथ्वी है-हमें दिखाता है कि हम इस ब्रह्मांड में कितने महत्वहीन हैं। हमारा अहंकार कितना खोखला है। पृथ्वी के एक भाग पर अधिकार करने के लिए किए गए हमारे झगड़े और युद्ध कितने तुच्छ हैं। हमारी स्वयं को ही सर्वश्रेष्ठ और सदैव सत्य समझने की भावना कितनी उथली है। हमारी स्थिति पृथ्वी के समस्त महासागरों के तटों पर बिखरी हुई रेत के एक कण से भी कम है।

मानव में बहुत सी कमियां हैं। यहां दूसरों को कष्ट देने की भावना है, यहां धर्म के नाम पर अन्य प्राणियों के प्राण लेने की भावना है, यहां अहंकार है, क्रोध है, असत्य है, यहां अज्ञान है। हम सिकंदर को महान कहते हैं। क्यों कहते हैं? क्या इसलिए कि उसने मकदूनिया से निकलकर तलवार के बल पर पृथ्वी के एक छोटे से भाग पर अधिकार कर लिया था? क्या महान होने की यह कसौटी होनी चाहिए? कैसे हम अपने धर्म की कमियां दिखाई जाने पर आपे से बाहर हो जाते हैं, कैसे हम तर्कसंगत विचार न करके अपने तथाकथित धर्म को सर्वश्रेष्ठ मानते हैं और उसके लिए मरने-मारने को तैयार हो जाते हैं।

कितनी छोटी हैं मनुष्य की ये भावनाएं, लेकिन इसके बावजूद मनुष्य की मेधा, उसके आगे बढ़ने की इच्छा, छोटी नहीं है। इस ब्रह्मांड के रहस्य ज्ञात करने के लिए किया गया उसका परिश्रम तुच्छ नहीं है। उसकी यह भावना गलत नहीं है। यही वह मेधा है, वह इच्छा है और वह परिश्रम है जिसने उसे एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक लाकर खड़ा किया है, जहां वह स्वयं अपना और अपने ब्रह्मांड का उद्गम खोज रहा है। मनुष्य की यह भावना उसे बड़ा बनाती है। उसकी यह भावना उसकी अनेक कमियों के बावजूद उसे एक अलग स्थान पर खड़ा करती है।

सोशल फोरम

प्रकृति के परिवर्तन का यथार्थ

जीवन में कई बार ऐसे मुकाम आते हैं, जब हमें लगने लगता है कि हमारी समझ परिपक्व हो गई है और किसी विषय या चीज के विषय में अब हम, जो विचार, राय या धारणा बनाएंगे, वह परिपक्वता की दृष्टि से सबसे अच्छी होगी और उसमें किसी प्रकार के सुधार या परिष्कार की कभी आवश्यकता नहीं होगी।

अशोक कुमार वर्मा
सेवानिवृत्त आईपीएस

कुछ दिन, महीने या साल बाद जब हम अपने उस परिपक्व विचार, राय या धारणा को देखते हैं, तब हमें उसमें कुछ कमी महसूस होने लगती है। इसका कारण है कि हमारी समझ अध्ययन, मनन, अनुभव, परिवेश और समय-सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, वैज्ञानिक आदि क्षेत्रों में निरंतर हो रहे बदलावों के साथ समायोजन करते हुए सतत बदलती रहती है।

यह तथ्य इस बात का प्रमाण है कि एक मनुष्य अपने जीवन में जानते, समझते, अनुभव करते, पढ़ते-लिखते और समय के साथ समायोजन करते हुए सतत संशोधित और परिष्कृत होता रहता है, यानी विकसित होता रहता है। यह बदलाव या विकास सदैव सीधी रेखा में ही नहीं होता, कई बार यह टेढ़ा-मेढ़ा भी होता है। सतत बदलाव प्रकृति का नियम है। मनुष्य और उसका परिवेश भी बदलता रहता है। यह बदलाव स्वाभाविक है, लेकिन हमारे समाज का सोच कहावतों, काव्याशों, दोहों, चौपाइयों, श्लोकों आदि से इस कदर प्रदूषित है कि इस समाज में बदलने को स्वाभाविक और सकारात्मक अर्थ में नहीं लिया जाता। बदलने का अर्थ हम अविश्वसनीयता, अमानवीयता, धूर्तता आदि से लगाते हैं, जबकि सकारात्मक दिशा में बदलना प्रगति करना है और इस बदलाव को प्रसन्नता से स्वीकार करना चाहिए।

हम भूल जाते हैं कि जब हम अपने जीवनकाल में ही बदलते रहते हैं, तब हमारे पूर्वजों के विचार आज संभव है कि प्रासंगिक और उपादेय न रह गए हों, मगर धर्म, संस्कृति और प्राचीनता की भक्ति में डूबा समाज उनके विचारों के पुनर्मूल्यांकन का साहस ही नहीं करता। इस प्रवृत्ति से समाज में पाखंड और भेद बढ़ता है। दुनिया के उन्नत और आधुनिक समाजों के साथ समायोजन और बदलना करना कठिन हो जाता है।

-फेसबुक वॉल से

भीषण गर्मी में योगदान देने वाले कारक

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाली अत्यधिक गर्मी की लहर सार्वजनिक स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिरता और समग्र सामाजिक कल्याण के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करती है। भारत में अत्यधिक गर्मी की चिंताजनक स्थिति का विभिन्न क्षेत्रों और दैनिक जीवन के पहलुओं पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है। हालांकि सरकार ने जलवायु कार्य योजनाओं, ताप कार्य योजनाओं और शहरी हरित पहलों के माध्यम से प्रभाव को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन चुनौतियां महत्वपूर्ण बनी हुई हैं।

अत्यधिक गर्मी के प्रतिकूल प्रभावों से निपटने के लिए सरकारी नीतियों, उद्योग अनुकूलन और उपभोक्ता जागरूकता के संयुक्त प्रयास महत्वपूर्ण हैं। ग्लोबल वार्मिंग के मूल कारणों को संबोधित करके और गर्मी की लहरों के प्रति लचीलापन बढ़ाकर, भारत भावी पीढ़ियों के लिए अपनी आबादी, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण की रक्षा कर सकता है। बढ़ते तापमान का प्राथमिक चालक ग्लोबल वार्मिंग है। इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) की रिपोर्ट मानवीय गतिविधियों, विशेष रूप से जीवाश्म ईंधन जलाने, वनों की कटाई और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन और बढ़ते वैश्विक तापमान के बीच एक स्पष्ट संबंध का संकेत देती है। सरकार ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए, अपनी आबादी और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक गर्मी के प्रभाव को कम करने के लिए कई उपाय लागू किए हैं। 2008 में लांच की गई, जलवायु

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है।

परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीसीसी) जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए भारत की रणनीति की रूपरेखा तैयार करता है। इसमें सौर ऊर्जा, ऊर्जा दक्षता, टिकाऊ कृषि और जल संरक्षण पर मिशन शामिल हैं, जिनका उद्देश्य समग्र कार्बन पदचिह्न को कम करना और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करना है। कई राज्यों और शहरों ने हीट एक्शन प्लान विकसित किए हैं, जो गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दर को कम करने के लिए डिजाइन किए गए व्यापक ढांचे हैं। इन योजनाओं में आम तौर पर शामिल हैंः आसन्न गर्मी की लहरों के बारे में जनता को समय पर जानकारी प्रसारित करना, नागरिकों को गर्मी की लहरों के खतरों और निवारक उपायों के बारे में शिक्षित करना। गर्मी से संबंधित बीमारियों को पहचानने और उनका इलाज करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों को प्रशिक्षण देना तथा शीतलन केंद्र बनाना, हरित आवरण बढ़ाना और जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार करना। शहरी ताप द्वीप प्रभाव से निपटने के लिए सरकार हरित पट्टियों और शहरी वनों के विकास को बढ़ावा दे रही है।

'ग्रीन इंडिया मिशन' जैसी पहल का उद्देश्य वन और वृक्ष आवरण को बढ़ाना है, इस प्रकार शहरी क्षेत्रों में तापमान विनियमन में योगदान देना है। भारत नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं, विशेषकर सौर और पवन ऊर्जा में भारी निवेश कर रहा है। लक्ष्य जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करना है, जो ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में प्रमुख योगदानकर्ता हैं। जलवायु परिवर्तन के दीर्घकालिक प्रभावों को कम करने के लिए स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर परिवर्तन महत्वपूर्ण है। भारत में अत्यधिक गर्मी विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करती है, प्रत्येक को अद्वितीय चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और विशिष्ट अनुकूलन की आवश्यकता होती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि अत्यधिक गर्मी के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। उच्च तापमान के कारण निम्न हो सकते हैंः गर्मी का तनाव फसल की वृद्धि और उत्पादकता पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। गेहूं, चावल और दालें जैसे मुख्य खाद्य पदार्थ विशेष रूप से अतिसंवेदनशील होते हैं। वाष्पीकरण दर बढ़ने से सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता कम हो जाती है जिससे पहले से ही गंभीर पानी की कमी की समस्या और बढ़ जाती है। पशुधन गर्मी के तनाव से पीड़ित हैं जिससे दूध उत्पादन कम हो गया है और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है। अत्यधिक गर्मी में माल परिवहन करना समस्याग्रस्त हो सकता है जिससे आपूर्ति श्रृंखला दक्षता प्रभावित हो सकती है। गर्मी से संबंधित बीमारियों में वृद्धि से स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तनावपूर्ण हैः गर्मी से संबंधित रुग्णता और मृत्यु दरः अस्पतालों में हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और अन्य संबंधित स्थितियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। गर्मी से संबंधित बीमारियों के इलाज और स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे को उन्नत करने की लागत प्रणाली पर वित्तीय बोझ डालती है। बुजुर्ग, बच्चे और पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोग विशेष रूप से जोखिम में हैं, इसलिए लक्षित स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों की आवश्यकता है।

पर्यटन-पर्यटन उद्योग, विशेष रूप से अपने ग्रीष्मकालीन आकर्षणों के लिए जाने जाने वाले क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करता है, जो अत्यधिक गर्मी पर्यटकों को रोकती है जिससे पर्यटन पर निर्भर व्यवसायों पर असर पड़ता है। स्वास्थ्य और अच्छाई गर्मी की लहरों के दौरान उपभोक्ताओं को कई स्वास्थ्य जोखिमों का सामना करना पड़ता है। जैसे हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण और पुरानी स्थितियों का बिगड़ना आम है। आर्थिक बोझ-उपभोक्ताओं पर आर्थिक प्रभाव में शामिल हैं। जैसे उपयोगिता बिलों में वृद्धिः घरों और कार्यालयों को ठंडा करने की लागत के कारण बिजली का बिल बढ़ जाता है। अत्यधिक गर्मी से जीवन की समग्र गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। अत्यधिक गर्मी बाहरी गतिविधियों और गतिशीलता को सीमित कर देती है, जिससे समग्र आराम कम हो जाता है।

महंगाई दर कम दिखाने का नुस्खा

4 जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से लगातार चीजों के दाम बढ़ने शुरू हो गए हैं। अगर सुबह-सुबह अखबार पर नजर डाले तो रोज ही किसी न किसी रोजमर्रा की चीजों के दामों में बढ़ोतरी देखने को मिल जाती है।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

विगत दिनों में दूध, आटा-दालों, सब्जियों, सीएनजी, एटीएम से धन निकासी आदि के दामों में बढ़ोतरी की खबरे पढ़ने को मिलती हैं। जिस देश के चुने गए सांसदों में 99 प्रतिशत करोड़पति हों, वहां की संसद में शायद महंगाई पर न तो कोई गूंज होगी न ही कोई गंभीर चर्चा, लेकिन देश की जनता के लिए बढ़ती महंगाई केवल चिंता का विषय न होकर एक बड़ी चुनौती भी होती है।

केंद्र सरकार के पास हर कमी को ढंकने का कोई न कोई रास्ता रहता है, उसी के तहत महंगाई को कम कर दिखाने का भी नुस्खा निकल आया है। सरकार के हर बार के आंकड़ों में हैरानी की बात है कि थोक महंगाई दर बढ़ रही है, लेकिन खुदरा महंगाई घट रही है। इस गुत्थी को तो शायद बड़े अर्थशास्त्री ही समझ सके, लेकिन मई माह में थोक मंहगाई दर 1.20 प्रतिशत की अप्रैल की थोक मंहगाई दर से बढ़ कर 2.61 प्रतिशत हो गई यानी दुगने से भी ज्यादा हो गई, लेकिन उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा महंगाई दर इस अवधि में 4.85 प्रतिशत से घटकर 4.79 प्रतिशत रह गई। मामूली सी ही सही, लेकिन इन आंकड़ों के हिसाब से इसमें कमी आई।

असल में सरकार ने महंगाई दर कम दिखाने का नया नुस्खा निकाल लिया है। नए नुस्खे में खाने-पीने की चीजों का महत्व कम कर दिया गया है। पहले खाने-पीने की चीजों का वेटेज 49.86 प्रतिशत था जिससे खाने पीने की चीजों के दाम बढ़ने से महंगाई का आंकड़ा बढ़ जाता था। अब इसे घटाकर 39 प्रतिशत कर दिया है जिससे खाने-पीने की वस्तुओं के दाम बढ़ने से इस महंगाई दर पर असर नहीं दिखाई देता।

देश की जनता इस मार से त्रस्त है। क्या देश के चुने हुए नुमाइंदे इस तरफ कोई ध्यान देंगे?

कागज पर खोदे तालाब, फर्जी फोटो भी एप पर डाल दी

अभिनव राज त्रिपाठी,मऊ (चित्रकूट)

अमृत विचार। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत गांव-मजरों में कराए जाने वाले कामों में जमकर अनियमितता की शिकायत आ रही हैं। गांवदारी की वजह से लोग मुंह खोलने को तैयार नहीं होते। ऐसा ही मामला मऊ ब्लॉक के नींबी ग्राम पंचायत में सामने आया है। गांववालों की मानें तो यहां जिम्मेदार अधिकारियों की शह पर लूट मची है। मऊ ब्लॉक के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि इस तरह का गड़बड़झाला आम बात है।

कैसे की जाती है गड़बड़ी: ग्रामीण नाम छिपाते हुए बताते हैं कि मनरेगा के तहत कार्यस्थल पर श्रमिकों की ऑनलाइन उपस्थिति लेने के लिए नरेगा मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम एनएमएमएस नाम से एप जारी किया गया है। इसमें मनरेगा कार्यस्थल पर कार्य में उपस्थित मजदूरों की उपस्थिति लगानी होती है।

एप में अपलोड की गई फोटो। अमृत विचार

मौके पर न काम हुआ था और न थे मजदूर। अमृत विचार


View daily attendance taken at the work site (Through NMMS App)

State : UTTAR PRADESH District : CHITRAKOOT Block : Mau

S No.	District	Block	Panchayat	Work Code	Muster Roll No.	Persondays Generated
1	2	3	4	5	6	7
1	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2775	10
2	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2776	10
3	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2777	10
4	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2778	10
5	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2779	10
6	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2780	10
7	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2781	10
8	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2782	10
9	CHITRAKOOT	Mau	NEEBI	3177006043/WC/958486255823404318	2783	10

Last Updated On 18/06/2024

नींबी गांव की तालाब खोदाई का मस्टर रोल। अमृत विचार

- मनरेगा के नाम पर भुगतान के गड़बड़झाले का आरोप

फर्जी फोटो की जाती है अपलोड

मऊ ब्लॉक की कई ग्राम पंचायतों में फर्जी फोटो अपलोड करके मनरेगा में जमकर धांधली की जा रही है। सूत्रों के हवाले जानकारी मिली कि पुरानी फोटो को दूसरे फोन से अपलोड करके भ्रष्टाचार के इस खेल को खेला जा रहा है।

तो 90 श्रमिक क्या कागजों में करते हैं खोदाई

यह जांच का विषय है कि एनएमएमएस में फर्जी फोटो डालकर सरकारी धन का बंटरबांट किया जा रहा है कि नहीं। हालांकि जानकारी करने पर पता चला कि नींबी गांव के रामसागर तालाब के नौ मस्टररोलों में प्रत्येक मस्टर रोल में 10 श्रमिकों की हाज़िरी होती है। मंगलवार को इसे अपडेट किया गया था। लेकिन जब मौके पर जाकर देखा गया तो वहां कोई नहीं था और न किसी भी प्रकार से वहां पर काम किए जाने के सबूत ही मिले।

जांच कराई जाएगी : बीडीओ

इस बाबत जब बीडीओ मऊ रामजी मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने भी इसे गंभीर बात माना। बीडीओ ने पूरे काम की जांच टीम गठित कर करवाने की बात कही है। अगर अनियमितता पाई गई तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नींबी में तालाब की खोदाई कागजों में

नींबी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामसागर तालाब में खोदाई का काम कागजों में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, विगत 28 से 30 दिन में दो लाख 46 हजार 480 रुपये की धन निकासी की जा चुकी है। मौके पर जाकर देखने पर काम नजर ही नहीं आता।

तकरीबन 10 लाख है खोदाई का एस्टीमेट

नींबी गांव के रामसागर तालाब की खुदाई का कार्य 9 .95088 लाख रुपये है। एक तालाब की खुदाई की इतनी भारी भरकम धनराशि सवालों के घेरे में है। ग्रामीण आरोप लगाते हैं कि जब मौके पर कार्य ही नहीं किया जा रहा है तो धनराशि की निकासी कैसे की जा रही है। ऐसी स्थिति में जिम्मेदारों की भूमिका सवालों के घेरे में जरूर है।

इस एप में उपस्थिति लगाने के बाद ही श्रमिकों को मजदूरी का भुगतान मिल पाता है। खेल यहीं पर शुरू होता है। ऑनलाइन उपस्थिति में अनियमितता बरती जाती है। काम होता नहीं और मजदूरी भुगतान हो जाता है। अब देखना है कि भ्रष्टाचार के इस खेल की तह तक पहुंचा जाता है या मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

एसडीएम ने की अपील, निजी ट्यूबवेल से भरवाएं तालाब

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

अमृत विचार। तहसील सभागार में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों के साथ उप जिलाधिकारी प्रमोद झा ने बैठक की। इसमें भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल उपलब्धता पर चर्चा की गई। एसडीएम ने अपील की कि लोग अपने ट्यूबवेलों से तालाब-पोखरों को भरवाएं, जिससे कुछ हद तक समस्या का निदान हो सके।

भाकियू के तहसील अध्यक्ष राज किशोर सिंह ने बताया कि राजापुर तहसील क्षेत्र के गांव-मजरों में हैंडपंपों व कुओं का जलस्तर नीचे चला गया है। जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति शुरू नहीं की गई है। तालाबों में भी पानी सूख गया है। ऐसे में सबसे ज्यादा दिक्कत मवेशियों और अन्य जीव-जंतुओं को हो रही है। तहसील क्षेत्र की छोटी-छोटी नदियां भी सूख गई हैं, जिससे समस्या बढ़ी है। एसडीएम ने किसानों से अपील की कि भीषण गर्मी को देखते हुए राजनीतिक भेदभाव को भुला कर निजी नलकूपों से तालाब-पोखरों को भरवा दें, जिससे पानी की व्यवस्था हो सके। जसवंत सिंह चौहान, शिवदयाल सिंह, उदय नारायण सिंह, ओम नारायण गर्ग, योगेंद्र सिंह, अजीत सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।

किसान नेताओं के साथ बैठक करते एसडीएम प्रमोद झा। अमृत विचार

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में लगेंगी 180 इकाइयां

शासन ने जनपद के लिए 44 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत वित्तीय वर्ष में 180 इकाइयां स्थापित कराई जाएंगी। उद्योग धंधे के लिए चार प्रतिशत ब्याज देय होगा। इसके लिए शासन ने विभाग को वर्ष-2024-25 के लिए जनपद को 44 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है।

मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना में सामान्य पुरुष से 4 प्रतिशत ब्याज के अतिरिक्त एवं आरक्षित वर्ग महिला, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिकों को ब्याज रहित अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने का प्राविधान है। इस योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों को बैंक द्वारा वितरित ऋण टर्म लोन धनराशि (पूंजीगत ऋण) पर ही ब्याज उपादान का लाभ देय होगा। 18 से 50 वर्ष तक के आयु के पुरुष व महिला अभ्यर्थी जो उद्यम ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित करना चाहते हैं। वह शैक्षिक योग्यता, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार, पैन कार्ड, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यशाला होने का प्रमाण पत्र आदि प्रपत्रों सहित योजना की बेबसाइट WWW.upkvib.gov.in हमीरपुर पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।उसकी प्रति संलग्नकों सहित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय में जमा कर सकते हैं। इसी तरह उप्र माटी कला बोर्ड से संचालित मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना में प्रजापति (कुम्हार) समाज के आर्थिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए वित्तीय वर्ष-2024-25 में बैंक वित्तपोषण चार इकाइयों का लक्ष्य आया है।

इसमें 10 लाख रुपये तक ऋण बैंकों के माध्यम से स्वीकृत / वितरित कराने का प्रावधान है। बैंक द्वारा स्वीकृत कुल प्रोजेक्ट लागत का 5 प्रतिशत घटाने पर पूंजीगत ऋण पर 25 प्रतिशत छूट की धनराशि अनुदान के रूप में कराए जाने का प्रावधान है। माटी कला / शिल्पकारी अभ्यर्थियों जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो वह अपना आवेदन ऑनलाइन upmatikalaboard.in पर आवेदन कर सकते हैं।

विदेशी महिला मित्र के साथ गांव में रहे युवक को नोटिस

संवाददाता अछल्दा, औरैया

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव सुभानपुर में विदेशी महिला मित्र के साथ एक युवक करीब एक सप्ताह तक रहा लेकिन किसी को भी इस बात की जानकारी नहीं हो सकी। युवक ने बताया कि पबजी गेम खेलने के दौरान विदेशी महिला मित्र से दोस्ती हुई थी। जानकारी न देने के लिए युवक को पुलिस की ओर से नोटिस दी गई है।

अमेरिका की फ्लोरिडा शहर निवासी ब्रुकली कार्ली अपने मित्र हिमांशू निवासी उमरी, थाना एरवाकटरा के साथ 5 जून को थाना क्षेत्र के ग्राम सुभानपुर में अपने मौसा जय चंद्र के घर पर रुकने के लिए आए। करीब एक सप्ताह रुकने के बाद 11 जून को यहां से दोनों लोग चले गए। सोशल मीडिया पर जब इस बात की जानकारी फैली तो हिमांशू विदेशी महिला मित्र को अछल्दा पुलिस थाने लेकर आए। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक को पूछताछ के बाद परिजनों के साथ भेज दिया। एसपी चारु निगम ने मामले की जानकारी लेकर बयान जारी किया कि युवक विदेशी महिला मित्र के साथ अछल्दा थाना क्षेत्र में रुका था। युवक को सी फॉर्म भरकर जानकारी देना चाहिए थी लेकिन जानकारी के अभाव में उसने नही बताया फिर उसको नोटिस जारी किया गया है।

विदेशी महिला मित्र के साथ युवक की फोटो।

जल्द पता चलेगा कितना खाद-पानी मिलेगा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। किसान को खेत में कब किस फसल की बुआई करना लाभकारी होगा। किस फसल में कितनी खाद व पानी देना है। इसके लिए एक क्लिक पर किसान को सारी जानकारी उपलब्ध होगी। एग्रीस्टैक के तहत जिले में हर खेत की आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए कृषि विभाग एक जुलाई से 31 जुलाई तक अभियान चलाकर काम करेगा।

जिले में करीब 2.88 लाख हेक्टेयर में दो लाख 22 हजार पंजीकृत किसान खेती बारी करते हैं। इन सभी की किसान रजिस्ट्री होगी। जिसमें केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का पात्र किसानों को लाभ मिलेगा। शासन का पत्र मिलने के बाद कृषि विभाग अभियान चलाकर किसान रजिस्ट्री का काम कराएगा। जिले में दो लाख 88 हजार हेक्टेयर में रबी, खरीफ व जायद फसलों की खेती होती है। दो लाख 22 हजार पंजीकृत किसान खेती बारी करते हैं, लेकिन अभिलेखों में तकनीकी दिक्कतों संग अन्य कमियों के कारण बड़ी संख्या में किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। इसके लिए शासन एग्री स्टैक के तहत किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए विकसित मोबाइल एप पर सभी गाटों को आधार से लिंक कराया जाएगा। इसमें किसान का नाम, पिता का नाम, सह खातेदार का नाम, गाटे में किसान का अंश, मोबाइल नंबर, ई केवाईसी सभी रजिस्ट्री में दर्ज होगा। इससे किसान को आपदा एवं सूखा आकलन में फायदा मिलेगा।

क्या होगा लाभ

- उप निदेशक ने बताया कि राजस्व विभाग जिस प्रकार स्वामित्व योजना में किसानों को उनके घर मकान आदि की डिजिटल घरौनी दे रहा है। उसी तरह अब हर किसान के खेतों का ब्योरा भी डिजिटल फॉर्मेट में दर्ज होगा। इसमें सभी किसानों के हर खेत की एक आईडी बनेगी। इस आईडी के माध्यम से किसानों के खेत का रकबा, मिट्टी का प्रकार और सिंचाई के साधन सहित अन्य जरूरी जानकारियां दर्ज होंगी।
- उप कृषि निदेशक डॉ. हरिशंकर भार्गव के मुताबिक किसान रजिस्ट्री तैयार करने के लिए एक से 31 जुलाई तक अभियान चलेगा। इसमें कृषि विभाग के एटीएम, बीटीएम, राजस्व विभाग के लेखपाल, पंचायत एवं उद्यान विभाग के कर्मचारी गांव- गांव जाएंगे। कहा कि सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत इस व्यवस्था को प्रभावी किया जा रहा है। 30 जून तक मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग करा ली जाएगी। कहा कि जिन किसानों की आईडी नहीं बनी तो उन्हें दिसंबर से सम्मान निधि का लाभ नहीं दिया जाएगा।

पत्नी की हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। अपर सत्र न्यायाधीष प्रथम विकास गोस्वामी ने पांच साल पहले थाना अछल्दा क्षेत्र के ग्राम रमन गढ़िया स्थित ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत के मामले में पति रजनेश को पत्नी की हत्या का दोषी माना और आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। मृतका ऊषा के पिता ने गवाही में अपने बयान आरोपियों को बचाने वाले दिए लेकिन कोर्ट ने पति को उम्रकैद की सजा दी। वादी पिता पर झूठी गवाही देने के जुर्म में कोर्ट ने विधिक कार्रवाई किए जाने के लिए प्रकीर्ण वाद पंजीकृत कराया है।

अभियोजन पक्ष से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व एडीजीसी चंद्रभूषण तिवारी ने बताया कि थाना अछल्दा में वादी प्रताप सिंह ने रिपोर्ट लिखाई। उसने बताया कि अपनी पुत्री ऊषा कुमारी की शादी सन 2007 में रमन गढ़िया अछल्दा निवासी रजनेश पुत्र सहदेव सिंह के साथ की थी। 14 अप्रैल 2019 की सुबह ऊषा की ससुराल में मौत हो गई। आरोपी पिता ने पति रजनेश, पिता सहदेव सिंह, सास मलती देवी व देवर सोनू कुमार पर रिपोर्ट लिखाई। यह मुकदमा एडीजे प्रथम विकास गोस्वामी के कोर्ट में चलते हुए निर्णीत हुआ। कोर्ट ने नामजद मृतका के ससुर सहदेव सिंह, सास मालती देवी व देवर सोनू कुमार को दोषमुक्त कर बरी कर दिया।

- मृतका के पिता पर झूठी गवाही देने पर हुई कार्रवाई

अवर अभियंता को लाठी-डंडों से पीटा

फफूंद, औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव में चेकिंग करने गई बिजली विभाग की टीम पर गांव वालों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों से पीटकर उन्हें घायल कर दिया।

देवरपुर फीडर के अवर अभियंता दीपक राम मंगलवार की दोपहर को शासन के आदेश पर विद्युत चेकिंग करने क्षेत्र के गांव बम्होरी की मड़ैया में गये थे। जैसे ही वह गांव में राम बाबू पुत्र स्व. जमुना दीन के घर पर पहुचे तो देखा की चोरी से वह बिजली चला रहे थे। जिसका वीडियो बनाते समय राम बाबू, सोनू, पूजा व ग्रामीण आ गए और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल अवर अभियंता को डॉक्टरी परीक्षण हेतु सीएचसी दिबियापुर भेज दिया। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

फर्रुखाबाद-अयोध्या की बस सेवा शुरू

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। अयोध्या में प्रभु राम मंदिर बनने के बाद फर्रुखाबाद से भी सीधी बस सेवा की मांग जनता की तरफ से लगातार उठ रही थी। जिसको देखते हुए फर्रुखाबाद से नीब करोरी धाम होते हुए अयोध्या तक बस सेवा शुरू की गई है। मंगलवार को सांसद मुकेश राजपूत ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। इस बस के लिए ऑनलाइन टिकट सेवा भी उपलब्ध रहेगी।

फर्रुखाबाद रोडवेज बस अड्डा पर मंगलवार सुबह 10:30 बजे फर्रुखाबाद से अयोध्या जाने वाली रोडवेज बस को सांसद मुकेश राजपूत ने नारियल फोड़ कर हरी झंडी दिखाई। इससे पहले अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। सांसद ने कहा कि जनता की लगातार मांग थी। उसी के अनुरूप प्रभु राम के सीधे दर्शन करने के लिए बस सेवा शुरू की गई है। यह बाबा नीब करोरी के दर्शन कराते हुए प्रति दिन जनपदवासियों को अयोध्या धाम ले जाएगी। उन्होंने कहा कि फर्रुखाबाद के पर्यटन क्षेत्र को अब नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया जाएगा। सांसद ने कहा कि आने वाले समय में संकिसा से सारनाथ तक बस सेवा शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

यह रहेगा टाइम-टेबल

अयोध्या को जाने वाली बस सुबह साढ़े पांच बजे फर्रुखाबाद रवाना होकर 6 :20 बजे नीवकरोरी पहुंचेगी। दस मिनट रुकने के बाद वहां से पुन : फर्रुखाबाद आयेगी ।जिसके बाद सुबह लगभग 7 :30 बने अयोध्या को निकलेगी। जो की कन्नौज होते हुए एक्सप्रेसवे से लखनऊ दोपहर 12 :45 बजे पहुंचेगी। 5 मिनट रुकने के बाद लखनऊ से चलकर 3 :55 पर अयोध्या पहुंचेगी। 20 मिनट रुकने के बाद 4 :15 पर अयोध्या से रवाना होगी और रात 12 :40 पर फर्रुखाबाद पहुंचेगी।

> पहली बार अयोध्या ले जाने के लिए बस की कमान चालक सत्यवीर यादव परिचालक अंकित यादव को दी गई है। यह बस प्रतिदिन चलेगी और इसमें यात्रियों की सहूलियत है बेहतर इंतजाम किए गए हैं। ऑनलाइन टिकट सेवा भी उपलब्ध रहेगी। किराया भी साधारण रहेगा।
>
> –अरविंद मिश्रा, एआरएम

- ऑनलाइन टिकट मिलेगा सांसद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना की पहली बस

कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड का होगा संरक्षा ऑडिट

अमृत विचार विशेष

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जलपाईगुड़ी रेल हादसे के बाद अब सभी रेल लाइनों का संरक्षा ऑडिट किया जाएगा। इसी क्रम में कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड का भी ऑडिट होगा, जिसमें पटरियों, सिग्नल प्रणाली व विद्युत लाइन समेत कई बिंदुओं की गहनता से जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। इस दौरान यदि कोई तकनीकी गड़बड़ी मिलेगी तो उसमें तत्काल सुधार किया जाएगा।

रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल बरेली कानपुर-फर्रुखाबाद का अन्तर मंडलीय रेलवे संरक्षा ऑडिट टीम लखनऊ द्वारा किया जाएगा। संरक्षा ऑडिट टीम के अध्यक्ष अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) विक्रम कुमार के साथ उनकी टीम में वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सामान्य), वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-तृतीय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (परिचालन), वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/सवारी एवं माल डिब्बा/समन्वय तथा वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर शामिल रहेंगे। इज्जतनगर मंडल की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल, वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी नीतू, शाखा अधिकारी सहित रेल संरक्षा से सम्बद्ध पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी भी संरक्षा आडिट में उपस्थित रहेंगे। निरीक्षण के दौरान रेलवे लाइन, ट्रैक प्वाइंट, ऑटोमेटिक सिग्नल प्रणाली, इंटरलॉक व नॉन इंटरलॉक समपार, मेजर व माइनर पुल, रेलवे स्टेशन व रनिंग रूप का गहनता से निरीक्षण कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों का भेजी जाएगी। संरक्षा ऑडिट के दौरान जहां खामियां मिलेगीं, उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाएगा।

रेलवे स्टेशन पर सिग्नल व संचार प्रणाली को चेक करते स्टेशन अधीक्षक अंजनी प्रसाद। अमृत विचार

- कई बिंदुओं पर जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी
- कोई गड़बड़ी मिलेगी तो उसमें तत्काल सुधार किया जाएगा

सभी गाड़ियों में नहीं लगाया गया कवच सिस्टम

- कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर प्रतिदिन लगभग 35 जोड़ी ट्रेनें गुजरतीं हैं, इनमें कुछ ही गाड़ियों में कवच सिस्टम लगा है। इसमें जो गाड़ियां लंबी दूरी की हैं या सुपरफास्ट हैं, उनमें यह संयंत्र लगाया गया है। कवच एक अत्याधुनिक टक्कर रोधी प्रणाली है जो गाड़ी के इंजन (लोकोमोटिव) में लगी होती है। यदि सिग्नल लाल है या उसी ट्रैक पर कोई अन्य ट्रेन आ रही है तो गाड़ी में स्वत: ब्रेक लग जाएगा। स्टेशन अधीक्षक अंजनी प्रसाद ने बताया कि कवच का परीक्षण साल 2022 में किया गया था, जिसे पहले लंबी दूरी के व्यस्त रूटों पर लगाया गया है। कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर अभी कम गाड़ियों में ही कवच सिस्टम लगाया गया है।

लापरवाही | साढ़े सात करोड़ रुपये से स्टेशन के पुनर्निर्माण के लिए दूसरी कंपनी को दी गई जिम्मेदारी

अमृत भारत स्टेशन योजना की रफ्तार पर लगा 'ब्रेक', 15 दिन से काम बंद

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन योजना की रफ्तार पर ब्रेक लग गया है। कार्य में लापरवाही पर पहले रेलवे ने एक कार्यदायी संस्था को हटाकर उसे ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। अब दूसरी कंपनी को जिम्मा दिया गया है, जिसने प्लेटफार्म नंबर एक भवन को गिराकर मलबे में तब्दील कर दिया। अब निर्माण की गति धीमी होने से रेलवे के कर्मचारियों और यात्रियों को दिक्कत हो रही है।

अमृत भारत स्टेशन योजना में 75 रेलवे स्टेशनों का पुनर्निर्माण किया जा रहा है, जिसमें कन्नौज स्टेशन भी शामिल है। साढ़े सात करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन को अत्याधुनिक स्वरूप देने की योजना है। पिछले साल टेंडर जिस कंपनी को मिला था, उसने करीब दो माह तक काम किया। कार्य की गति धीमी हो और निर्माण कार्य की गुणवत्ता खराब मिलने पर अपर मंडल रेल प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने कार्यदायी संस्था को हटा दिया और दूसरी कंपनी को टेंडर प्रदान किया था। इस कंपनी ने प्लेटफार्म नंबर एक पर आधे से अधिक भवन को गिरा दिया, जिसमें रेलवे का पार्सल रूम भी गिर गया। अब उसे आरपीएफ थाने के पास शिफ्ट किया गया है। शौचालय गिरने से प्लेटफार्म पर ट्रेन के इंतजार में खड़े होने वाले यात्रियों को भी दिक्कत हो रही है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं को हो रही है, जिनके लिए कोई सुरक्षित स्थान नहीं है। यात्रियों ने बताया कि करीब 15 दिन से काम बंद है, जिससे परेशानी हो रही है। हालांकि अभी प्लेटफार्म नंबर दो पर काम चल रहा है, लेकिन कछुआ गति होने के कारण एक साल में भी पूरा होने की उम्मीद नहीं है। रेलवे के वरिष्ठ कार्य निरीक्षक मुन्ना सिंह ने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना में अब दूसरी कंपनी को टेंडर मिला है, जो काम कर रही है। कार्य को समय से पूरा कराया जाएगा और यात्रियों के लिए प्लेटफार्म नंबर दो पर शौचालय की व्यवस्था की गई है। शीघ्र ही फाउंडेशन का काम शुरू किया जाएगा।

रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर गिराई गई बिल्डिंग। अमृत विचार

इस तरह दिखेगा कन्नौज का रेलवे स्टेशन। अमृत विचार

चलती मालगाड़ी के कोच में लगी आग

10 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू, स्टेशन मास्टर की सूझबूझ से टला हादसा

संवाददाता, तालगांव/सीतापुर

- लाखों रुपयों की कीमत का सामान जलकर खाक
- पहियों के घर्षण से आग लगने की संभावना

अमृत विचार। थाना इलाके में दिल्ली से चलकर बिहार प्रान्त के आजाद नगर जा रही मालगाड़ी के एक कोच में रविवार देर रात अचानक आग लग गई। ट्रेन जब जिले के टप्पा खजुरिया स्टेशन से गुजर रही थी तभी स्टेशन मास्टर की नजर मालगाड़ी की एक बोगी पर पड़ी, जिसमें से धुआं निकल रहा था। स्टेशन मास्टर ने मामले की सूचना कंट्रोल रूम सहित फायर ब्रिगेड को दी। अधिकारियों के निर्देश पर मालगाड़ी अगले रेलवे स्टेशन परसेंडी पर रुकवाकर कोच को ट्रेन से अलग कर दिया गया। कोच में आग लगने से लाखों रुपयों का सामान जलकर खाक हो गया।

जानकारी के अनुसार रविवार देर रात करीब 1 बजे जब मालगाड़ी टप्पा खजुरिया स्टेशन से गुजर रही थी तो उस दौरान स्टेशन पर मौजूद स्टेशन मास्टर अरविंद अग्निहोत्री ने मालगाड़ी के एक कोच से धुएं को निकलता देखकर सूचना देकर ट्रेन को अगले स्टेशन पर रुकवा दिया। मालगाड़ी के बोगी में आग इतनी भयंकर लगी थी कि कर्मचारियों के कड़ी मशक्कत के लगभग 10 घंटे के बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने पानी रिफलिंग कर रात से आग बुझाते बुझाते सुबह हो गई।

गर्मी की तपिश से आग लगने की संभावना

मालगाड़ी के अंदर चार पहिया वाहनों के टायर से लेकर ग्रीस, मोबिल ऑयल व प्लास्टिक के खिलौने सहित बिजली का पंखे आदि सामान लोड था। बताया जाता है कि रविवार को भीषण गर्मी के बीच मालगाड़ी के डिब्बे में पहियों के घर्षण से सुलगते हुए धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप में लिया। आग इतनी भयावाह हो गई कि मालगाड़ी के कोच को कड़ी मशक्कत के बाद ट्रेन से अलगकर उसे खोलने की जहमत उठाई गई। करीब 10 घंटे की फायर ब्रिगेड की मेहनत के बाद आग पर काबू पाया जा सका है।

टप्पा खजुरिया स्टेशन पर मालगाड़ी से उठता धुआं व आग बुझाने का प्रयास करते फायरकर्मी। अमृत विचार

मालगाड़ी की बोगी में मोबिल आयल, बिजली के पंखे, बच्चों के खिलौने, दवाइयां, जूते, गाड़ियों के टायर, ग्रीस सहित अन्य सामान लोड था। भीषण आग से बोगी में रखा कुछ सामान बचाया जा सका और अधिकतर सामान जलकर राख हो गया। स्टेशन मास्टर मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि लाखों का सामान जलकर बर्बाद हो चुका है। इस मौके पर डीसीआई आर के बांगर, सीनियर डीसीएम नीतू सिंह लखनऊ, ट्रैफिक इंस्पेक्टर श्रवण कुमार, परसेंडी स्टेशन मास्टर अरविन्द अग्निहोत्री, आरपीएफ इंस्पेक्टर, सीतापुर , टप्पा खजूरिया ,परसेंडी, रमईपर स्टेशन के गैंगमैन सहित भारी संख्या में कर्मचारी व पुलिस बल ने मौजूद रहकर आग की स्थिति पर काबू पाया।

लखीमपुर करंट हादसे में 3 अभियंताओं समेत 4 निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बिजली लाइन की चपेट में आने से हुई थी तीन लोगों की मौत
- 5 संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त, ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई

अमृत विचार। लखीमपुर के करंट हादसे में तीन लोगों की मौत व दो लोगों के घायल होने के प्रकरण में अधिशासी अभियंता, उप खंड अधिकारी, अवर अभियंता व लाइनमैन को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही, उपकेंद्र परिचालक समेत पांच संविदा कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने यह कार्रवाई की।

निलंबित कर्मियों में अधिशासी अभियंता गोला राज नारायण को मध्यांचल निगम मुख्यालय से सम्बद्ध किया गया है। उप खंड अधिकारी-प्रथम गोला विनीत कुमार को निलंबित करते हुए मुख्य अभियंता सीतापुर क्षेत्र से सम्बद्ध किया गया है। अवर अभियंता अमृत लाल को निलंबन के बाद अधीक्षण अभियंता गोला से सम्बद्ध किया गया है। इसके



अलावा टेक्नीकल ग्रेड-दो लाइन मैन राकेश कुमार को निलंबित किया गया है। जिन कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई है, उनमें उपकेंद्र परिचालक सचिन वर्मा, अकुशल कर्मचारी दर्शन लाल, पवनेश, राजेश कुमार, संजय सक्सेना व कुंदन लाल शामिल हैं। वीएमकेए इलेक्ट्रिक्ल्स वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड शाहजहांपुर की ओर से संविदा पर कार्यरत थे। इस कंपनी को दूसरे निष्ठावान कर्मचारियों की तैनाती करने को कहा गया है।

मालूम हो कि बीते दिन लखीमपुर जिले के थाना हैदराबाद अन्तर्गत 11 केवी गोला-मोहम्मदी फीडर की विद्युत लाइन की चपेट में आने से बाइक सवार तीन लोगों की मौत हो गई थी, जबकि दो लोग घायल हो गये थे। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त करवाई के निर्देश दिए थे। ऊर्जा मंत्री ने उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष व मध्यांचल निगम के प्रबंध निदेशक को निर्देश दिया कि पुलिस व ज़िला प्रशासन के साथ ऊर्जा विभाग की टीम स्थल पर पहुंचकर घायलों का उपचार कराने के निर्देश दिये हैं। कहाकि इसमें कोई लापरवाही न हो।

धर्मांतरण की आरोपी को जमानत से इंकार

संवाददाता, प्रयागराज

- हाईकोर्ट ने आरोपी की याचिका को खारिज किया

अमृत विचार। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने धर्मांतरण से जुड़े एक मामले में आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण विरोधी अधिनियम, 2021 एक नया कानून है, जिसे समाज में व्याप्त एक कुप्रथा को रोकने के लिए अधिनियमित किया गया है। उक्त अधिनियम के तहत आने वाले मामलों में अगर लगातार हस्तक्षेप किया जाता है तो यह कानून अपने उद्देश्य को प्राप्त करने में विफल हो जाएगा। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के हस्तक्षेप विशेष रूप से कानूनी कार्यवाही के प्रारंभिक चरणों में कानून की प्रभावशीलता को कमजोर कर सकते हैं।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की खंडपीठ ने रुक्सार द्वारा दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। याचिका में आईपीसी और उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध

अधिनियम, 2021 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने के लिए प्रार्थना की गई थी। दरअसल याची के खिलाफ आरोप है कि उसने न केवल पीड़िता को घर बुलाकर उसके दुष्कर्म में सहयोग दिया बल्कि दुष्कर्मी के साथ धर्मांतरण कर विवाह करने का प्रस्ताव भी दिया। मामले के अनुसार याची का पति रहमान शादी से पहले पीड़िता का पीछा करता था। एक बार उसने पीड़िता को घर बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म भी किया। शादी के बाद रहमान का भाई इरफान पीड़िता का पीछा करने लगा। याची पर आरोप है कि उसने पीड़िता को उसकी प्रतिष्ठा व सम्मान खोने और जिंदगी बर्बाद होने का डर दिखाकर इस्लाम धर्म अपनाकर इरफान से शादी करने का सुझाव दिया। सुझाव न मानने पर पीड़िता कई बार पुरुष आरोपियों द्वारा दुष्कर्म की शिकार हुई। हालांकि याची के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप पुरुष आरोपियों के खिलाफ था, ना कि याची के खिलाफ। इस पर कोर्ट ने कहा कि याची ने न केवल एक महिला को सामाजिक, पारिवारिक और मानसिक क्षति पहुंचाई है बल्कि उसे उसकी परंपराओं और मान्यताओं एवं मूल्यों से भी अलग करने का दुष्कर्म किया है। यह सत्य है कि भले ही याची द्वारा पीड़िता का शारीरिक दुष्कर्म नहीं किया गया, लेकिन उसके द्वारा पीड़िता का मानसिक शोषण करने का प्रयास अवश्य किया गया है और एक सीमा तक याची पीड़िता का मानसिक शोषण करने में सफल भी हुई, इसलिए उसे किसी भी प्रकार की राहत देना अधिनियम, 2021 के तहत निषिद्ध है।

मां की हत्या कर खेत में दफना दिया शव

संवाददाता,एटा

अमृत विचार: बेटे ने मां की गला दबाकर हत्या कर दी और लाश को चरी के खेत में दफना दिया। सौतेले बेटे ने पुलिस से शिकायत की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने हत्यारोपी पुत्र को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर खेत से शव बरामद कर लिया। उसने मां के चरित्र पर शक होने के चलते हत्या की बात कही है।

सकरौली थाना क्षेत्र के गांव धर्मपुर निवासी गंगा सिंह ने तीन शादियां की थीं। पहली शादी श्रीदेवी से की, जिससे एक बेटा हरपाल सिंह हुआ। श्रीदेवी की मृत्यु के बाद गंगा सिंह ने दूसरी शादी सुधा के साथ की। सुधा की मृत्यु के बाद तीसरी शादी सीमा देवी (40) के साथ की थी। सीमा से एक बेटा रमाशंकर और चार बेटियां हैं। गंगा सिंह की करीब तीन साल पहले मृत्यु हो गई। रमाशंकर अपनी मां सीमा के चरित्र

गिरफ्त में हत्यारोपी बेटा व उसके दोस्त।

पर शक करता था। इसी बात पर उसका मां से अक्सर झगड़ा होता था। 13 जून को सीमा लापता हो गई। सौतेले बेटे हरपाल सिंह को रमाशंकर पर शक हुआ तो उसने सोमवार को पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने रमाशंकर को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने मां की हत्या की बात कुबूल की। बताया कि मां का चरित्र ठीक नहीं था इसलिए कत्ल कर दिया। अपने दोस्तों नीरज पुत्र दुर्गपाल और रामबाबू उर्फ भालू पुत्र विजयपाल यादव निवासी गांव सियाराम के सहयोग से लाश को खेत में दफना दिया।

मोदी ने स्पोर्ट्स स्टेडियम के कार्य देखे

वाराणसी

अमृत विचार। पूर्वांचल की खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहर को सिगरा इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स की सौगात दी थी। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रधानमंत्री जब मंगलवार को शहर पहुंचे तो उन्होंने देर रात स्टेडियम में पहुंचकर कार्य की प्रगति को देखा। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री को मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने स्टेडियम के कार्यों की जानकारी दी। मोदी ने एक्स हैंडल पर स्टेडियम की भव्यता को सराहा।

एमएचपीएल इंडिया द्वारा 66782.4 स्क्वायर मीटर में बनाए गए इस स्टेडियम में सभी तरह के इंडोर और आउटडोर खेलों का आयोजन हो सकेगा। खेलो इंडिया और स्मार्ट सिटी के सहयोग से टू बिल्ड पद्धति पर ईपीसी मोड पर कंपनी ने रिकॉर्ड समय में इसका निर्माण किया है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त देश का प्रथम

प्रधानमंत्री मोदी को स्टेडियम के बारे में बताते मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा।

- 66782.4 स्क्वायर मीटर में तैयार किया गया है स्टेडियम

मल्टी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स है। इसमें कई खेल जैसे बैडमिंटन के 10 कोर्ट, स्क्वाश के 4 कोर्ट, 4 बिलियर्ड्स की टेबल रूम, 2 इंडोर बास्केट बॉल कोर्ट, 20 टेबल टेनिस, कवर्ड ओलंपिक साइज स्विमिंग पुल, कवर्ड वार्म अप स्विमिंग पुल, जिमनास्टिक, जूडो , कराटे, मार्शल आर्ट्स, योगा , रेसलिंग, हाईटेक जिम्नेजियम जो की दो मंजिलों में बना है। बोर्ड गेम्स इत्यादि खेल अत्याधुनिक वातावरण में खेले जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त इसको स्ववित्त पोषी बनाने के लिये आय के श्रोत के लिये निम्न सुविधाएं भी समायोजित की गयी है जो की विश्व स्तर मानक की हैं जिनमें स्पोर्ट्स लाइब्रेरी, कॉम्बैट स्पोर्ट्स हॉल, स्पोर्ट्स सेमिनार हॉल, कई कैफे, फील्ड व्यू लाउंज भी शामिल हैं।

कंपनी के निदेशक प्रणव अग्रवाल ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सुविधा से लैस अत्याधुनिक स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में कोचिंग भी दी जा सकेगी।

तमिलनाडु की श्रद्धालु और युवती की मौत

अयोध्या, अमृत विचार : जिला अस्पताल में एक युवती और एक महिला श्रद्धालु की मौत हुई है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया है। दूसरी पहर तमिलनाडु के थाना विलपरम स्थित अलापल्लम निवासी महिला श्रद्धालु मीनाक्षी पत्नी रमन को उनके दल का सहयोगी त्रिमलय लेकर जिला अस्पताल पहुंचा तो डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कैंट थाना क्षेत्र के मुरावन टोला निवासी कौशिल्या निषाद पुत्र रामानंद को उसके भाई राकेश निषाद ने भर्ती कराया था।

भर्ती कराने के डेढ़ घंटे बाद युवती की मौत हो गई। युवती ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था।

महिला ने विमान में किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

- लखनऊ से मुंबई जा रही थी फ्लाइट, महिला यात्री ने सुरक्षा अधिकारी के हाथ पर काटा

अमृत विचार: लखनऊ से मुंबई जा रही एक महिला यात्री ने विमान में जमकर हंगामा किया। यात्रियों से बदतमीजी की। शिकायत करने पर जब क्रू मेंबर ने उसे समझाने की कोशिश की तो वह जोर-जोर से चिल्लाने लगी। महिला यात्री से परेशान होकर सिक्योरिटी ऑफिसर ने जब उसे विमान से नीचे उतारा तो महिला ने उसके हाथ में काट लिया। सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

सोमवार की शाम करीब 4:40 बजे लखनऊ से मुंबई जाने वाली आकासा एयरलाइंस उड़ान में आगरा की रहने वाली महिला तनवी मुंबई जाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची थी। यहां विमान के अंदर पहुंचते ही उसने अन्य यात्रियों से बेवजह बदतमीजी शुरु कर दी। जब यात्रियों ने विरोध करते हुए इसकी शिकायत विमान के क्रू मेंबर अंकिता से की तो क्रू मेंबर ने उसे समझाया। लेकिन महिला यात्री ने उसकी कोई बात नहीं मानी। बाद में क्रू मेंबर ने सिक्योरिटी अफसर को मामले की जानकारी दी। इसके बाद महिला को विमान से नीचे उतार दिया गया। लेकिन बाद में उक्त महिला यात्री जोर जबरदस्ती करते हुए विमान के अंदर जाने लगी। इस पर सिक्योरिटी अफसर जय पांडेय ने उसे रोकने की कोशिश की। जिससे महिला यात्री भड़क गई और जय पांडेय को धक्का देकर उनके बाएं हाथ में काट लिया। इसके बाद सीआईएसएफ जवानों को बुलाया कर उसे विमान से नीचे उतार दिया। बाद में सुरक्षा कर्मियों महिला यात्री को पकड़कर सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस पूछताछ में उक्त महिला यात्री ने अपना नाम तनवी आगरा जिले के शमशाबाद थाना नगला की रहने वाली बताया। इस मामले में आकासा एयर के सिक्योरिटी अफसर व सरोजनीनगर के ही आजाद नगर, चिल्लावां में रहने वाले जय पांडेय ने तनवी के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी का कहना है कि सिक्योरिटी अफसर की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है।

ब्रिटेन से घर आए युवक की कार पेड़ से टकराई, मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- चोरगिलया थाना क्षेत्र में सोमवार की रात ढाई बजे हुआ हादसा

अमृत विचार : ब्रिटेन से छुट्टियां मनाने आया कार सवार युवक अपने दोस्त के साथ सैर-सपाटे पर निकला था। रास्ते में तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई और युवक की मौत हो गई। जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना चोरगलिया थाना क्षेत्र में हुई।

मूलरूप से भटेरी झूलाघाट पिथौरागढ़ निवासी अर्जुन सिंह बिष्ट (26 वर्ष) ऊधमसिंह नगर जिले के लोहिया पुल खटीमा में परिवार के साथ रहता था। बताया जाता है कि वह यूनाइटेड किंगडम के ब्रिटेन में पिछले सात माह से नौकरी कर रहा था और एक माह पहले छुट्टी पर घर आया था। सोमवार को वह घर से हल्द्वानी के लिए निकला था। उसके साथ कार में उसका एक दोस्त भी था। चोरगलिया थाना क्षेत्र में प्रतापगढ़ मोड़ के पास रात करीब ढाई बजे कार पेड़ से टकरा गई। जोरदार टक्कर में दोनों बुरी तरह घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को अस्पताल भेजा, जहां मंगलवार सुबह अर्जुन की मौत हो गई।

सार-संक्षेप

फिर नहीं आये सांसद राहुल गांधी, अब 26 को सुनवाई

सुलतानपुर। विधानसभा चुनाव के दौरान बेंगलुरु में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद राहुल गांधी के प्रेसवार्ता के दौरान तत्कालीन बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष व मौजूदा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी मंगलवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। बचाव पक्ष ने राहुल गांधी के मौके व हाजिरी माफी का प्रार्थना पत्र एमपी-एमएलए के विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में दिया। वही इसी मामले में कोतवाली नगर घरहां कलां डिहवा निवासी रामप्रताप पुत्र रामनेवाज ने इसी मामले में पक्षकार बनने का प्रार्थनापत्र बीती तारीख पर कोर्ट में दिया गया है । पक्षकार बनाने के प्रार्थना पत्र का निस्तारण विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट 26 जून को करेगी। कोतवाली देहात क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री पर अभद्र टिप्पणी के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है।

बैंक में नौकरी लगवाने के बहाने 10 लाख रुपये ठगे

बरेली। दिल्ली में बैंक आफ बड़ौदा में क्लर्क की नौकरी लगवाने के बहाने ठग ने खुद को डॉक्टर बताते हुए युवक से 10 लाख रुपये हड़प लिए। नौकरी न लगने पर जब युवक ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में मामले की शिकायत की है। प्रेमनगगर थाना क्षेत्र के कानूनगोयान निवासी हरि नारायण ने बताया उनकी बंजरिया निवासी व्यक्ति से जान पहचान थी। उसने माधोवाड़ी निवासी व्यक्ति से डॉक्टर बताकर मुलाकात कराई थी और कहा था कि उसकी दिल्ली में कई अधिकारियों और नेताओं से जान पहचान है। वह उनके बेटे की दिल्ली में बैंक आफ बड़ौदा में क्लर्क के पद पर नौकरी लगवा देंगे, जिसके लिए 10 लाख रुपये खर्च आएगा। उन लोगों ने 10 लाख रुपये दे दिए।

हाईटेक | अभी सीसीटीवी कैमरे के जरिये मैन्युअल हो रहे चालान, जल्द एआई कैमरे से लैस होगा पूरा कुमाऊं

कुमाऊं में जल्द एआई कैमरे काटेंगे चालान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पुलिस ने इसके लिए कार्य योजना बनानी शुरू कर दी
- अभी एसएसपी खुद कार्यालय से पूरे जिले पर नजर रखते

अमृत विचार : कुछ माह बाद वाहनों का चालान काटने के लिए न तो यातायात पुलिस की जरूरत होगी और न ही सीपीयू की। पुलिस का फोकस सिर्फ अपराध रोकने पर होगा। ऐसा इसलिए कि अब जल्द ही कुमाऊं में चालान काटने के लिए एआई कैमरों का इस्तेमाल किया जाएगा। पुलिस ने इसके लिए कार्य योजना बनानी शुरू कर दी है।

वर्तमान समय में पुलिस नैनीताल जिले के अधिकांश क्षेत्रों की सीसीटीवी कैमरों से निगरानी कर रही है। फिर वह रामनगर हो, हल्द्वानी या फिर नैनीताल। इसका कंट्रोल हल्द्वानी में पुलिस बहुउद्देशीय भवन में है। एसएसपी खुद भी अपने

हल्द्वानी कार्यालय में बैठकर पूरे जिले की निगरानी करते हैं। इन कैमरों का इस्तेमाल अभी सिर्फ निगरानी करने के लिए हो रहा है।

> बढ़ते यातायात और पर्यटन को देखते हुए एआई कैमरों की आवश्यकता है। इसे पूरे कुमाऊं में लगाया जाएगा। इस पर काम चल रहा है। प्रयास है कि जल्द से जल्द कैमरे लगा दिए जाएं।
>
> – योगेंद्र सिंह रावत, डीआईजी कुमाऊं

ऑडियो सिस्टम से लैस इन सीसीटीवी कैमरों के जरिये कंट्रोल रूम में बैठा पुलिस कर्मी यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने को वालों को वहीं से निर्देशित भी करता है। इनसे चालान भी किए जा सकते हैं, लेकिन ये काम मैन्युअल तरीके से करना पड़ता है। इससे वहां बैठे पुलिसकर्मियों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

पता भी नहीं चलेगा कब चालान हो गया

बढ़ते पर्यटन और यातायात के बोझ को देखते हुए अब पुलिस ऑर्टिफिशियल इंटलीजेंस कैमरे लगाने की तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि इन कैमरों के लगने के बाद मैन्युअल चालान बेहद कम हो जाएंगे। क्योंकि मैन्युअल चालान का स्थान ये कैमरे ले लेंगे। बात यहां-वहां गाड़ी करने की हो या फिर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन या बिना सीट बेल्ट के कार चलाने की, ऐसे सभी चालान एआई कैमरे करेंगे। गौर करने वाली बड़ी बात यह है कि आपको पता भी नहीं चलेगा कि चालान कब और कहां हो गया। तभी पता चलेगा जब चालान का मैसेज आपके मोबाइल पर आएगा।

रुहेलखंड विवि. की प्रवेश परीक्षाएं आगे बढ़ीं

बरेली। संघ लोकसेवा आयोग की परीक्षा और भर्ती परीक्षा 2024 की वजह से रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलबी, एलएलएम और एमएड की प्रवेश परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ा दी है। 7 जुलाई को होने वाली परीक्षाएं अब निर्धारित समय सुबह 9:30 से 10:30 बजे तक 1 से 2:30 बजे तक होंगी।

कुलसचिव संजीव कुमार के मुताबिक एलएलबी और एलएलएम की परीक्षा सुबह पहली पाली और एमएड की परीक्षा द्वितीय पाली में होगी। तीनों पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 4992 पंजीकरण हुए हैं। एलएलबी में सीटों के सापेक्ष पांच गुना से अधिक पंजीकरण हुए हैं। एलएलबी की प्रवेश परीक्षा सिर्फ बरेली कॉलेज की 320 और केजीके कॉलेज की 300 सीटों के लिए हो रही है।

जेल की उच्च सुरक्षा बैरक के पास जमीन में दबा रखे थे तीन मोबाइल

कार्यालय संवाददाता,अयोध्या

- चार बंदियों के खिलाफ रिपोर्ट तीन बंदी रक्षक निलंबित

अमृत विचार: जिला कारागार प्रशासन को उच्च सुरक्षा बैरक के पास जमीन में दबा कर रखा तीन मोबाइल फोन मिला है। प्रकरण में कारागार प्रशासन ने उच्च सुरक्षा बैरक के चार बंदियों के खिलाफ नगर कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही लापरवाही बरतने के आरोप में तीन बंदी रक्षकों को निलंबित कर दिया है।

कारागार परिसर से मोबाइल का इस्तेमाल किए जाने की शिकायत और सूचना को लेकर एसएसपी जेल उदय प्रताप मिश्र ने स्टाफ के साथ उच्च सुरक्षा कक्ष में निरुद्ध बंदियों और उनके सामान की आकस्मिक तलाशी कराई। तलाशी

> शिकायत मिलने के बाद चार बंदियों के खिलाफ कारागार अधिनियम 1894 की धारा 42 के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।
>
> अश्विनी कुमार पांडेय, नगर कोतवाल

के बाद कक्ष के अहाते स्थित विद्युत पोल के सपोर्ट तार के पास खुदाई कराई तो लगभग डेढ़ फिट गहरे गड्ढे में एक पॉलीथिन बैग में लिपटे हुये बिना सिम के तीन कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुए।

कारागार प्रशासन की छानबीन और पूछताछ में पता चला कि इन मोबाइलों का इस्तेमाल उच्च सुरक्षा कक्ष में निरुद्धबन्दी अंकित अग्रहरी निवासी लोहरी धनपतगज थाना-कूड़ेभार जिला-सुलतानपुर, सचिन जायसवाल निवासी देवरिया बारुन बाजार, थाना-इनायतनगर,अयोध्या, श्याम यादव निवासी खुर्दाबाद साहबगंज, कोतवाली नगर अयोध्या व अनूप भाटी निवासी साकीपुर थाना-सूरजपुर, जिला-गौतमबुद्धनगर की ओर से किया जा रहा है। इसके बाद बंदी रक्षक सुरेश कुमार, अजय शर्मा व पप्पू यादव को निलंबित कर दिया गया व जेलर जितेंद्र कुमार यादव की ओर से बरामद मोबाइल के साथ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए तहरीर नगर कोतवाली पुलिस को दी गई।

एक नजर

12 जुलाई को होगा विधान परिषद का चुनाव

अमृत विचार, लखनऊ : चार राज्यों में विधान परिषद की पांच रिक्त सीटों पर 12 जुलाई को चुनाव होंगे। उसमें से एक उत्तर प्रदेश की वह रिक्त सीट भी जो स्वामी प्रसाद मौर्य के इस्तीफे के बाद बनी है। पांच में से तीन सीट पर विधान परिषद के सदस्यों के इस्तीफे और शेष दो सीट पर सदस्यों को अयोग्य ठहराए जाने के कारण उपचुनाव आवश्यक हो गया था। उप्र. में स्वामी प्रसाद मौर्य के सपा छोड़ने और फरवरी में सदन से इस्तीफा देने के बाद उत्तर प्रदेश विधान परिषद में एक पद रिक्त हो गया था।

15 जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों का होगा निर्माण

अमृत विचार, लखनऊ : गोवंश संरक्षण के लिए उप्र. के तमाम जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास का रास्ता साफ कर दिया गया है। इस कड़ी में पशुधन विभाग की ओर से 5.28 लाख रुपए की धनराशि से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण व विकास किया जाएगा। प्रत्येक गौ संरक्षण केंद्रों के हिस्से में 12 हजार रुपए की धनराशि आएगी। इस क्रम में बरेली, उन्नाव, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, अमेठी, मुरादाबाद के गौ संरक्षण केंद्र शामिल हैं।

25 हजार का इनामी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर पुलिस ने करीमुद्दीन थाने से 25 हजार के इनामी अपराधी को वाराणसी से गिरफ्तार किया है। वाराणसी के नगवा निवासी सूरज पर गाजीपुर के करीमुद्दीन थाने में कई मुकदमें दर्ज है। इस दौरान पुलिस ने सूरज पर 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था।

एकेटीयू में मौखिक परीक्षा शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में एमटेक पाठ्यक्रम के सत्र 2023-24 की मौखिक परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गयी। पहले दिन एमटेक के सिविल, इलेक्ट्रिकल, बायोटेक्नोलॉजी और रिमोट सेंसिंग के 24 छात्रों में से 22 ने मौखिक परीक्षा दी। एमटेक और एमफार्म की मौखिक परीक्षा 21 जून तक चलेगी।

ग्रामीण फीडर का मामला पहुंचा नियामक आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- उपभोक्ता परिषद ने फीडर को शहरी करने को लेकर दाखिल की अवमानना याचिका
- कहा, कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर हो कार्रवाई

अमृत विचार: प्रदेश में शहरों से सटे ग्रामीण फीडरों को शहरी घोषित करने का मामला राज्य विद्युत नियामक आयोग पहुंच गया है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने मंगलवार को आयोग में अवमानना याचिका दाखिल की। परिषद ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष समेत पूरे निदेशक मंडल पर कठोर कार्रवाई करने व निदेशकों को बर्खास्त कर उनकी सम्पत्तियों की जांच कराने की मांग की है।

परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के अध्यक्ष अरविंद कुमार से मुलाकात के दौरान कहा कि पावर कॉरपोरेशन का निदेशक मंडल उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई में लगा है, इस पर सख्त कार्रवाई कर नजीर स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने मुख्यमंत्री से कॉरपोरेशन के पूरे निदेशक मंडल के कार्यकाल की समीक्षा करने व उपभोक्ता विरोधी कार्रवाई कर सरकार की छवि धूमिल करने में लगे निदेशकों को तत्काल बर्खास्त उनकी संपत्ति की जांच की मांग की।

उन्होंने कहा कि कुछ निदेशक अपना कार्यकाल 65 वर्ष कराने में लगे हैं, यह गंभीर मामला है। मालूम हो कि पावर कॉरपोरेशन निदेशक मंडल ने ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के नाम पर ग्रामीण फीडर को शहरी फीडर घोषित कर शहरी बिलिंग के लिए बिजली कंपनियों को निर्देश जारी किया है।

अधिक वसूली की नहीं रिपोर्ट

उपभोक्ता परिषद ने कहा कि सप्लाई टाइप बदलकर बिजली आपूर्ति बढाए जाने के मामले में प्रदेश के कई जिलों में की गई अधिक वसूली पर नियामक आयोग ने 29 अगस्त 2023 को 10 दिन में रिपोर्ट मांगी गई थी, पर 10 महीने बीत जाने के बाद भी कॉरपोरेशन ने रिपोर्ट तो नहीं दाखिल किया है।

हड़ताल पर स्टांप वेंडर, समर्थन में वकील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वेंडरों का आरोप, नहीं पूरी हो रहीं मांगें
- रजिस्ट्री कराने में हो सकती है समस्या

अमृत विचार: आने वाले दिनों में उप्र. में रजिस्ट्री कराने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। विभिन्न मांगों को लेकर स्टांप वेंडर मंगलवार को प्रदेश व्यापी हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते मंगलवार को प्रदेश भर के तहसीलों में निबंधन और न्यायिक कार्य बाधित रहा। वकीलों ने भी स्टांप वेंडर के हड़ताल का समर्थन किया है।

स्टांप वेंडरों का कहना है कि वह प्रदेश सरकार को हर साल करीब 22 हजार करोड़ का राजस्व दे रहे हैं। बावजूद इसके उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। स्टांप वेंडरों की मांगों में फिजिकल स्टांप पेपर खत्म होने पर ई-स्टांप में एक फीसदी कमीशन, स्टॉक होल्डिंग कारपोरेशन में ई-स्टांपिंग व्यवसाय संभाल पाने में नाकामी, ई स्टांपिंग का क्रियान्वयन राज्य सरकार के अधीन विभाग से कराने, ई-स्टांपिंग बिक्री की जटिल व्यवस्था को सरल करने, वेंडर का उत्पीड़न बंद करने, स्टांप वेंडर का आईकार्ड बनाने और स्टांप वेंडर कल्याण अधिनियम पारित करना शामिल है। प्रदेश भर में चल रहे हड़ताल का वकीलों ने भी समर्थन दिया है। वकीलों का कहना स्टांप वेंडर की मांगें पूरी की जाए। बता दें कि अभी तक निबंधन कार्यालयों में सर्वर की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। इसके चलते बैनामा नहीं हो पा रहा था। अब स्टांप वेंडर्स के हड़ताल पर जाने से बैनामा कराना और मुश्किल हो गया है।

स्टांप शुल्क चोरी करते पकड़े गए 39 वेयर हाउस

100 से 500 रुपये किरायानामा पर संचालित, लाखों देते किराया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : निबंधन विभाग ने सरोजनी नगर में छापेमारी कर 39 वेयर हाउस (गोदाम) लाखों रुपये की स्टांप शुल्क चोरी करते पकड़े हैं। जो बिना पंजीयन कराये 100 से 500 रुपये के किरायानामा पर संचालित थे। स्टांप भी कम शुल्क के लगाए हैं। जबकि किराया लाखों रुपये है। चार वेयर हाउस संचालक पर स्टाम्प वाद दायर किया है।

जिले में उपनिबंधक की टीम ने वेयर हाउस के खिलाफ अभियान चलाया तो एक सप्ताह में सरोजनी नगर में 40 वेयर हाउस में 39 अनिबंधित व अस्टाम्पित पकड़े हैं। अनिबंधित यानी वेयर हाउस का एक वर्ष से अधिक संचालन करने के लिए निबंधन विभाग में रजिस्ट्री नहीं कराई गई। सभी वेयर हाउस 25-30 हजार वर्गफीट के हैं। भवन स्वामी और संचालक के बीच सिर्फ एक वर्ष का 100 से 500 रुपये के स्टाम्प पर किरायानामा बनवाया गया है। जबकि किराया प्रति वर्ष 12 से 30 लाख रुपये तक है। जिस पर चार फीसद स्टांप देयता बनती है। इनमें चंदानी वेयर हाउस में 10,70,140 स्टाम्प शुल्क की कमी, फर्स्ट वायस एक्सप्रेस 72 हजार, चंदानी वेयर हाउस 7,40,140, परवर पूरब में चंदानी वेयर हाउस में 7,88,960 स्टाम्प शुल्क की कमी मिली।

जीएसटी की मांगी रिपोर्ट खुलेगी पोल

मुख्य सचिव के साफ निर्देश हैं सरकारी व निजी व्यवसायिक भवन किसी व्यक्ति को अनिबंधित या अस्टाम्पित किरायानाम के आधार पर न दिया जाए। फिर भी उल्लंघन कर बड़े पैमाने पर स्टांप शुल्क चोरी किया जा रहा है। जांच में यह भी पता चला कि वेयर हाउस संचालकों ने किरायानामा के आधार पर जीएसटी पंजीयन कराया है और शुल्क जमा कर रहे हैं। चिह्नित सभी वेयर हाउस की जीएसटी की संबंधित विभाग से रिपोर्ट मांगी है।

कार्रवाई के लिए ये वेयर हाउस चिह्नित

क्विक सप्लाई चेन, पैनासोनिक लाइफ सेल्यूशन, कमाल संस, दयाल इंटरप्राइजेज, ग्लूसेर लाजिस्टिक्स (1) वी गार्ड इंडस्ट्रीज, फ्लिपकार्ट, राहुल चंदानी, केजी इंटरप्राइजेज, यूनाइटेड वर्ल्ड वेयर हाउसिंग, ब्लूस्टार, अग्रवाल लॉजिस्टक्स

> देशसभी को एक माह का समय पंजीयन कराने के लिए दिया है। यदि तय समय पर नहीं कराया तो चार गुना जुर्माना वसूलेंगे। प्रतिमाह डेढ़ प्रतिशत ब्याज भी लगाएंगे। स्टाम्प वाद भी दायर करेंगे। **-सतीश कुमार त्रिपाठी, सहायक महानिरीक्षक निबंधन, लखनऊ**

चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन ठप, नहीं मिल पाई 2800 मेगावाट बिजली

अमृत विचार, लखनऊ: पावर ग्रिड कॉरपोरेशन की 800 केवी चंपा-कुरुक्षेत्र एचवीडीसी बाई-पोल लाइन ठप होने से उत्तर प्रदेश समेत आठ राज्यों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी। प्रदेश को 2800 मेगावाट बिजली नहीं मिल पाई थी। ग्रिड कंट्रोलर आफ इंडिया के नार्दन रीजन लोड डिस्पैच सेंटर की रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है।

रिपोर्ट के अनुसार लाइन में खराबी के दौरान करीब डेढ़ घंटे तक पंजाब में 3780 मेगावाट, हरियाणा में 4095 मेगावाट, राजस्थान में 2858 मेगावाट, दिल्ली 2152 मेगावाट, उत्तराखंड 350 मेगावाट, हिमाचल प्रदेश 240 मेगावाट व चंडीगढ़ में 220 मेगावाट बिजली आपूर्ति नहीं मिल सकी। इस दौरान सभी राज्य बिजली संकट से जूझते रहे।

मालूम हो कि पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन की चंपा-कुरुक्षेत्र लाइन में 17 मई की दोपहर में खराबी के कारण प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में बिजली संकट गहरा गया था। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज से ली जा रही बिजली बंद हो गई थी।

आईआरसीटीसी भारत गौरव पर्यटक ट्रेन से कराएगा दक्षिण की यात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यात्रा 13 से 25 जुलाई तक 12 रात्रि एवं 13 दिन के लिए होगी

अमृत विचार : भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) श्रद्धालुओं के लिए गोरखपुर रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन दक्षिण भारत यात्रा के लिए करेगा। यह यात्रा 13 से 25 जुलाई तक 12 रात्रि एवं 13 दिन के लिए होगी।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा के अनुसार, इस टूर में यात्रियों को सफर के दौरान रामेश्वरम-मीनाक्षी मंदिर (मदुरै), कन्याकुमारी, तिरुपति बालाजी और मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग के दर्शन कराए जाएंगे। गोरखपुर, कप्तानगंज, थावे, सिवान, छपरा, वाराणसी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, रायबरेली, लखनऊ, कानपुर, उरई, झांसी, ललितपुर, बीना से भी यात्री इस ट्रेन को पकड़ सकेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को द्वितीय, तृतीय श्रेणी के साथ स्लीपर क्लास में सफर की सुविधा मिलेगी। यात्रा के दौरान यात्रियों के लिए नाश्ता व दोपहर व रात्रि का शाकाहारी भोजन शामिल हैं। वातानुकूलित बसों से यात्रियों को स्थानीय भ्रमण की सुविधा मिलेगी। द्वितीय, तृतीय और स्लीपर श्रेणी को मिला कर कुल 767 बर्थ उपलब्ध हैं। स्लीपर क्लास में एक, दो या तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 24,450 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित किया गया है। तृतीय श्रेणी में तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 40,850 रुपये प्रति व्यक्ति तय किया गया है। द्वितीय श्रेणी में तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य 54,200 रुपये प्रति व्यक्ति तय किया गया है।

पीएम श्री स्कूलों में मिलेगी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा

अमृत विचार, लखनऊ: पीएम श्री योजना के तहत चयनित हुए बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित प्रदेश के 1707 विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। इसके लिए राजधानी में 75 जनपदों से 135 खंड शिक्षा अधिकारी-मुख्यालय, विकास खंड, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक और जीआईसी व जीजीआईसी स्तर के प्रधानाचार्यों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यशाला का संचालन करते हुए वरिष्ठ विशेषज्ञ, एडी बेसिक व स्टेट नोडल श्याम किशोर तिवारी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एज्युकेशनल प्लानिंग एंड एडमिनिस्ट्रेशन (एनआईईपीए), लेंड अ हैन्ड, मुक्का मार, शिक्षा लोकम और खान अकेडमी जिन्हें भारत सरकार ने चयन किया है उनकी ओर से विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को शिक्षा प्रदान की जायेगी।

नीट-2024 : कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर दाखिल की याचिका

विधि संवाददाता, लखनऊ

- उच्च न्यायालय ने मूल दस्तावेज तलब किए तो हुआ खुलासा

अमृत विचार : इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच में नीट-2024 की परीक्षा में एक छात्रा की ओएमआर शीट फटी हुई मिलने के कारण परिणाम घोषित न करने के मामले में मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की ओर से छात्रा के मूल दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। दस्तावेजों को देखने के बाद न्यायालय ने माना कि छात्रा ने कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर याचिका दाखिल की है। न्यायालय ने इसे अफसोस जनक बताते हुए कहा कि मामले में एनटीए विधिक कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। वहीं, याची के अधिवक्ता ने याचिका को वापस लेने की अनुमति देने का अनुरोध किया जिसे न्यायालय ने स्वीकार करते हुए, याचिका को खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान की अवकाश कालीन पीठ ने छात्रा आयुषी पटेल की याचिका पर पारित किया। याचिका में मांग की गई थी कि याची की ओएमआर शीट का मैनुअल मूल्यांकन कराया जाए, एनटीए के विरुद्ध केंद्र सरकार को जांच का आदेश दिया जाए व वर्तमान याचिका के विचाराधीन रहते, काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए। वहीं, एनटीए की ओर से याची का ओरिजिनल ओएमआर शीट, स्कोर कार्ड और अटेंडेंस शीट प्रस्तुत करते हुए कहा गया था कि उक्त दस्तावेजों में याची का एप्लीकेशन नम्बर 240411340741 जिसे स्वयं याची द्वारा हस्ताक्षरित किया गया है। कहा गया कि यह समझना मुश्किल है कि इसके बावजूद याची क्यों 240411840741 एप्लीकेशन नम्बर से ई-मेल भेज रही थी। इस पर न्यायालय ने दोनों पक्षों को ओरिजिनल दस्तावेज प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

आदेश के अनुपालन में एनटीए के डिप्टी डायरेक्टर संदीप शर्मा ने शपथ पत्र के साथ छात्रा के मूल दस्तावेज प्रस्तुत किए जिसे देखने के पश्चात स्वयं याची के अधिवक्ता ने कहा कि अब इस मामले में उनके पास कहने के लिए कुछ नहीं है लिहाजा याचिका को वापस लिए जाने की अनुमति दी जाए। जबकि एनटीए ने बताया कि छात्रा के कार्रवाई का निर्णय जा चुका है।

नशे के खिलाफ कार्रवाई में प्रदेश चौथे स्थान पर

एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वर्ष 2024 में मई तक 3657 अभियोग पंजीकृत, 4548 गिरफ्तार

अमृत विचार: मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जनपदों को नशा मुक्त बनाने के लिये विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हॉट-स्पॉट चिन्हित कर जनपद में अवैध मादक पदार्थों के सेवन व क्रय-विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए।

मुख्य सचिव ने कहा कि नशे के विरुद्ध स्कूल, कॉलेज एवं शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाएं। सार्वजनिक स्थानों पर नशे के दुष्परिणामें पर आधारित वॉल पेंटिंग्स करायी जाये और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाये। एनकॉर्ड की बैठक जिलाधिकारी के स्तर पर हर महीने एक बैठक निश्चित तौर पर अवश्य होनी चाहिए।

बैठक में बताया गया कि वर्ष 2023 में देश में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध सर्वाधिक कार्रवाई वाले राज्यों में उत्तर प्रदेश का चौथा स्थान रहा है। वर्ष 2024 में उत्तर प्रदेश में मई तक 3657 अभियोग पंजीकृत, 4548 व्यक्तियों की गिरफ्तारी तथा 24,529.24 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। इसी प्रकार एएनटीएफ द्वारा 159 अभियोग पंजीकृत, 413 अभियुक्तों को गिरफ्तार, 17714.99 किग्रा मादक पदार्थों की बरामदगी की गई है। कोडिन युक्त कप सिरप की बिक्री पर रोक लगाते हुए निरोधात्मक कार्यवाही की जा रही है। एफएसडीए द्वारा 04 अभियोग पंजीकृत किए गए हैं और 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 12 से 26 जून, 2024 तक नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में प्रमुख सचिव समाज कल्याण डॉ हरिओम, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, सचिव गृह डॉ संजीव गुप्ता, एडीजी एसके भगत, आईजी एएनटीएफ अब्दुल हमीद, आईजी एसएसबी रतन संजय, डीआईजी एसएसबी महेश कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

वर्ग पहेली-105

बाएं से दाएं

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
4. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

ऊपर से नीचे

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत, नियतिवाद।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।



वर्ग पहेली -104 का हल

1 फ़ा	2 र	सी	■	3 ला	हौ	ल
■	दी	■	4 कु	■	■	■
■	5 फ़	त	ह	■	6 मू	■
■	■	■	रा	■	ढ़	■
7 ल	■	8 ढ	म	ढ	म	■
गा	■	■	■	■	ति	■
9 म	ख़	सू	स	■	■	■

सुडोकू-18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

4	1			8				6
	8	7			1		4	
	2		4	3			8	
1		4			7			8
2			9			5		3
	4			6	8		3	
	3		5			2	6	
7				4			9	1

सुडोकू - 17 का हल

3	5	4	1	8	7	9	2	6
7	8	2	4	9	6	1	5	3
1	6	9	5	3	2	7	8	4
2	7	1	8	5	3	6	4	9
5	4	3	7	6	9	2	1	8
6	9	8	2	4	1	5	3	7
4	3	6	9	2	5	8	7	1
9	2	7	3	1	8	4	6	5
8	1	5	6	7	4	3	9	2

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 जून बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वादशी-07.28 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-विशाखा 17.23 तक तत्पश्चात अनुराधा।

मेष — आज कार्यक्षेत्र में आपको काफी सावधान रहना चाहिए। मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। दूसरों की कमियों में ध्यान देने के बजाय अपने ऊपर ध्यान दें। आप अध्यात्म में काफी रुचि लेंगे। वैवाहिक जीवन में अशांति होने की संभावना है।

वृष — आज लंबे समय से रुका हुआ कार्य बन सकता है। जीवनसाथी को करियर में सफलता मिल सकती है। सोचे हुए काम समय पर पूर्ण हो जाएंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। वैवाहिक जीवन में आनंद का भाव बढ़ेगा।

मिथुन — आज व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लोन आदि लेने का विचार कर सकते हैं। विवादित विषयों में आपको सम्मिलित होना पड़ सकता है। अपने शत्रुओं के ऊपर आप भारी पड़ेंगे। अपने विचारों को लेकर दुराग्रही न बनें।

कर्क — आज अपनी कमियों को लोगों के सामने व्यक्त न होने दें। लोग आपसे कुछ गलत अपेक्षा रख सकते हैं। संतान के व्यवहार से कुछ अप्रसन्नता रहेगी। आपका मन कुछ उदास हो सकता है। परिस्थितियां कुछ प्रतिकूल हो सकती हैं।

सिंह — आज राजनीतिक लोगों को अपने विरोधियों के साथ मेलजोल बढ़ाना पड़ सकता है। लोगों की मदद करने से पीछे न हटें। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है। आपको आय के नए स्रोत मिल सकते हैं। घर का माहौल अच्छा रहेगा।

कन्या — आज नए उत्पादों में आप निवेश कर सकते हैं। अधीनस्थ कर्मचारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को दूरस्थ क्षेत्रों की यात्रा करनी पड़ेगी। साझेदारी में किए गए व्यवसाय में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं।

तुला — आज आय के नए विकल्पों पर आप काम कर सकते हैं। दूसरों पर पूरी तरह निर्भर रहना उचित नहीं होगा। अपनी स्किल्स और क्षमताओं पर विश्वास रखें। जीवनसाथी से सलाह लेकर काम करना हितकर होगा। धन से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा।

वृश्चिक — आज आप अपने कौशल विकास में विशेष ध्यान देंगे। परिवार की परेशानियों का निवारण होगा। विद्वान लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं। अध्यापन कार्यों से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

धनु — आज स्वास्थ्य कष्ट होने की आशंका है। गर्मी से आपको सावधान रहना चाहिए। अधिकारियों से बहस न करें। जहां आवश्यक न हो वहां आपको बोलने से बचना चाहिए। आपके शत्रु आपके ऊपर आक्रामक हो सकते हैं।

मकर — आज संभव है की आपको किसी बड़े पद पर पदोन्नति मिल जाए। शाम के समय कहीं घूमने जा सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा। व्यवसाय में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अधिकारी आपसे बेहद प्रसन्न रहेंगे।

कुंभ — आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। व्यवसाय में आपको कर्मचारियों से काफी अच्छा समर्थन व सहयोग मिलेगा। धर्म-कर्म को लेकर आप भावुक रहेंगे। आप उदार भाव से लोगों की मदद को तत्पर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा।

मीन — आज खर्चों को लेकर ज्यादा उदार होना ठीक नहीं है। अधिकारियों से सावधान रहें। सरकारी कार्य रुक कर ही पूर्ण होंगे। आप किसी समस्या के निवारण को लेकर निष्कर्ष में पहुंच सकते हैं। कारोबार में आपका दायित्व बढ़ने वाला है।

आज की फिल्में

जुआरी — सुबह : 09.00
जो बोले सो निहाल — रात : 09.00
चेन्नई वर्सेज चाइना — सुबह : 11.07
बच्चन पांडे — शाम : 04.35

रेड टू — सुबह : 10.52
मॉन्स्टर हंटर — रात : 09.00
वलीमाई — सुबह : 08.35
ड्रीम गर्ल — रात : 08.00
सुहाग — सुबह : 11.30
मजबूर — रात : 08.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

चोर- हम घर लूटने आए हैं, मगर बंदूक घर पर भूल आए हैं।
चिंटू- कोई बात नहीं, आप लोग शरीफ आदमी लगते हो, आज घर लूट लो कल आकर बंदूक जरूर दिखा जाना।
चिंटू का दिमाग देखकर चोर सन्न रह गया।

शिक्षक पप्पू से- बस इरादे बुलंद होने चाहिए, पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है।
पप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं सर।
शिक्षक- कैसे ?
पप्पू- हैंड पंप से

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-

गेहूंदड़ा	2400-2450
आरआर 21	2550-2600
गेहूंफ़ारम	2600-2700
जौ	2000-2100
ज्वार	2000-4000
बाजरा	2100-2150
मकाई	2200-2400

दलहन (प्रति क्वि.)

लोकल	मिल डिलीवरी
चना	6500-6600
अरहर	9000-10000
मसूर	5500-5600
मटर	3700-4000
उड़दहरा	10000-11000
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	7800-8000

दाल (प्रति क्वि.)

अरहरफूल	16900-17000
अरहरस्पेशल1	14400-14500
चनादाल	8000-8100
मटरदाल	4800-4900
मसूरमलका	7250-7300
मसूरदाल	7450-7500
उड़ददाल	9000-13300
उड़द धोवा	10000-13000
मूँगदाल	8100-9700
मूँग धोवा	9700-11000

चावल (प्रति क्वि.)

अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	8500-10000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	6500-7500

आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)

आटा	1400-1460
मैदा	1380-1460
सूजी	1440-1460

चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)

शाहपसंद	1360-1400

तिलहन (प्रति क्वि.)

लाही	5600-5800
अलसी	4500-4600 रुपये।

अयोध्या, वाराणसी तेजी से रियल एस्टेट विकास के लिए 17 उच्च क्षमता वाले शहरों में शामिल

कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों के अध्ययन के आधार जारी की रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

अयोध्या, वाराणसी, पुरी, द्वारका, शिरडी, तिरुपति और अमृतसर उन 17 उच्च संभावना वाले शहरों में शामिल हैं, जहां आने वाले वर्षों में तेजी से रियल एस्टेट विकास होने की संभावना है। इसकी मुख्य वजह आध्यात्मिक पर्यटन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और डिजिटलीकरण होगी। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने 100 से अधिक शहरों में से 30 संभावित उच्च विकास वाले शहरों की पहचान की है, जहां मध्यम से दीर्घावधि में रियल एस्टेट विकास मजबूत होने वाला है।

इन 30 शहरों में से 17 उच्च-संभावना वाले शहरों में तीन या अधिक परिसंपत्ति वर्गों में रियल एस्टेट विकास में तेजी आने की उम्मीद है। इन 17 उच्च प्रभाव वाले उभरते रियल एस्टेट मुख्य भौगोलिक विस्तार देश के उत्तरी, दक्षिणी, पश्चिमी, पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में समान विकास को उजागर करता है। परामर्शदाता द्वारा उत्तर भारत में चिन्हित शहर अमृतसर, अयोध्या, जयपुर, कानपुर, लखनऊ तथा वाराणसी; पूर्वी भारत में पटना तथा पुरी; पश्चिम भारत में द्वारका, नागपुर, शिरडी तथा सूरत; दक्षिण भारत में कोयम्बटूर, कोच्चि, तिरुपति तथा विशाखापत्तनम और मध्य भारत में इंदौर हैं। सलाहकार ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन से प्रेरित विकास के मामले में अमृतसर, अयोध्या, द्वारका, पुरी, शिरडी, तिरुपति और वाराणसी ध्यान देने योग्य शहर बनकर उभरे हैं।

दिल्ली-एनसीआर में मार्च तिमाही में 60 प्रतिशत फ्लैट एक करोड़ रुपये से अधिक में बिके

इस साल जनवरी-मार्च के दौरान दिल्ली-एनसीआर में बेचे गए कुल 10,060 फ्लैट में लगभग 60 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। आवासीय ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर ने यह जानकारी दी। इस साल जनवरी-मार्च में दिल्ली-एनसीआर में 10,060 इकाइयों की बिक्री हुई, जिनमें 59 प्रतिशत की कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक थी। इसके अलावा 19 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 75 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच थी। आठ प्रतिशत इकाइयों की कीमत 45-75 लाख रुपये के बीच, 11 प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25-45 लाख रुपये के बीच और तीन प्रतिशत इकाइयों की कीमत 25 लाख रुपये से कम थी।

प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने मंगलवार को कहा कि चालू वित्त वर्ष में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 4.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसमें अग्रिम कर संग्रह में हुई वृद्धि का विशेष योगदान रहा। अग्रिम कर की पहली किस्त 15 जून को देय थी।

यह संग्रह 27.34 प्रतिशत बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये रहा है। इसमें 1.14 लाख करोड़ रुपये का कॉरपोरेट कर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि 4,62,664 करोड़ रुपये (17 जून, 2024 तक) के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में 1,80,949 करोड़ रुपये का सीआईटी और 2,81,013 करोड़ रुपये का पीआईटी (प्रतिभूति लेनदेन कर सहित) शामिल हैं।

फिच ने भारत के लिए वृद्धि दर के अनुमान को बढ़ाकर 7.2% किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष के लिए किया संशोधन

फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। मार्च में उसने इसके सात प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

रेटिंग एजेंसी ने उपभोक्ता खर्च में सुधार और निवेश में वृद्धि का हवाला देते हुए मंगलवार को अनुमान में संशोधन किया। फिच ने जून में अपनी वैश्विक आर्थिक परिदृश्य रिपोर्ट में कहा कि इस वर्ष के अंत तक मुद्रास्फीति घटकर 4.5 प्रतिशत पर आ जाएगी और भारतीय रिजर्व बैंक नीतिगत ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6.25 प्रतिशत पर ले आएगा। रिपोर्ट में कहा गया, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.2 प्रतिशत की मजबूत दर से बढ़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि निवेश में वृद्धि जारी रहेगी, लेकिन हाल की तिमाहियों की तुलना में इसकी रफ्तार धीमी रहेगी, जबकि उपभोक्ता भरोसा बढ़ने के साथ उपभोक्ता खर्च में सुधार होगा। फिच ने वित्त वर्ष 2025-26 और 2026-27 के लिए क्रमशः 6.5 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। फिच का अनुमान आरबीआई के अनुमान के अनुरूप है।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	90,200
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,400
गिन्नी (प्रति नग)	54,700-54,900

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,800
चांदी तैयार	89,900
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,100
सोना जेवरात गिन्नी	71,100
चांदी पक्की	882 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,650
चांदी आभूषण	89,000।

अगले तीन महीने एफपीओ को मजबूत करने को चलेगा अभियान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य में क्रियाशील हैं 3240 किसान उत्पादक संगठन

अमृत विचार: राज्य सरकार उत्तर प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और राज्य को फूड बास्केट ऑफ इंडिया बनाने के उद्देश्य से एफपीओ सेल गठित करेगी। इसे अभियान के तौर पर आगे बढ़ाकर राज्य में सक्रिय किसानों के किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को वित्तीय ताकत दी जाएगी। ताकि उन्हें ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स यानी ओएनडीसी और ई-नाम से जोड़ने की प्रक्रिया को गति प्रदान की जा सकेगी। इसके लिए सरकार ने विस्तृत कार्ययोजना बना ली है। अगले तीन माह में अभियान के रूप में लागू कर दिया जाएगा।

शासन से मिली जानकारी के अनुसार अभियान के तहत एफपीओ को इक्विटी ग्रांट के अलावा इनपुट लाइसेंस, बीज लाइसेंस समेत तमाम लाइसेंसिंग प्रक्रिया से जोड़ने में मदद मिलेगी। उप्र. में इस समय आत्मनिर्भर कृषक समन्वित विकास योजना के अंतर्गत 3,240 एफपीओ यूपी शक्ति पोर्टल पर पंजीकृत हैं। सरकार का दावा है कि इसके माध्यम से किसानों को सीधा फायदा मिलेगा।

सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है और रिक्त पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 18 जुलाई तक इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। नियामक ने पिछले सप्ताह नोटिस में कहा था कि कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति तीन साल के लिए प्रतिनियुक्ति या अनुबंध के आधार पर होगी। इस पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार के पास बाजार से संबंधित समस्याओं को निपटाने का कम से कम 20 साल का अनुभव होना चाहिए।

भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना होगा जल्दबाजी : दास

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के गवर्नर ने कार्यक्रम को किया संबोधित

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने मंगलवार को कहा कि मौद्रिक नीति के रुख में बदलाव करना बहुत जल्दबाजी होगा और शीर्ष बैंक को दरों के मोर्चे पर दुस्साहस के दृष्टिकोण से बचना होगा।

मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दास ने कहा कि रिजर्व बैंक सेबी के साथ मिलकर वायदा और विकल्प खंड में उच्च कारोबार आकार की निगरानी कर रहा है, लेकिन इसपर कोई भी कार्रवाई बाजार नियामक द्वारा की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी संभावना है कि मार्च तिमाही के लिए चालू खाते घाटा (कैड), जिसकी घोषणा अगले सप्ताह की जाएगी, वित्त वर्ष 2023-24 के पहले नौ महीनों के लिए 1.2 प्रतिशत के आंकड़े से नीचे आ जाएगा। वित्त वर्ष के पहले नौ माह में कैड सकल घरेलू उत्पाद के 1.2 प्रतिशत पर रहेगा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 2.6 प्रतिशत के स्तर पर था। ऐसा वस्तुओं का व्यापार घाटा कम होने की वजह से होगा। वैश्विक बॉन्ड सूचकांकों में देश के शामिल होने के बाद बढ़ते प्रवाह की चर्चाओं के बीच गवर्नर ने कहा कि केंद्रीय बैंक भविष्य में अस्थिरता को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में कार्य करने के लिए भंडार बनाना जारी रखेगा।

राष्ट्रीय

200 से अधिक पर्यटक सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

सिक्किम भूस्खलनः पुलिस अधीक्षक ने बताया-करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे, मंगन में स्कूल बंद

गंगटोक, एजेंसी

सिक्किम के मंगन जिले में भूस्खलन के कारण फंसे पर्यटकों को निकालते कर्मी। ● एजेंसी

सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम देचू भूटिया ने बताया कि पर्यटकों को चुंगथांग के रास्ते मंगन शहर तक पहुंचाया गया, जहां से परिवहन विभाग ने उन्हें वाहनों में गंगटोक ले जाने की व्यवस्था की है। अधिकारी ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य स्वयंसेवकों की मदद ले रहा है। उन्होंने बताया कि दिन में और भी पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा दिया जाएगा। इसके साथ ही मंगन जिला प्रशासन ने संपत्ति को हुए नुकसान और सड़क अवरुद्ध होने के मद्देनजर छात्रों की सुरक्षा को लेकर मंगलवार को जिले के सभी सरकारी स्कूलों को तत्काल प्रभाव से बंद करने का आदेश दिया। जिलाधिकारी हेम कुमार छेत्री ने बताया मंगन प्रखंड के मानुल, सिंघिक, मंगन तथा मांगशिला आदि क्षेत्र में सरकारी स्कूल अगले आदेश तक बंद रहेंगे।

लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया कई जगह भूस्खलन होने से संपर्क टूटा

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 12 जून से लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया, जिससे कई जगह भूस्खलन हुआ और जिले के ज्यादातर हिस्सों से संपर्क टूट गया। कई स्थानों पर सड़कें अवरुद्ध होने के कारण लाचुंग में लगभग 1,200 पर्यटक फंस गए। पिछले कुछ दिनों में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन के चलते सिक्किम में कम से कम छह लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस प्राकृतिक आपदा के कारण कई इलाकों में संपत्ति को काफी नुकसान हुआ और बिजली, खाद्य आपूर्ति तथा मोबाइल नेटवर्क भी बाधित है। उन्होंने बताया कि सांकलांग में नवनिर्मित झूला पुल के ढहने के बाद स्थिति गंभीर हो गई क्योंकि यह उत्तरी सिक्किम और जोंगु को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग था। एक बयान में कहा गया, मौसम और भारी वर्षा के कारण पैदा हुए हालात से निपटने की कवायद के तहत बीआरओ ने उत्तरी सिक्किम से संपर्क जल्द से जल्द बहाल करने के लिए काम शुरू कर दिया है।

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ नई दिल्ली में साइबरस्पेस संचालन के लिए संयुक्त सिद्धांत जारी किया। ● एजेंसी

एक नजर

प्रज्वल रेवन्ना को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया

बेंगलुरु। जनता दल (सेक्युलर) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यहां की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को 24 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। प्रज्वल बलात्कार और यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे हैं। इसके पहले, अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने 12 जून को उन्हें 18 जून तक विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में भेजा था, जो उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है। प्रज्वल (33) हाल ही में लोकसभा चुनाव में हार के कारण हासन सीट बरकरार रखने में विफल रहे।

मालीवाल ने इंडिया के नेताओं को लिखा पत्र

नई दिल्ली। राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार द्वारा उनके साथ की गई मारपीट के मामले पर बातचीत के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया के घटक दलों के नेताओं से समय मांगा। विपक्षी गठबंधन के, राहुल गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी की सदस्य ने शिकायत की कि दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने पर उन्हें शर्मिंदा किया गया और उनका चरित्र हनन हुआ।

मन की बात कार्यक्रम 30 से फिर होगा शुरू, मोदी ने मांगे सुझाव

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण 30 जून से फिर से शुरू होगा। उन्होंने लोगों से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आग्रह किया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह बताते हुए खुशी हो रही है कि चुनाव के कारण कुछ महीनों के अंतराल के बाद मन की बात वापस आ गया है! इस महीने का कार्यक्रम रविवार, 30 जून को होगा। उन्होंने कहा-मैं आप सभी से इसके लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान करता हूं। प्रधानमंत्री मोदी का यह मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' आखिरी बार 25 फरवरी को प्रसारित किया गया था और फिर लोकसभा चुनाव संपन्न होने तक इसके प्रसारण पर विराम लगा दिया गया था।

एनसीडब्ल्यू को उत्तर प्रदेश से मिलीं सबसे ज्यादा शिकायतें

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2024 में अब तक 12,600 शिकायतें मिलीं

राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को इस साल अब तक 12,600 शिकायत प्राप्त हुई हैं, जिनमें से सबसे अधिक शिकायतें उत्तर प्रदेश की ओर से दर्ज कराई गईं हैं। एनसीडब्ल्यू के आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई है।

एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक सबसे अधिक शिकायत गरिमा का अधिकार श्रेणी में प्राप्त हुईं, जिसमें घरेलू हिंसा के अलावा अन्य उत्पीड़न शामिल हैं। इस श्रेणी में एनसीडब्ल्यू को कुल 3,107 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इसके बाद घरेलू हिंसा की 3,544 शिकायत दर्ज की गईं। आंकड़ों के अनुसार इसके बाद दहेज उत्पीड़न की 1,957 शिकायत, छेड़छाड़ की 817 शिकायत, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 518 शिकायत और दुष्कर्म तथा दुष्कर्म के प्रयास की 657 शिकायत प्राप्त हुईं। एनसीडब्ल्यू ने बताया कि यौन उत्पीड़न की 493 शिकायत, साइबर अपराध की 339 शिकायते दर्ज की गईं। जिसमें सबसे ज्यादा 6,470 शिकायत उत्तर प्रदेश में, इसके बाद दिल्ली (1,113) और महाराष्ट्र (762 शिकायत) का स्थान रहा।

महाराष्ट्र में धोखा खाए प्रेमी ने महिला को पीट-पीटकर मार डाला

पालघर (महाराष्ट्र), एजेंसी

- हमले के दौरान लोग इस भयावह तमाशे को देखते रहे

महाराष्ट्र के वसई में शुक्रवार को एक ठुकराए प्रेमी ने बीच सड़क पर अपनी प्रेमिका के सिर पर 18 वार किए, जबकि बड़ी संख्या में लोग इस भयावह तमाशे को देख रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी।

वालिव पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जयराज रानावरे ने बताया, आरोपी ने महिला पर पाना (नट बोल्ट खोलने वाला एक उपकरण) से हमला किया। उसके शरीर पर 18 घाव थे। पुलिस ने बताया कि रोहित यादव (32) और आरती यादव (22) पड़ोसी थे और पिछले कुछ सालों से उनके बीच प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ समय से आरती यादव ने उससे संपर्क करना बंद कर दिया था, जिससे उसे शक हो गया था कि उसका किसी और के साथ संबंध है। क्यों किया ऐसा मेरे साथ, प्रेमी यही कहता रहा और पाना से महिला के सिर पर वार करता रहा। बीच-बचाव करने के लिए मात्र एक व्यक्ति बाहर आया, बाकि सभी मूकदर्शक बने इस अमानवीय व्यवहार को देखते रहे। पुलिस ने बताया कि सामने आये वीडियो में बड़ी संख्या में लोग इस हमले को देखते हुए नजर आए, लेकिन युवक महिला पर हमला करता रहा और कोई उसकी मदद के लिए नहीं आया। वालिव पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस इस घटना की आगे की जांच कर ही है।

वसई के चिंचपाड़ा इलाके में सुबह करीब साढ़े आठ बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और आरोपी नाला सोपारा के एक मोहल्ले में रहते थे और एक औद्योगिक सेक्टर में काम करते थे। एक अधिकारी ने बताया कि वह हमलावर के साथ काम पर जा रही थी, तभी बीच रास्ते में उनका झगड़ा हो गया। अधिकारी ने बताया कि युवती के बेहोश होकर गिर जाने के बाद भी आरोपी उस पर हमला करता रहा। वह घटनास्थल से फरार नहीं हुआ, बल्कि शव के पास ही सीढ़ी पर बैठा रहा। वालिव पुलिस थाने से एक टीम जल्दी से घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक पुरुष और एक अन्य महिला को हिरासत में लिया है जिसने हमले का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।

नीट पेपर लीक मामले पर हैरान करती है मोदी की चुप्पी : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) मुद्दे पर 'मौन' धारण करने के लिए मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा और दोहराया कि उनकी पार्टी युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मजबूती से उठा कर प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कठोर नीतियों का निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2024 के पेपर लीक पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा है कि देश के 24 लाख बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हुआ है और नरेंद्र मोदी इस पर हैरान करने वाला मौन साधे हुए हैं।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं। राहुल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-नीट परीक्षा में 24 लाख से अधिक विद्यार्थियों के भविष्य के साथ हुए खिलवाड़ पर भी नरेन्द्र मोदी हमेशा की तरह मौन धारण किए हुए हैं। उन्होंने दावा किया, बिहार, गुजरात और हरियाणा में हुई गिरफ्तारियों से साफ है कि परीक्षा में योजनाबद्ध तरीके से संगठित भ्रष्टाचार हुआ है और ये भाजपा शासित राज्य प्रश्नपत्र लीक का केंद्र बन चुके हैं।

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने न्यायपत्र में प्रश्न पत्र लीक के विरुद्ध सख्त कानून बना कर युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने की गारंटी दी थी। उन्होंने कहा-विपक्ष की जिम्मेदारी निभाते हुए हम देश भर के युवाओं की आवाज सड़क से संसद तक मज़बूती से उठा कर और सरकार पर दबाव डाल कर ऐसी कठोर नीतियों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध हैं।

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के आयोजन में किसी की तरफ से 0.001 प्रतिशत लापरवाही भी हुई हो, तब भी उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए, जिसके बाद राहुल गांधी की यह टिप्पणी आई है। न्यायालय ने कहा कि छात्रों को इन परीक्षाओं की तैयारी करते समय कठोर परिश्रम करना पड़ता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नीट-यूजी, 2024 से संबंधित मुकदमे को विरोधात्मक नहीं माना जाना चाहिए।

विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय कुछ लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान के लिए 29 जुलाई से तीन अगस्त तक एक विशेष लोक अदालत का आयोजन करेगा।

शीर्ष अदालत की स्थापना के 75वें वर्ष में विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। संविधान के लागू होने के साथ ही 26 जनवरी, 1950 को उच्चतम न्यायालय की स्थापना हुई थी। शीर्ष न्यायालय ने एक बयान में कहा कि लोक अदालतें देश में न्याय प्रणाली का अभिन्न हिस्सा हैं जो सौहार्दपूर्ण समाधान की प्रक्रिया तेज करके वैकल्पिक तरीके से विवाद निवारण करती हैं।

कुछ खास करने के लिए उत्सुक टीम : रोहित

हमारे लिए सुपर आठ में हर मैच खास, कोहली समेत टीम के हर खिलाड़ी ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकारा कि टी20 विश्व कप का सुपर आठ चरण थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन उनके खिलाड़ी इसके लिए तैयार हैं क्योंकि उनमें कुछ खास करने को लेकर वास्तविक उत्सुकता है। भारत अपने सुपर आठ अभियान की शुरुआत 20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ करेगा।

टीम इसके बाद बांग्लादेश (22 जून को एंटीगा) और ऑस्ट्रेलिया (24 जून को सेंट लूसिया) के खिलाफ खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की ओर से अपलोड किए गए वीडियो में रोहित ने कहा कि पहला मैच खेलने के बाद हम अगले दो मैच तीन या चार दिन के अंतराल में खेलेंगे। भारतीय कप्तान ने कहा कि यह थोड़ा व्यस्त होने वाला है, लेकिन हम इन सभी चीजों के आदी हो चुके हैं। हम बहुत यात्रा करते हैं और बहुत खेलते हैं इसलिए यह कभी बहाना नहीं बनने वाला। भारतीय टीम ने सोमवार को लंबे अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया जिसमें विराट कोहली और रोहित जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने सामान्य से अधिक समय नेट पर बिताया। रोहित ने कहा कि टीम में कुछ खास करने को लेकर बहुत उत्सुकता है। यह दूसरे चरण की शुरुआत करने का एक अच्छा तरीका है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि हर कोई अंतर पैदा करना चाहता है और हम अपने कौशल सत्रों को काफी गंभीरता से लेते हैं।

20 जून को अफगानिस्तान के खिलाफ होगी भारत के अभियान की शुरुआत

उन्होंने कहा कि हर कौशल सत्र में हासिल करने के लिए कुछ होता है। आयोजकों द्वारा इस्तेमाल की गई ड्रॉप इन पिचों (दूसरे स्थान पर तैयार करके लाई गई पिच) के कारण भारतीय टीम को अमेरिकी चरण के दौरान प्रतिकूल बल्लेबाजी परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। रोहित ने कहा कि सुपर आठ में हर मैच हमारे लिए बहुत ही खास है। कैरेबियाई चरण अपने साथ परिस्थितियों से पहचान की भावना लेकर आता है और उनकी टीम इसका अधिकतम लाभ उठाने की कोशिश करेगी। उन्होंने कहा कि हमने यहां बहुत सारे मैच देखे हैं, हमने यहां बहुत सारे मैच खेले हैं। इसलिए हर कोई समझता है कि परिणाम को अपने पक्ष में करने के लिए क्या करना है। भारतीय टीम ने लीग चरण में आयरलैंड, पाकिस्तान और अमेरिका को हराया जबकि कनाडा के खिलाफ उनका अंतिम ग्रुप मैच फ्लोरिडा में गीली आउटफील्ड के कारण रद हो गया।

महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं कुलदीप यादव : फ्लेमिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान स्टीफन फ्लेमिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के सुपर 8 में वेस्टइंडीज की पिचों से टर्न मिलने की संभावना है और ऐसे में विकेट लेने की क्षमता के कारण बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव भारत के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। भारत अभी तक टूर्नामेंट में तीन तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह तथा दो स्पिनरों रविंद्र जडेजा और अक्षर पटेल के साथ मैदान में उतरा है।

फ्लेमिंग ने कहा कि अगर विकेटों से टर्न मिलता है जैसा कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ उम्मीद की जा रही है, तो फिर कुलदीप इसमें विकेट लेने की अतिरिक्त क्षमता जोड़ सकते हैं। उनके पास अभी दोनों तरह के संयोजन आजमाने का मौका है जो कि अच्छा है लेकिन खेल में आप लकीर का फकीर बनकर नहीं रह सकते जिससे कि आप परिस्थितियों का फायदा उठाने से चूक जाओ। भारत को सुपर 8 में अपना पहला मैच गुरुवार को बारबाडोस में अफगानिस्तान के खिलाफ खेलना है। भारत अभी तक बाएं हाथ के दो स्पिनर के साथ उतरा है। इनमें अक्षर को सफलता मिली, लेकिन जडेजा तीन मैच में तीन ओवर ही करे। वे एक ही तरह के कौशल वाले गेंदबाज हैं लेकिन उनमें भिन्नता भी है।

सुपर-8 का पहला मुकाबला आज
दक्षिण अफ्रीका को मिल सकती है कड़ी टक्कर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा), एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के विश्व स्तरीय बल्लेबाज बुधवार को यहां टी20 विश्व कप के अपने शुरुआती सुपर आठ मैच में आत्मविश्वास से भरे अमेरिका के खिलाफ अपनी ताकत दिखाने उतरेंगे तो टीम के पास गलती करने की कोई गुंजाइश नहीं होगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम अब तक टूर्नामेंट में अजेय रही है और उसके गेंदबाजों ने सभी चार मैच में शानदार प्रदर्शन किया है। न्यूयॉर्क के चुनौतीपूर्ण विकेट पर तीन मैच और किंग्सटाउन में एक मैच खेलते हुए अफ्रीका ने एक बार भी 120 रन के आंकड़े को पार नहीं किया है।

उनका बल्लेबाजी प्रदर्शन उस टीम की छवि पेश नहीं करता जिसमें क्विंटन डिकॉक, हेनरिक क्लासेन, ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर जैसे कुछ बड़े हिटर हैं। लेकिन फिर भी डिकॉक, रीजा हेंड्रिक्स और कप्तान एडेन मार्कराम की मौजूदगी वाले शीर्ष क्रम पर अच्छा प्रदर्शन करने का दबाव होगा। दक्षिण अफ्रीका अपने पिछले मैच में नेपाल के खिलाफ सिर्फ एक रन से जीता था और गत चैंपियन इंग्लैंड तथा मेजबान वेस्टइंडीज की मौजूदगी वाले ग्रुप दो में होने के कारण वह अमेरिका को हल्के में नहीं ले सकता। टीम सुपर आठ चरण में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ करना चाहेगी। विश्व कप से पहले अफ्रीका की सबसे बड़ी चिंता एनरिच नोर्किया की खराब फॉर्म थी लेकिन इस स्टार तेज गेंदबाज ने ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन किया और अभी नौ विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज हैं।

टीमें इस प्रकार हैं:

दक्षिण अफ्रीका : एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिच नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

अमेरिका : मोनांक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रवलकर, शैडली वान शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। **समय :** मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे शुरू होगा।

खेल डायरी

टी20 विश्व कप के बाद संन्यास लेंगे डेविड वार्नर

नॉर्थ साउंड (एंटीगा)। ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाज डेविड वार्नर इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि वे टी20 विश्व कप के बाद संन्यास ले लेंगे। उन्हें उम्मीद है कि वास्तविक क्रिकेट प्रेमी उन्हें ऐसे खिलाड़ी के रूप में देखेंगे, जिसने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से खेल को बदलने की कोशिश की जबकि वह एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिसे आलोचनाओं से जूझना पड़ा। इस साल की शुरुआत में टेस्ट और एकदिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने वाले वार्नर अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे विश्व कप के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे।

पुरुष, महिला कंपाउंड टीमों ने किया क्वालीफाई

ताल्या। युवा प्रियांश और अनुभवी अभिषेक वर्मा ने तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में पुरुषों के कंपाउंड वर्ग में चौथे और पांचवें वरीयता प्राप्त तीरंदाजों के तौर पर क्वालीफाई कर लिया जबकि भारतीय टीम शीर्ष वरीयता प्राप्त होगी। एशियाई खेलों की चैम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम दूसरे स्थान पर रही जबकि विश्व चैम्पियन अदिति स्वामी दसवें स्थान पर रही। भारतीय महिला कंपाउंड टीम को भी शीर्ष वरीयता मिली है। प्रियांश और वर्मा ने 710 अंक बनाये और भीतरी 10 में अधिक तीर लगाने के आधार पर चौथे और पांचवें स्थान पर रहे।

नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी खेलों में स्वर्ण पदक जीता

तुर्कु (फिनलैंड)। भारत के ओलंपिक और विश्व चैम्पियन भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एक महीने बाद वापसी करते हुए पावो नुरमी खेलों में मंगलवार को पहली बार स्वर्ण पदक जीता। चोपड़ा ने 2022 में यहां रजत पदक जीता था। उन्होंने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। फिनलैंड के टोनी केरानेन ने 84.19 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। वहीं उनके हमवतन और पिछली बार के स्वर्ण पदक विजेता ओलिवर हेलांडेर को कांस्य पदक जीता जिन्होंने 83.96 मीटर का थ्रो फेंका।

भारतीय शॉटगन टीम में तोंडाइमन, राजेश्वरी

नई दिल्ली। सीनियर ट्रैप निशानेबाज पृथ्वीराज तोंडाइमन आगामी पेरिस ओलंपिक में भारतीय शॉटगन टीम की अगुवाई करेंगे। उन्हें भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने मंगलवार को खेलों के महाकुंभ के लिए घोषित पांच सदस्यीय टीम में जगह दी जिसके सभी खिलाड़ी पहली बार इन खेलों में हिस्सा लेंगे। पेरिस खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक आयोजित किए जाएंगे। टोंडाइमन ने पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में जगह बनाई है जबकि राजेश्वरी कुमारी महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में निशाना साधेंगी।

निकोलस की धार से अफगानिस्तान ध्वस्त

ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया), एजेंसी

निकोलस पूरन ने छक्के जड़ने के अपने कौशल का नमूना पेश किया, जिससे वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी के अपने अंतिम मैच में अफगानिस्तान को 104 रन से करारी शिकस्त दी। दोनों टीम पहले ही सुपर 8 में अपनी जगह पक्की कर चुकी थी और इस मैच से ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम का निर्धारण होना था।

दो बार के चैंपियन वेस्टइंडीज ने पांच विकेट पर 218 रन बनाए, जिसमें पूरन ने 53 गेंद पर 98 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और आठ छक्के लगाए। अफगानिस्तान की टीम इसके जवाब में 16.2 ओवर में 114 रन पर आउट हो गई। उसकी तरफ से इब्राहिम जादरान ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए ओबेद मैकॉय ने 14 रन देकर तीन, अकील हुसैन ने 21 रन देकर दो और गुडाकेश मोती ने 28 रन देकर दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल ने मैच के बाद कहा कि हम जानते थे कि यहां का विकेट अच्छा है। गयाना और त्रिनिदाद के बाद बल्लेबाज यहां आकर रन बनाना चाहते थे। पूरन में कड़ी मेहनत की है और पिछले 12 महीने में अच्छा प्रदर्शन किया है। यह देखकर अच्छा लगा कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट ही नहीं वेस्टइंडीज की तरफ से भी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। अफगानिस्तान ने तीन मैच में विरोधी टीमों को 100 रन तक नहीं पहुंचने दिया था, लेकिन इस मैच में कप्तान राशिद खान का पहले गेंदबाजी करने का फैसला पूरन ने गलत साबित कर दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से पूरन के अलावा सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (43), शाई होप (25) और पॉवेल (26) ने भी योगदान दिया। अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने दो ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान की तरफ से सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जादरान (38), अजमतुल्लाह उमरजई (23) और करीम जनत (14) ने रन बनाने की कोशिश की लेकिन लक्ष्य बड़ा था। अफगानिस्तान के कप्तान राशिद ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि इस हार का हम पर प्रभाव पड़ेगा। हम जो चाहते थे हमने उसे हासिल किया। हम सुपर आठ में जगह बनाने में सफल रहे। मैच अलग-अलग पिचों पर हो रहे हैं और हमें उनसे सामंजस्य बिठाना होगा। इस स्तर पर पराजय एक अच्छा सबक है। यह हमारे लिए करो या मरो वाला मैच नहीं था। हम इसके सकारात्मक पहलुओं पर गौर करेंगे जैसे की फील्डिंग और बीच के ओवरों की गेंदबाजी।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	4	3	0	7	1.137	1
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
पाकिस्तान (बा)	4	2	2	4	0.294	0
कनाडा (बा)	4	1	2	3	-0.493	1
आयरलैंड (बा)	4	0	3	1	-1.293	1

ग्रुप बी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	4	4	0	8	2.791	0
इंग्लैंड (क्वा)	4	2	1	5	3.611	1
स्कॉटलैंड (बा)	4	2	0	5	1.255	1
नामीबिया (बा)	4	1	3	2	-2.585	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0

ग्रुप सी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
वेस्टइंडीज (क्वा)	4	4	0	8	3.257	0
अफगानिस्तान (क्वा)	4	3	1	6	1.835	0
न्यूजीलैंड (बा)	4	2	2	4	0.415	0
युगांडा (बा)	4	1	3	2	-4.510	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	4	0	4	0	-1.268	0

ग्रुप डी	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
द. अफ्रीका (क्वा)	4	4	0	8	0.470	0
बांग्लादेश (क्वा)	4	3	1	6	0.616	0
श्रीलंका (बा)	4	1	2	3	0.863	1
नीदरलैंड (बा)	4	1	3	2	-1.358	0
नेपाल (बा)	4	0	3	1	-0.542	1

पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगी सबालेंका और ओन्स जाबूर

बर्लिन, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन आर्यना सबालेंका और दो बार की विंबलडन फाइनलिस्ट ओन्स जाबूर पेरिस ओलंपिक से हट गई हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने कहा कि वे घास के कोर्ट पर होने वाले विंबलडन के तुरंत बाद क्लेकोर्ट पर नहीं खेलन चाहतीं। बेलारूस की विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी सबालेंका ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में खेलने के बजाय आराम करना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम बहुत व्यस्त है और मैंने अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर यह फैसला किया। मैं अगली प्रतियोगिताओं के लिए शारीरिक और स्वास्थ्य स्तर पर तैयार होने के लिए आराम करने को प्राथमिकता दूंगी। ट्यूनीशिया की विश्व में 10वें नंबर की खिलाड़ी जाबूर ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि लगातार चौथे ओलंपिक में नहीं खेल पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमने फैसला किया कि कोर्ट में अचानक बदलाव करने और शरीर का भिन्न परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने से मेरे घुटने को लेकर जोखिम बढ़ सकता है। मुझे किसी भी प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद है लेकिन मुझे अपने शरीर का ध्यान रखना होगा और चिकित्सा टीम की सलाह माननी होगी।

क्रिकेट फैन से भिड़े पाकिस्तानी गेंदबाज हारिस

लॉडरहिल (फ्लोरिडा), एजेंसी। पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ विवाद के घेरे में आ गए हैं। जब कुछ लोगों से उनकी तीखी झड़प का वीडियो वाइरल हो गया, जिसके बाद उन्होंने कहा कि परिवार को बीच में घसीटने पर वह जवाब देने से हिचकिचायेंगे नहीं।

यह घटना अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण से पाकिस्तान के बाहर होने के बाद की है। पाकिस्तान को पहली बार विश्व कप खेल रहे अमेरिका ने हरा दिया और चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ जीत की दहलीज पर पहुंचकर टीम हार गई। सोशल मीडिया पर वाइरल हुए वीडियो में हारिस अपनी पत्नी के साथ पैदल जा रहे थे जब कुछ लोगों के समूह से टकरा गए। यह स्पष्ट नहीं है कि उनके और लोगों के बीच क्या बात हुई, लेकिन वे टीम के खराब प्रदर्शन के लिये कथित रूप से उन पर छींटाकशी कर रहे थे। रऊफ ने अचानक आपा खो दिया और उन लोगों के पीछे दौड़ते नजर आये।

फ्रांस ने ऑस्ट्रिया को 1-0 से हराया

डसेलडोर्फ, एजेंसी

मैक्सिमिलियन वोबर के आत्मघाती गोल की मदद से फ्रांस ने यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में ऑस्ट्रिया को 1-0 से पराजित किया लेकिन इस मैच में उसके स्टार स्ट्राइकर काइलिन एमबापे की नाक में चोट लग गई और उनका टूर्नामेंट में आगे खेलना संदिग्ध है। एमबापे ग्रुप डी के इस मैच के अंतिम क्षणों में गेंद पर नियंत्रण बनाने के प्रयास में ऑस्ट्रिया के केविन डांसो से टकरा गए। इससे उनकी नाक से खून बहने लगा और वह सूज गई। एमबापे को इस कारण मैदान छोड़ना पड़ा।

फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने एमबापे के आगे के मैचों में खेलने के संबंध में कहा कि अभी हमारे हाथ में कुछ नहीं है। अभी हमें यह पता नहीं है कि उनकी चोट कितनी गंभीर है। वह टूर्नामेंट में आगे खेल पाएंगे या नहीं अभी इसका जवाब मेरे पास नहीं है। फ्रांस के मिडफील्डर एनगोलो कांटे ने कहा कि एमबापे के चोटिल हो जाने से हम सभी चिंतित हैं। हमें पता नहीं है कि स्थिति अभी कैसी है। हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि चोट गंभीर न हो और वह बाकी टूर्नामेंट के लिए टीम में बने रहें। चोटिल होने से पहले एमबापे पर सभी की निगाह टिकी थी।

ऑस्ट्रिया ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन टीम को जीत दिलाने में उन्होंने अपनी भूमिका निभाई।। वोबर ने 38वें मिनट में एमबापे का शॉट रोकने के प्रयास में ही आत्मघाती गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। इससे डेसचैम्प्स ने फ्रांस का कोच रहते हुए जीत का शतक भी पूरा किया। फ्रांस ने अभी तक दो बार यूरोपीय चैंपियनशिप जीती है लेकिन उसे 2000 के बाद अपने पहले खिताब का इंतजार है। रोमानिया इस ग्रुप में शीर्ष पर है। उसने एक अन्य मैच में यूक्रेन को 3-0 से हराया जो उसकी यूरोपीय चैंपियनशिप में पिछले 24 वर्षों में पहली जीत है।

सीएसी ने गंभीर का साक्षात्कार लिया

नई दिल्ली, एजेंसी । भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर का मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच के पद के लिए साक्षात्कार लिया। यह साक्षात्कार 'जूम कॉल' पर हुआ, जिसमें गंभीर और अशोक मल्होत्रा दोनों ऑनलाइन शामिल हुए। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि हां, गंभीर सीएसी के साथ साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए। माना जा रहा है कि गंभीर एकमात्र उम्मीदवार हैं जो दावेदारी में हैं और उनके नाम की घोषणा महज औपचारिकता है जो अगले 48 घंटों में हो सकती है। सीएसी के अध्यक्ष मल्होत्रा और उनके सहयोगियों जतिन परांजपे और सुलक्षणा नाइक के साथ गंभीर की बातचीत के बारे में तुरंत पता नहीं चल पाया है। परांजपे और सुलक्षणा दोनों मुंबई में रहते हैं। माना जा रहा है कि चर्चा अगले तीन वर्षों के लिए गंभीर की रणनीति पर केंद्रित थी जिस दौरान विभिन्न प्रारूपों में तीन आईसीसी टूर्नामेंट होने हैं।

अजेय बढ़त बनाने उतरेगी टीम

बेंगलुरु, एजेंसी

पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बनाने की कोशिश करेगी। भारत ने पहले मैच में 143 रन से जीत दर्ज की लेकिन टीम कुछ खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर चिंतित होगी। भारत ने पहला मैच स्मृति मंधाना के शतक और स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत जीता। बल्लेबाजी में उसकी कुछ कमजोरियां खुलकर सामने आई।

भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा का वनडे में खराब प्रदर्शन है। उन्होंने वनडे में अपना आखिरी अर्धशतक 2022 में लगाया था। पिछले छह मैच में वह दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाई। उन्हें टीम ने जगह बनाए रखने के लिए बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला भी नहीं चल रहा है। 5 मैच में उन्होंने 14, 9, 5, 3 और 10 रन बनाए। चोट से उबर कर वापसी करने वाली शीर्ष क्रम की एक अन्य बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स भी प्रभावित करने में नाकाम रही।

इन सभी को मंधाना से सीख लेने की जरूरत है जिन्होंने वनडे में छठा शतक लगाया। उन्होंने फरवरी 2022 के बाद वनडे में सात अर्धशतक और दो शतक लगाए हैं। टीम को उनसे एक और बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गेंदबाजों में अपना पहला मैच खेल रही लेग स्पिनर आशा शोभना ने 21 रन देकर चार विकेट लिए लेकिन टीम प्रबंधन तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की फिटनेस को लेकर चिंतित होगा जो अफ्रीका की पारी के दौरान 18वें ओवर में मैदान छोड़कर चली गई थी।

मंधाना बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

दुबई। भारत की उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को जारी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम महिला एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दो पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। बाएं हाथ की सलामी बल्लेबाज मंधाना ने घरेलू मैदान पर अपना पहला शतक जड़ते हुए 117 रन की मैच विजयी पारी खेली और तीन मैचों की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका पर भारत की 143 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। मंधना के 715 अंक हैं और वह श्रीलंका की चामरी अटापट्टू से पीछे हैं जिन्होंने इंग्लैंड की नताली स्काइवर-ब्रंट को अपनी नंबर एक रैंकिंग गंवा दी थी। इंग्लैंड की ऑलराउंडर स्काइवर-ब्रंट ने पिछले महीने पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 124 रन की शानदार पारी खेलकर अपना नंबर एक स्थान फिर हासिल किया। भारत की सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 20वें स्थान पर पहुंच गई है जबकि पूजा वस्त्राकर तीन पायदान ऊपर 38वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में वस्त्राकर ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। यह 24 वर्षीय खिलाड़ी चार पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com. **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

युद्ध का समर्थन करने पर रूस ने की उ. कोरिया की प्रशंसा

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन में मॉस्को के युद्ध का 'दृढ़ता से समर्थन' करने के लिए उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन की प्रशंसा की है। पुतिन मंगलवार को जोंग-उन से मिलने प्योंगयांग पहुंचे। यह उनकी साल 2000 के बाद से पहली प्योंगयांग यात्रा है।

उत्तर कोरिया की सत्तारूढ़ पार्टी के मुखपत्र रोडोंग सिनमुन में छपे एक लेख में राष्ट्रपति पुतिन ने कहा है कि उन्होंने अमेरिकी दबाव, ब्लैकमेल और सैन्य धमकियों के बावजूद अपने हितों की रक्षा के लिए प्योंगयांग के प्रयासों का समर्थन करने का प्रण लिया है। पिछले साल पुतिन ने कहा था कि उत्तर कोरिया के साथ सैन्य सहयोग की संभावनाएं दिखाई देती हैं।

वरिष्ठ मंत्रियों से संसद की रणनीति पर हुई चर्चा

नयी दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर हुई बैठक में एनडीए गठबंधन के नेता हुए शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को संसद के आगामी सत्र के लिए सदन की रणनीति तैयार करने के लिए वरिष्ठ मंत्रियों की एक बैठक की अध्यक्षता की। इस सत्र में जहां नए लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा, वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अगले पांच साल के लिए एनडीए सरकार का दृष्टिकोण देश के सामने रखेंगी।

सिंह के आधिकारिक आवास पर हुई बैठक में केंद्रीय मंत्री एस जयशंकर, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, किरण रिजिजू और अन्नपूर्णा देवी शामिल हुए। राजग के सहयोगी दलों में जनता दल (यूनाइटेड) के राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के चिराग पासवान सहित अन्य नेता शामिल हुए। सिंह और पासवान केंद्रीय मंत्री हैं। समझा जाता है कि रक्षा मंत्री ने 27 जून को संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए राजग के घटक दलों समेत वरिष्ठ मंत्रियों से राय मांगी। अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से शुरू हो रहा है। इस दौरान नवनिर्वाचित सदस्यों का शपथ होगा और फिर 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। दोनों सदनों में 28 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।

लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होना है। इस पद की शक्तियां और गरिमा को देखते हुए एनडीए गठबंधन के अन्य दल भी इसकी मांग कर रहे हैं। वहीं 2024 के लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन की ताकत बढ़ने से वह भी इस पद पर अपना उम्मीदवार उतारने को लेकर तैयारी कर रहे हैं। आइए जानते हैं कि देश में लोकसभा अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया कैसी होती है।

अब तक के निर्वाचित लोकसभा अध्यक्ष

जी.वी. मावलंकर, एम.ए. अय्यंगर, सरदार हुकम सिंह, एन संजीव रेड्डी, जी एस ढिल्लों, बाली राम भगत, के. एस. हेगड़े, बलराम जाखड़, रवि राय, शिवराज वी पाटिल, पी.ए. संगमा, जी.एम बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी, मीरा कुमार, सुमित्रा महाजन, ओम बिरला।

कैसे होता है चुनाव

सत्ताधारी दल के सदस्य ही स्पीकर पद के लिए चुने जाते हैं। लोकसभा अध्यक्ष के लिए स्पीकर को सदन का सदस्य होना आवश्यक है। परंपरा के अनुसार सत्ताधारी पार्टी अन्य दलों के नेताओं के साथ विचार-विमर्श के बाद अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार की घोषणा करती है। इसके बाद संसदीय कार्य मंत्री या प्रधानमंत्री अध्यक्ष पद के लिए नाम का प्रस्ताव रखते हैं। फिर सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुन लिए जाते हैं।

कैसे हटाया जा सकता है

स्पीकर का कार्यकाल लगभग 5 साल का होता है। लोकसभा के भंग होने के बाद भी वह अपने पद पर बना रहता है। नियमों के मुताबिक, लोकसभा के भंग होने के बाद से अगली लोकसभा की पहली बैठक तक स्पीकर अपना पद खाली नहीं करेगा। हालांकि, स्पीकर के 5 साल से पहले ही हट जाने या हटाए जाने का प्रावधान संविधान में दिया हुआ है।

क्या होती हैं शक्तियां

लोकसभा अध्यक्ष सदन की बैठकों की अध्यक्षता करते हैं। उन पर सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से संचालित करने की जिम्मेदारी होती है। सदन के अध्यक्ष ही सदस्यों को बोलने की अनुमति देते हैं और उनके वक्तव्य का समय निर्धारित करते हैं। इसके अलावा अगर कोई सदस्य सदन की कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करता है तो अध्यक्ष उसकी सदस्यता भी निलंबित कर सकते हैं। किसी प्रस्ताव पर वोटिंग के समय भी स्पीकर की भूमिका बेहद अहम हो जाती है। अगर किसी विधेयक पर पक्ष और विपक्ष, दोनों ओर से समान संख्या में मत पड़ते हैं तो ऐसी स्थिति में लोकसभा स्पीकर के पास वोट करने का अधिकार होता है।

एक नजर

श्रीलंका की नौसेना ने 4 भारतीय मछुआरे पकड़े

कोलंबो। श्रीलंका की समुद्री सीमा में मंगलवार तड़के कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर श्रीलंकाई नौसेना ने चार भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौका जब्त कर ली। इस साल ऐसी गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 180 से अधिक हो गई है। श्रीलंकाई नौसेना ने कहा, भारतीयों द्वारा कथित रूप से मछली पकड़ने की हालिया घटना में मंगलवार तड़के जाफना प्रायद्वीप के उत्तरी डेल्फ्ट टापू के पास एक नौका जब्त कर ली तथा तथा चार मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया गया।

कुर्बानी के आरोप में 36 अहमदिया गिरफ्तार

लाहौर। पाकिस्तान में अहमदिया समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को ईद-उल-अजहा पर जानवरों की कुर्बानी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। समुदाय के एक नेता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अहमदिया समुदाय को देश में गैर-मुस्लिम घोषित किया गया है। देश में अल्पसंख्यक समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के पदाधिकारी आमिर महमूद ने एजेंसी को बताया कि समुदाय के कम से कम 36 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें से अधिकतर पंजाब प्रांत से हैं।

ईरान में अस्पताल में लगी आग, नौ मरीजों की मौत

तेहरान। ईरान के उत्तरी हिस्से में स्थित एक अस्पताल में आग लग गई, जिसमें नौ मरीज़ों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकारी टेलीविजन ने बताया कि राजधानी तेहरान से उत्तर-पश्चिम में लगभग 330 किलोमीटर दूर रश्त शहर के कायम अस्पताल में स्थानीय समयानुसार कल देर रात एक बजकर करीब तीस मिनट पर आग लग गई, जिसमें छह महिलाओं और तीन पुरुषों की मौत हो गई। शहर के अग्निशमन विभाग के प्रमुख शाहराम मोमेनी ने सरकारी टीवी पर कहा कि बेसमेंट में बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ था।

वियतनाम में भूस्खलन से चार की मौत

हनोई, एजेंसी। वियतनाम के उत्तरी प्रांत बाक कान में एक पहाड़ी ढलान पर भूस्खलन होने से मंगलवार को तड़के चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार एक परिवार के पांच लोग पैक नाम जिले में एक पहाड़ी पर स्थित घर में सो रहे थे। भूस्खलन ने घर को पूरी तरह से नष्ट कर दिया।

दलाई लामा से मिलेंगी नैंसी पेलोसी

अमेरिका के 6 सांसदों के डेलिगेशन के साथ दो दिवसीय भारत दौरे पर आईं

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका की पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी दो दिवसीय भारत दौरे पर दोपहर करीब साढ़े बारह बजे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा एयरपोर्ट पर लैंड हुईं। भारत के दौरे पर वह धर्मशाला में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से मुलाकात करेंगी। उनके साथ अमेरिका के 6 सांसदों का प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद है।

पेलोसी लंबे समय से तिब्बत की आजादी का समर्थन करती आई हैं। वह इससे पहले मई 2017 में भी दलाई लामा से मिलने भारत के दौरे पर आ चुकी हैं। तब चीन ने अमेरिका को तिब्बत मामले में दखल के खिलाफ चेतावनी दी थी। अमेरिका में 12 जून को तिब्बत से जुड़ा एक बिल पास किया गया था। इसमें कहा गया था कि अमेरिका दुनियाभर में तिब्बत को लेकर चीन के फैलाए गए झूठ का जवाब देगा। इस दौरान अमेरिकी अधिकारी चीन के तिब्बत को अपना हिस्सा बताने वाले दावों को भी खारिज करेंगे।

चीन और तिब्बत के बीच विवाद बरसों पुराना है। चीन कहता है कि तिब्बत तेरहवीं शताब्दी में चीन का हिस्सा रहा है इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। तिब्बत चीन के इस दावे को खारिज करता है। 1912 में तिब्बत के धर्मगुरु और 13वें दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया था।

कांगड़ा हवाई अड्डे पर पहुंचीं पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी।

उस समय चीन ने कोई आपत्ति नहीं जताई, लेकिन करीब 40 सालों बाद चीन में कम्युनिस्ट सरकार आ गई। इस सरकार की विस्तारवादी नीतियों के चलते 1950 में चीन ने हजारों सैनिकों के साथ तिब्बत पर हमला कर दिया। करीब 8 महीनों तक तिब्बत पर चीन का कब्जा चलता रहा।

आखिरकार 1951 में तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने 17 बिंदुओं वाले एक समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। इस समझौते के बाद तिब्बत आधिकारिक तौर पर चीन का हिस्सा बन गया। हालांकि दलाई लामा इस संधि को नहीं मानते हैं। उनका कहना है कि ये संधि दबाव बनाकर करवाई गई थी।

इस बीच तिब्बती लोगों में चीन के खिलाफ गुस्सा बढ़ने लगा। 1955 के बाद पूरे तिब्बत में चीन के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन होने लगे। इसी दौरान पहला विद्रोह हुआ जिसमें हजारों लोगों की जान गई। मार्च 1959 में खबर फैली कि चीन दलाई लामा को बंधक बनाने वाला है। इसके बाद हजारों की संख्या में लोग दलाई लामा के महल के बाहर जमा हो गए। आखिरकार एक सैनिक के वेश में दलाई लामा तिब्बत की राजधानी ल्हासा से भागकर भारत पहुंचे। भारत सरकार ने उन्हें शरण दी। चीन को ये बात पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 1962 के भारत-चीन युद्ध की एक बड़ी वजह ये भी थी।

पेलोसी के ताइवान जाने पर 24 लड़ाकू विमानों ने किया था एस्कॉर्ट

चीन हमेशा से ही तिब्बत का साथ देने के लिए अमेरिका का विरोध करता आया है। ऐसे में नैंसी पेलोसी का यह दौरा विवाद को और बढ़ा सकता है। पेलोसी वही अमेरिकी नेता हैं, जिनके 2022 में ताइवान जाने पर चीन ने जंग की धमकी दी थी। तब नैंसी के प्लेन को अमेरिकी नेवी और एयरफोर्स के 24 एडवांस्ड फाइटर जेट्स ने एस्कॉर्ट किया था। इस दौरान चीन ने ताइवान को चारों तरफ से घेरकर युद्धाभ्यास भी किया था। नैन्सी पेलोसी ने 2008 के अपनी धर्मशाला यात्रा के दौरान कहा था कि तिब्बत में मानवाधिकारों की रक्षा के लिए अमेरिका अपने अभियानों को जारी रखेगा। उन्होंने 2019 में संसद में द तिब्बत पॉलिसी एक्ट पास कराने में मदद की थी। इस एक्ट के जरिए अमेरिका तिब्बत की पहचान को बचाने के लिए आवाज उठाता है। पेलोसी की वजह से ही अमेरिका में दलाई लामा का कद बढ़ा है।

हमारे बारह फिल्म में आपत्तिजनक कुछ भी नहीं : हाईकोर्ट

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि उसने अभिनेता अन्नू कपूर अभिनीत 'हमारे बारह' फिल्म देखी और इसमें कुरान या मुस्लिम समुदाय के खिलाफ कुछ भी आपत्तिजनक नहीं पाया। अदालत ने इसके साथ ही कहा कि फिल्म वास्तव में महिलाओं के उत्थान के उद्देश्य से बनाई गई है। न्यायमूर्ति बी पी कोलाबावाला और फिरदौस पूनीवाला की पीठ ने कहा कि फिल्म का पहला ट्रेलर आपत्तिजनक था, लेकिन उसे हटा दिया गया है।

निखिल पर अमेरिका की अदालत में चलेगा मुकदमा

वाशिंगटन, एजेंसी

- सिख अलगाववादी की हत्या कराने की सुपारी देने का आरोपी है भारतीय नागरिक

अमेरिका में एक सिख अलगाववादी की सुपारी देकर हत्या कराने की साजिश में शामिल होने के आरोपी भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अब अमेरिका की एक अदालत में मुकदमे का सामना करना पड़ेगा। अटॉर्नी जनरल मेरिक गार्लैंड ने यह जानकारी देते हुए कहा कि देश अपने नागरिकों को नुकसान पहुंचाने की कोशिशों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

गुप्ता (53) को न्यूयॉर्क में खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में अमेरिका सरकार के अनुरोध पर 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। उसे गत 14 जून को अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था। गुप्ता के अटॉर्नी जेफ्री चाबरोवे के अनुसार, सोमवार को उसे मैनहट्टन संघीय अदालत में मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जेम्स कॉट के समक्ष पहली पेशी के तहत प्रस्तुत किया गया, जहां उसने खुद को बेगुनाह बताया।

पांच लाख अप्रवासियों को मिलेगी राहत

वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नागरिकता प्रदान करने को लेकर एक व्यापक कदम उठा रहे

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन चुनावी वर्ष में एक व्यापक कदम उठा रहे हैं। जिससे अब तक बिना किसी वैध स्थिति के देश में रह रहे लाखों अप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता मिलने का रास्ता साफ हो सकता है। इस कदम को महीने की शुरुआत में सीमा पर अपनायी गई आक्रामक नीति को संतुलित करने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। उनके आक्रामक रुख ने कई डेमोक्रेटिक सांसदों को नाराज कर दिया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने मंगलवार को घोषणा की कि बाइडन प्रशासन आने वाले महीनों में कानूनी स्थिति के बिना रह रहे अमेरिकी नागरिकों के कुछ जीवनसाथियों को स्थायी निवास और अंततः नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति देगा। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से पांच लाख से अधिक अप्रवासी लाभान्वित हो सकते हैं। नागरिकता प्राप्त करने के लिए, एक अप्रवासी सोमवार को पूरी हुई अवधि तक कम से कम 10 वर्षों से अमेरिका में रह रहा हो तथा उसका किसी अमेरिकी नागरिक से विवाह होना चाहिए। यदि किसी अर्हता प्राप्त अप्रवासी का आवेदन स्वीकृत हो जाता है, तो उसके पास ग्रीन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए तीन वर्ष का समय होगा।

थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को मिली मंजूरी

बैंकॉक, एजेंसी

थाईलैंड की नेशनल असेंबली के उच्च सदन सीनेट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाले एक विधेयक को मंगलवार को भारी बहुमत के साथ मंजूरी प्रदान कर दी। इसके साथ ही थाईलैंड दक्षिण-पूर्वी एशिया में ऐसा कानून लागू करने वाला पहला देश बन गया है।

सीनेट में विधेयक पर हुए मतदान के दौरान 152 सदस्य मौजूद थे, जिनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया जबकि चार सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। सीनेट के 18 सदस्यों ने मतदान की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लिया। ताइवान और नेपाल के बाद थाईलैंड, समलैंगिक विवाह को अनुमति देने वाला एशिया का तीसरा देश बन जाएगा।

पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन पर चलेगा मुकदमा

बैंकॉक, एजेंसी। थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री थकसिन शिनावात्रा पर राजतंत्र को बदनाम करने के आरोप में मंगलवार को औपचारिक रूप से अभियोग दर्ज किया गया। इसके साथ ही इस तरह के बढ़ते अदालती मामलों ने थाईलैंड की राजनीति में अस्थिरता पैदा कर दी है। अटॉर्नी जनरल कार्यालय के प्रवक्ता प्रयुथ बेजरागुना ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि थकसिन ने सुबह नौ बजे से कुछ मिनट पहले अभियोजकों के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अभियोग प्रक्रिया पूरी की गई।

प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आगे रहना चाहिए

नयी दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने मंगलवार को अपने अमेरिकी समकक्ष जेक सुलिवन की उपस्थिति में कहा कि भारत और अमेरिका को बड़े रणनीतिक हित के हिस्से के तहत महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के विकास में सबसे आगे रहना चाहिए। डोभाल की यह टिप्पणी उनके और सुलिवन द्वारा कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर, महत्वपूर्ण खनिज, उन्नत दूरसंचार और रक्षा क्षेत्र के क्षेत्रों में भारत-अमेरिका सहयोग को गहरा करने के लिए परिवर्तनकारी पहलों का अनावरण करने के एक दिन बाद आई है।

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित आईसीईटी (महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका की पहल) पर केंद्रित उद्योग से जुड़े गोलमेज सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा आईसीईटी को मई 2022 में महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में भारत और अमेरिका के बीच अधिक सहयोग बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया था।

अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का अनोखा रिश्ता

वाशिंगटन, एजेंसी। दुनिया के दो सबसे पुराने व सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अमेरिका और भारत के बीच दोस्ती का एक अनूठा रिश्ता है तथा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन का भारत दौरा सुरक्षित तथा अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के निर्माण के लिए इस साझेदारी को और गहरा करेगा। व्हाइट हाउस ने यह बात कही। सुलिवन 17 से 18 जून तक नयी दिल्ली की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सरकार बनने के बाद जो बाइडन प्रशासन के किसी वरिष्ठ अधिकारी की यह पहली भारत यात्रा है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा संचार सलाहकार जॉन किर्बी ने सोमवार को संवाददाताओं से कहा, सुलिवन का दौरा दोनों देशों के बीच साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाएगा ताकि सुरक्षित और अधिक समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का निर्माण हो सके। किर्बी ने कहा कि सुलिवन नयी दिल्ली में अमेरिका-इंडिया इनीशियेटिव ऑन क्रिटिकल एंड इमर्जिंग टेक्नोलॉजी की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस पहल को आईसीईटी के नाम से भी जाना जाता है।

पाकिस्तान में ऊंट का पैर काटा, छह लोग गिरफ्तार

कराची, एजेंसी

- वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से मंगवा रहे कृत्रिम पैर

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में चारे की तलाश में एक खेत में घुसे ऊंट का पैर काटने के आरोप में जमींदार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना से स्तब्ध शीर्ष राजनेता ऊंट के लिए अब दुबई से कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

पिछले सप्ताहांत संघर जिले के मुंड जमराव गांव में ऊंट का दाहिना पैर काटने के बाद कटे हुए पैर को हाथ में लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किये जाने के बाद रुस्तम शार और उसके पांच नौकरों को गिरफ्तार किया गया। पशु अधिकार संगठनों तथा लोगों ने इस क्रूर कृत्य के लिए कार्रवाई की मांग की। ऊंट के मालिक और किसान सूमर बेहान ने पुलिस को मामले की सूचना नहीं दी लेकिन मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने उनसे संपर्क किया।

सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह के निर्देश पर आश्रय स्थल का दौरा करने के बाद पशुधन सचिव काजिम जाटो ने कहा ऊंट को कराची स्थित व्यापक आपदा प्रतिक्रिया सेवा पशु आश्रय स्थल ले जाया गया। सचिव ने बताया कि सिंध सरकार ने ऊंट के इलाज का खर्च उठाने का वादा किया है और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी दुबई से ऊंट के लिए कृत्रिम पैर की व्यवस्था कर रहे हैं।

बॉलीवुड हलचल

28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी शर्माजी की बेटी

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप निर्देशित पहली फिल्म शर्माजी की बेटी 28 जून से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। शर्माजी की बेटी का प्रीमियर पिछले साल जियो मामी फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। अब इसके मेकर्स ने फिल्म के ग्लोबल प्रीमियर का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म के साथ आयुष्मान खुराना की पत्नी ताहिरा कश्यप ने निर्देशन में अपना डेब्यू किया था। इस फिल्म में सैयामी खेर, साक्षी तंवर और दिव्या दत्त ने अहम भूमिका निभायी थी। इस फिल्म को दर्शकों और क्रिटिक्स से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला था। अब शर्माजी की बेटी को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है। 28 जून को प्राइम वीडियो पर शर्माजी की बेटी स्ट्रीम होने वाली है। अप्लॉस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत और एलिप्सिस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन में बनीं फिल्म शर्माजी की बेटी को ताहिरा कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। शर्माजी की बेटी पांच महिलाओं की लाइफ पर आधारित है। अरिस्ता मेहता, शारिब हाशमी, परवीन और वंशिका तपारिया भी इस फिल्म में नजर आएंगी।

जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में शूटिंग करेंगे

मुंबई, एजेंसी। मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर और जान्हवी कपूर थाईलैंड में देवरा के लिए मेलोडी की शूटिंग करेंगे। इस साल की सबसे प्रतीक्षित भारतीय फिल्मों में से एक, देवरा : पार्ट 1 सिनेप्रेमियों के बीच उत्साह पैदा कर रही है। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर थाईलैंड के सुरम्य स्थानों में एक मधुर गीत की शूटिंग करेंगे। हाल ही में, एनटीआर जूनियर को भारी बारिश सहित चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति में सैफ अली खान के साथ एक गहन एक्शन सीक्वेंस पूरा करने के बाद गोवा से लौटते हुए देखा गया था। यह एनटीआर जूनियर और जान्हवी कपूर के बीच पहली बार ऑन-स्क्रीन सहयोग है। देवरा 27 सितंबर 2024 को पांच भाषाओं में रिलीज होने वाली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, देवरा दो भागों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा निर्मित है, और नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत की गई है।

6 दिसंबर को रिलीज होगी अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2

मुंबई, एजेंसी। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आने वाली फिल्म पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द राइज ने बॉक्स-ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। अब इस फिल्म का सीक्वल पुष्पा : द रूल बनाया जा रहा है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा : द रूल पहले 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी। कई दिनों से ऐसी खबरें आ रही थी कि फिल्म का काफी काम अब तक पूरा नहीं हुआ है। अब फिल्म की नई रिलीज डेट आ गई है। अल्लू अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर शेयर कर पुष्पा : द रूल की नयी रिलीज डेट बतायी है। पुष्पा : द रूल 06 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

खगोल विज्ञान एक तारे की मृत्यु का अवशेष है यह सुंदर निहारिका

1054 में हुई थी अद्भुत क्रैब नेबुला की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : क्रैब नेबुला आसमान में नजर आने वाली सुंदर निहारिकाओं में निहायती खास जगह रखती है। अब इसके अतीत रहस्य छंटने शुरू हो गए हैं। यह मर चुके एक तारे का अवशेष है। इसकी उत्पत्ति 1054 में हुई थी।

क्रैब नेबुला वैज्ञानिकों व ब्रह्मांड में दिलचस्पी रखने वालों के आकर्षण के घेरे में रही है। इसके बारे में जानने को हर कोई जिज्ञासा रखता था, लेकिन अब यह कुहासा छटना शुरू हो गया है। नई जानकारी के मुताबिक इसके अतीत को समझने के लिए वैज्ञानिकों को जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप का सहारा लेना पड़ा। जिससे क्रैब नेबुला की उत्पत्ति की नई जानकारी सामने आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार 6,500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित क्रैब नेबुला एक सुपरनोवा का अवशेष है। सुपरनोवा विस्फोट 1054 ईसवी में हुआ था। यह भयानक विस्फोट था। जिसका प्रकाश दिन के उजाले में भी पृथ्वी से देखा गया था। अब यह गैस और धूल का एक फैलता हुआ आवरण है, और एक पल्सर द्वारा संचालित बाहर की ओर बहने वाली हवा है। क्रैब नेबुला असामान्य निहारिका है। इसकी संरचना ने सूपरनोवा विस्फोट की ऊर्जा ने खगोलविदों को यह सोचने के लिए प्रेरित किया था कि यह एक इलेक्ट्रॉन-कैप्चर सुपरनोवा था, जो एक दुर्लभ प्रकार का विस्फोट होता है। इसमें ऑक्सीजन, नियॉन और मैग्नीशियम से बना कम विकसित कोर होता है। वेब टेलीस्कोप अपनी संवेदनशील अवरक्त क्षमताओं के साथ इसके रहस्य उजागर कर रहा है। बहुत जल्द क्रैब के कुछ अन्य राज सामने आने की संभावना जताई गई है।

वेब टेलिस्कोप द्वारा ली गई क्रैब नेबुला की आकर्षक तस्वीर।

अद्भुत है क्रैब नेबुला

नैनीताल : क्रैब नेबुला वास्तव में अद्भुत निहारिका है, जो केकड़े की आकृति के समान नजर आती है। अपनेआप में कई रंगों को समेटे हुए है, जो वृषव राशि मे स्थित है। तारों की मृत्यु को लेकर शोध करने वाले वैज्ञानिकों का यह प्रमुख आकर्षण है। अभी तक सैंकड़ों शोध इसपर हो चुके हैं। अंतरिक्ष दूरबीन वेब इसके भविष्य पर प्रकाश डालेगी।